


देश के हर घर में जली श्री राज ज्योति, अयोध्या में 10 लाख दीए जले

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



मंदिर के ऊपर पुष्प वर्षा करता हेलीकॉप्टर


haribhoomi.com  भोपाल, मंगलवार 23 जनवरी 2024







## श्री रामचंद्रम शरणं प्रपद्ये



### आए मोरे रामलला : श्री रामलला की दिव्य प्रतिमा की अभिजीत मुहूर्त में मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा, इस दौरान मंदिर पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई

# पायो जी हमने... 'राम' रतन धन पायो...

**प्रधानमंत्री ने कहा**

राम भारत की प्रतिष्ठा और शान
यह राम के रूप में राष्ट्रीय चेतना का मंदिर
राम भारत की आस्था हैं
राम भारत की नींव हैं
राम भारत का विचार हैं
राम भारत का कानून हैं
राम भारत की प्रतिष्ठा हैं
राम भारत की शान हैं
राम नेति हैं
राम ही नीति हैं
राम शाश्वत हैं

1 » करीब 8 हजार विशिष्ट लोगों, जिनमें 150 ऋषि परंपरा के साधु-संत भी शामिल थे, समारोह के साक्षी बने

2 » पीएम मोदी ने 'साष्टांग दंडवत' होकर रामलला का लिया आशीर्वाद, महंत नृत्य गोपाल दास के छुए पैर

### उमा भारती और साध्वी ऋतंभरा हुईं भावुक, आंखों से निकले आंसू

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सिर्फ पांच विशिष्ट जन ही उपस्थित थे। इनमें पीएम मोदी, संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और रामजन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास शामिल थे।



रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज के हाथों से चरणामृत ग्रहण कर पीएम नरेंद्र मोदी ने 11 दिन का कठोर उपवास पूरा किया



### आज से आम जनता के लिए खुल जाएगा मंदिर

सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक

दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक

श्रृंगार आरती का समय सुबह 6:30 बजे का होगा। इस आरती में शामिल होने के लिए एक दिन पहले बुकिंग करवानी होगी। इसी तरह संध्या आरती का समय शाम 7 बजे का रखा गया है। इसकी बुकिंग दर्शन के दिन ही की जा सकती है।

### गोविंद देव गिरी ने कहा- पीएम 'राजर्षि'

गोविंददेव गिरी महाराज ने कहा कि पीएम मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अपने को सिद्ध करने के लिए पूरी नियमावली का पालन किया। इसके साथ ही उन्होंने पीएम मोदी को राजर्षि की उपाधि दी। हमने 3 दिन के लिए भू-शयन और अन्न त्याग को कहा था। पर उन्होंने 11 दिन का पालन किया।

एजेंसी » अयोध्या

500 साल बाद शुभ घड़ी आ गई। पूरे विधि-विधान से भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रामलला के मंदिर में गर्भगृह में पूजा कर रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की। शुभ मुहूर्त में प्रतिष्ठा संपन्न होने के करीब आधे घंटे तक पीएम मोदी रामलला के गर्भगृह में रहे और पूजन अर्चन किया।

उन्होंने रामलला के नए विग्रह को कमल के फूल चढ़ाए और आरती उतारी। इसी के साथ उन्होंने चरणामृत पीकर अपने 11 दिन का कठोर व्रत तोड़ा। इस दौरान पीएम पारंपरिक पोशाक पहने हुए थे। वे रामलला के वस्त्र व उनका छत्र हाथ में लेकर पांच मंडपों को पैदल पार कर गर्भगृह में पहुंचे। वहां शुभ मुहूर्त में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई। बाद में उन्हें वहां उपस्थित संतों ने आशीर्वाद » शेष पेज 4 पर



अपने संबोधन में पीएम मोदी तीन बार भावुक हुए, उनका गला रुंध गया। पहली बार जब उन्होंने कहा कि अब हमारे रामलला टेंट में नहीं रहेंगे। दूसरी बार जब उन्होंने भगवान राम से क्षमा याचना की। तीसरी बार जब उन्होंने माता शबरी का जिक्र किया।




**भगवान राम से क्षमा मांगते हुए पीएम ने कहा**

## पुरुषार्थ, त्याग और तपस्या में कुछ तो कमी रही होगी

### क्योंकि 500 साल बाद प्रभु राम लौटे

मोदी ने कहा कि वह आज भगवान श्रीराम से क्षमा मांगते हैं। हमारे पुरुषार्थ, त्याग और तपस्या में कुछ तो कमी रही होगी जो हम इतनी सदियों तक मंदिर बनाने का ये काम नहीं कर पाए। आज वो कमी पूरी हो गई है। मुझे विश्वास है कि प्रभु श्रीराम आज हमें अवश्य क्षमा करेंगे। पहले 14 वर्ष बाद ही प्रभुराम लौट आए थे। इस कालखंड में वे 500 साल बाद लौटे। पीएम मोदी ने कहा कि आज जो 500 सालों बाद रामभक्तों को राम मंदिर मिला है। ये काल के चक्र पर अमिट रेखाएं हैं। माता जानकी, भरत, लक्ष्मण सबको प्रणाम करते हैं। उन्होंने कहा कि वह गर्भगृह में साक्षी बनकर आपके सामने खड़े हैं। अब हमारे रामलला टेंट में नहीं रहेंगे। रामलला अब दिव्य मंदिर में रहेंगे। ये क्षण उनके लिए आलौकिक है। ये क्षण पवित्र है। प्रभु राम का हम सबपर आशीर्वाद है।



ग्वारीघाट में 51 हजार दीप जलाए

*जबलपुर। संस्कारधानी में मंदिरों में जहां विशेष साजसज्जा हुई। दिन भर धार्मिक अनुष्ठान किए गए। वहीं शाम को ग्वारीघाट में 51 हजार दीपों से मां नर्मदा का अद्भुत श्रृंगार किया गया।*

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



मंडलेश्वर में 31 हजार दीपों से मां नर्मदा का श्रृंगार

*मंडलेश्वर। भगवान राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मंडलेश्वर के नर्मदा घाट पर देखने को मिला। यहां शाम को नर्मदा तट को 31 हजार दीपकों से जगमग किया गया।*

haribhoomi com भोपाल, मंगलवार 23 जनवरी 2024





## श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर लहराए केसरिया ध्वज

## प्रदेश के हर गली, हर मोहल्ले और हर मंदिर व घरों में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ व भंडारे

# देश के 'दिल' में 'अवध'

## प्रदेश में मनाई गई राम दिवाली, हर घर में जली 'राम ज्योति', आतिशबाजी हुई

सीएम डॉ. मोहन यादव ओरछा के राम राजा सरकार के दरबार में पहुंचे, वहीं कहा कि जल्दी ही पूरी कैबिनेट समेत वे श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे

22 जनवरी को पूरा मप्र अवध बन गया। ऐसी दीप ज्योतियां, ऐसी आतिशबाजी और इतनी जगह सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ व भंडारे हुए कि लगा कि ये अवध की ही धरा है

### ओरछा में राम राजा सरकार मंदिर में 5100 मिट्टी के दीपक जलाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

22 जनवरी को पूरा मप्र अवध बन गया। ऐसी दीप ज्योतियां, ऐसी आतिशबाजी और इतनी जगह सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ व भंडारे हुए कि लगा कि ये अवध की ही धरा है।

श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर हर जगह केसरिया ध्वज लहराए। नदियों के किनारे व घरों में मिट्टी के इतने दीप जले कि दिवाली पीछे चली गई। यह महा-दिवाली ही थी। इस मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव ओरछा के राम राजा सरकार के दरबार में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे, वहीं कहा कि जल्दी ही पूरी कैबिनेट समेत वे श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे।



सीएम ने रामराजा लोक के मॉडल का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री रामराजा सरकार मंदिर ओरछा में आचार्य पं. वीरेंद्र बिदुआ और उनके सहयोगियों के श्लोक एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। डॉ. यादव ने आदित्यादि नवग्रह मंडलम पीठ, सर्वोत्तोभद्र मंडलम पीठ, गणेश गौरी पीठ, षोडष मातृका पीठ का विधि पूजन किया। भगवान श्री राम के चित्र पर पुष्प अर्पण करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ आरती भी की। पूजा संपन्न होने के बाद भजन गायिका सुश्री माधुरी मधुकर ने भगवान राम पर आधारित भजन प्रस्तुत किए। पूजन संपन्न कराने वाले आचार्य बिदुआ ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का पुष्पहार से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री राम से मध्यप्रदेश की समृद्धि और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मंदिर परिसर में ही उन्होंने रामराजा लोक के मॉडल का अवलोकन किया तथा उसकी प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



### भंडारे में भोजन प्रसादी परोसी, खुद भी प्रसाद ग्रहण किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओरछा के रामराजा सरकार के दरबार में आयोजित भंडारे में महिला श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी परोसी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के हाथों से प्रसाद पाकर राम भक्त महिला श्रद्धालुओं ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। श्रद्धालु श्रीमती सविता एवं सरोजनी ने कहा कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अपने मुख्यमंत्री के हाथों प्रसादी पाना वे अपना सौभाग्य मानती हैं। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ श्री रामराजा दरबार में चल रहे भंडारे में शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।

## मुख्यमंत्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान कार्यक्रम में भी हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पुनीत दिवस का आरंभ तुलसी मानस प्रतिष्ठान स्थित श्री सिद्ध रघुनाथ मंदिर में साफ-सफाई तथा सेवा करने के बाद पूजा-अर्चना के साथ किया। मानस प्रतिष्ठान के संयोजक रघुनंदन शर्मा तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने मानस प्रतिष्ठान में मीडिया के साथियों से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहे भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से भारतवंशी उत्साह में हैं। देश के साथ-साथ संपूर्ण विश्व का वातावरण राममय हो गया है। डॉ. यादव ने कहा कि भारत के लिए आज का दिन बहुत सौभाग्य का दिन है। प्रधानमंत्री मोदी के माध्यम से देश एक नए सांस्कृतिक अनुष्ठान की, एक नए पर्व की अंगड़ाई ले रहा है। इस अवसर के माध्यम से भारत अपनी अच्छाइयों को दुनिया में प्रदर्शित करे और मानवता की सेवा में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और आगे बढ़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के जिन-जिन देशों में भारतवंशी विराजमान हैं, उन सभी देशों में वातावरण राममय हो गया है। इंग्लैंड की संसद का दृश्य तो देखते ही बनता है। मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

### 500 से ज्यादा स्थानों पर राम मंदिर की प्रतिकृति बनाई


सुबह 5 बजे से ही मंदिर रोशन रहे। गली-गली मंदिर-मंदिर में राम नाम गूंजा। कलश यात्रा, शोभायात्रा में लोग थिरके। हार-फूलों से मंदिरों में देव प्रतिमाओं का श्रृंगार किया गया। फूल बंगले बनाए गए। 500 से ज्यादा स्थानों पर राम मंदिर की प्रतिकृति तैयार की गई

### इंदौर का राजवाड़ा और छप्पन बाजार भी दमका, खजराना में विशेष पूजा

खजराना गणेश मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। परिसर स्थित श्रीराम मंदिर में अखंड रामायण पाठ के बाद भव्य आरती और प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। 50 पंडितों द्वारा शंखनाद के साथ सुंदरकांड पाठ और 1.25 लाख राम नाम का जाप हुआ। शाम 6:30 से परिसर में 10 हजार दीपों का प्रज्वलन, शाम 7:30 बजे आर्कषक आतिशबाजी, श्रीराम मंदिर के भव्य स्वरूप की प्रतिकृति, श्री रामचरितमानस के प्रमुख प्रंसगों का सचित्र प्रदर्शन किया गया। वहीं मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, सुंदर कांड से लेकर मोहल्लों में श्रीराम कथा का आयोजन हुआ। बच्चों द्वारा घर-घर राम आधारित पेंटिंग बनाई गई। राजवाड़ा और छप्पन भी दमक उठा। पूरे इंदौर में लगभग 1 करोड़ दीप जले।

### जबलपुर में 21 चौराहों पर एक साथ शंखनाद हुआ

अयोध्या में रामलला के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर ने संस्कारधानी को पूरी तरह से राम भक्ति में रंग दिया। सुबह से ही मंदिरों से लेकर जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू हुआ जो लगातार चल रहा है। शहर के अलग-अलग इलाकों से लेकर मठ मंदिरों में पूजन अनुष्ठान शुरू हुआ और बड़ी स्क्रीन लगाकर अयोध्या में आयोजित रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गया। जबलपुर के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में तो 21 चौराहों पर एक साथ शंखनाद कर रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम शहर के आदि शंकराचार्य चौक पर आयोजित किया गया जहां प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### राम मय हुआ सीहोर का कुबेरेश्वरधाम...

### 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाए दीप

पूरा कुबेरेश्वरधाम राम मय हो गया है। सोमवार को विठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में यहां पर दोपहर में हजारों दीपों को प्रज्जवलित कर महाआरती की गई। वहीं, करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को समिति के पदाधिकारियों ने प्रसादी ग्रहण कराई। सुबह से ही यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और यहां पर स्थित बाबा की शिला का अभिषेक किया। भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार सुबह से ही यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को करीब पांच क्विंटल से अधिक हलवा की प्रसादी के अलावा 10 क्विंटल से अधिक आटे की चपाती, सब्जी और खिचड़ी आदि का वितरण किया गया। दोपहर 12 बजे के बाद अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरा हुआ तो यहां पर उत्साहित श्रद्धालुओं ने जोरदार आतिशबाजी और मिठाई का वितरण किया।

## बाबा महाकाल ने भगवान श्री रामचंद्र के स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिए

एक लाख दीयों से सजाया मंदिर परिसर, ड्रोन से बरसे फूल



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती से ही धूमधाम से यहां भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को मनाया गया। बाबा महाकाल ने भस्म आरती से भगवान श्री राम के स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिए। भोग आरती और संध्या आरती में भी बाबा महाकाल ने श्री राम के स्वरूप में ही भक्तों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। सुबह मंदिर परिसर में मनाए गए उत्सव के बाद शाम को भव्य दीपोत्सव की भी धूम दिखाई दी। यहां एक लाख दीपक मंदिर में प्रज्वलित किए गए। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा भगवान श्री महाकालेश्वर जी का भस्मार्ती में महापूजन कर श्रीराम को प्रिय खिरान्न का भोग लगाया गया था। भगवान श्रीराम का संकीर्तन व शिवराम स्तुति की गई।

### ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में हुए विशेष आयोजन



ज्योतिर्लिंग नगरी में ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम किए। मंदिर गर्भग्रह को सुगंधित फूलों से सजाया गया। ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर का आकर्षक श्रंगार किया गया। भगवान ओंकारेश्वर जी की पंचमुखी प्रतिमा फुलों से सुसज्जित पालकी में सवार हो कर पौराणिक कोटितीर्थ घाट पहुंची। यहां पर भगवान भोलेनाथ का वैदिक ब्राह्मणों द्वारा पंचामृत अभिषेक कर पालकी को नौकाविहार कराया गया।

### मां नर्मदा का सेठानी घाट 11 हजार दीपों की रोशनी से जगमग हो उठा



पूरी नर्मदा नगरी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की भक्ति में सोमवार को डूबी नजर आईं। घर-घर भगवा ध्वज लहराए। श्रद्धालुओं ने मंदिरों के साथ घरों में भी आकर्षक विद्युत सज्जा की। शाम होते आतिशबाजी कर दीपोत्सव मनाया गया। सुंदरकांड, रामधुन के साथ शोभायात्राएं निकाली गईं। शहर की गलियां भगवा रंग में रंगी नजर आईं। बच्चे, बुजुर्ग, युवा, महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। पूरे शहर में दीपोत्सव मनाया गया।

### प्राचीन राम मंदिर में राम महा-आरती



पवित्र नगरी मुलताई राममयी दिखाई दी। संपूर्ण ताप्ती तट, राम मंदिर, ताप्ती मंदिर, लक्ष्मी नारायण सहित दर्जनों मंदिरों पर विशेष लाइटिंग व्यवस्था की गई है। संपूर्ण तटो को दीपों से सजा दिया गया है। ताप्ती तट पर स्थिति अत्यंत प्राचीन और प्रसिद्ध राम मंदिर में विशेष राम महा आरती का आयोजन किया गया। नागदेव मंदिर प्रांगण में दिव्य श्री राम कथा भावोत्सव का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

भोपाल
मंगलवार, 23 जनवरी 2024
पौस मास शुक्ल पक्ष- 13
वर्ष : 10, अंक : 307
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **
मौसम
अधि. 29
न्यूज़. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com



सुभाषचंद्र बोस जयंती
आज




देश के विशिष्टजन बने साक्षी



**पीएम ने दी नसीहतें : विपक्ष से कहा कि वे आज उन लोगों से आह्वान करेंगे कि महसूस कीजिए और अपनी सोच पर पुनर्विचार कीजिए**

पीएम ने कहा कि राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं। राम वर्तमान नहीं, अनंत काल हैं। ये मंदिर महज देव मंदिर नहीं, भारत की दृष्टि-दर्शन का मंदिर है।

# विपक्ष के यह कहने पर कि राम मंदिर बना तो 'आग' लग जाएगी... मोदी ने कहा-राम आग नहीं, ऊर्जा हैं

- *इस मंदिर का निर्माण भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का भी प्रतीक*
- *हमें संकल्प लेना है कि हम राष्ट्र निर्माण के लिए अपने जीवन का पल-पल लगा देंगे*


एजेंसी ▶▶ अयोध्या

पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या से देश को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बनेगा तो आग लग जाएगी। मोदी ने कहा कि राम आग नहीं, ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं। राम वर्तमान नहीं, अनंत काल हैं। ये मंदिर महज देव मंदिर नहीं, भारत की दृष्टि-दर्शन का मंदिर है।

राम भारत का विचार-विधान है। ऐसे लोग भारत के सामाजिक भाव की पवित्रता नहीं जान पाए। उनका पक्का विश्वास और अपार श्रद्धा है कि जो घटित हुआ है, इसकी अनुभूति देश के, विश्व के कोने-कोने में रामभक्तों को हो रही होगी। ये क्षण आलौकिक है, ये पल पवित्रतम है। मोदी ने कहा कि वे आज उन लोगों से आह्वान करेंगे कि महसूस कीजिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

संघ प्रमुख डॉ. भागवत की अपील

## अब हमें आपसी कलह को मिटाकर आगे बढ़ना होगा



संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि अब दोबारा राम जी अपने घर वापस आए हैं। अब हमें आपसी कलह को मिटाकर आगे बढ़ना होगा। अयोध्या में कोई कलह नहीं है। छोटे विवादों को पीछे छोड़ना पड़ेगा।

**कुछ लोगों के यह कहने पर कि मैं तो छोटा हूं, मैं क्या कर सकता हूं?**

## पीएम ने कहा- ऐसे लोग रामकथा में 'गिलहरी' के योगदान को देखें

पीएम ने कहा कि हमें अपने अंतःकरण को विस्तार देना होगा। हर भारतीय में भक्ति, सेवा और समर्पण के भाव भारत का आधार बनेगा। यही तो है राम से राष्ट्रीय चेतना का विस्तार। आज देश में निराशा की कोई जगह नहीं है। मैं छोटा हूं, अगर ये कोई सोचता है तो उसे गिलहरी को याद कर लेना चाहिए। छोटे प्रयासों में बड़ी सफलता छिपी होती है। रावण ज्ञानी था, बलवान था, लेकिन जटायु उससे भिड़ गए थे। जटायु को पता था कि वो जीत नहीं पाएंगे, लेकिन फिर भी वह रावण से भिड़ गए थे। हमें संकल्प ▶▶ शेष पेज 4 पर



**संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा**

## पीएम पहले से ही तपस्वी, अब हम सब चार शपथ लें

*संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि पीएम मोदी पहले से ही तपस्वी हैं। वे पहले भी कठोर व्रत करते रहे हैं। उन्होंने तो कठोर व्रत किया तो हमें अब क्या करना चाहिए। हमें सत्य, करुणा, शुचिता व तप की शपथ लेनी चाहिए। अब दोबारा राम जी अपने घर वापस आए हैं। अब हमें आपसी कलह को मिटाकर आगे बढ़ना होगा। अयोध्या में कोई कलह नहीं है। छोटे-छोटे विवादों को पीछे छोड़ना पड़ेगा। हमें अपने को संयम में रखना होगा। उस धर्म स्थापना को अपने आचरण से अपने देश मे उत्पन्न करना ये अपना कर्तव्य बनता है। राम राज्य के नागरिक कैसे थे ? वे निरदंभ, प्रामाणिकता से व्यवहार करने वाले, धर्मरथ थे।*

**मूर्तिकार अरुण योगीराज ने कहा**

## धरती पर मैं सबसे भाग्यशाली व्यक्ति



मूर्तिकार अरुण योगीराज ने खुद को दुनिया का सबसे भाग्यशाली व्यक्ति बताया है। मेरे पूर्वजों, परिवार के सदस्यों और भगवान राम का आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहा है। कभी-कभी मुझे ऐसा लगता है, जैसे मैं सपनों की दुनिया में हूं।

**राम मंदिर का निर्माण करने वाले श्रमिकों पर पीएम मोदी ने बरसाए फूल**

# प्रभु राम की कृपा से आज हम यहां तक पहुंचे आपने राम मंदिर को बेहद ही 'भव्य' बनाया

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों पर फूल बरसाए। उन्होंने सभी श्रमिकों से मुलाकात करते हुए कहा कि आपने एक ऐसा काम किया है, जिसका कई सदियों से इंतजार किया जा रहा था। आपने राम मंदिर को बेहद ही भव्य बनाया है। आप सभी की प्रशंसा पूरा सनातन समाज कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आप सभी श्रमजीवियों के साथ पूरे देश और समाज की शुभकामनाएं हैं और आशीर्वाद है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपने इतने कम समय में इतना भव्य मंदिर बनाया है, यह बेहद ही अद्भुत कार्य है। उन्होंने श्रमिकों से कहा कि अब हमें इस काम की गति को और भी बढ़ाना है लेकिन बेध ही सावधानी के साथ। यह मंदिर अपने आप में ही एक इतिहास है और इसे संवारने का काम श्रमिकों ने किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों से बात करते हुए कहा कि प्रभु राम की कृपा से आज हम यहां तक पहुंचे हैं और अब हमें इस कार्य की गति और भी बढ़ाना है और राम मंदिर के निर्माण को पूरा करना है।



**राम मंदिर से लौटते ही पीएम मोदी का बड़ा ऐलान**

प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा

# एक करोड़ घरों पर लगेगा सोलर पैनल... कई तस्वीरें भी शेयर की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत देशभर में एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगवाए जाएंगे। अयोध्या के राम मंदिर में अभूतपूर्व आयोजन के बाद दिल्ली लौटते ही पीएम मोदी ने पहले बड़े फैसले की जानकारी सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीबों के घरों को रोशन करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगवाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, उन्होंने अपने संकल्प का जिक्र करते हुए





पीएम ने अपने घर पर राम ज्योति प्रज्वलित की

भारतवासियों के घरों की छतों पर निजी सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो, ऐसा संकल्प लिया है।

पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना से गरीब और मध्यम वर्ग के घरों में बिजली बिल का भार घटेगा।

## सूर्यवंशी राम की प्रेरणा से फैसला

पीएम मोदी ने अयोध्या से लौटने का जिक्र करते हुए सोमवार शाम 6.24 बजे एक्स पर लिखा कि सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से दुनियाभर के भक्तों को ऊर्जा मिलती है। सोलर रूफ टॉप सिस्टम से दूसरे बिजली श्रोत पर निर्भरता तेजी से घटेगी। पीएम ने एक अन्य एक्स पोस्ट में देशवासियों से अपने-अपने घरों में रामज्योति प्रज्वलित कर भगवान राम का स्वागत करने की अपील की। अनुष्ठान वाली वीडियो भी शेयर की।

**दो लाख 70 हजार मीट्रिक टन ग्रेनाइट पत्थर की गिट्टी लगी**

4 साल में करीब 10 हजार 800 ट्रकों से भरकर इसे भेजा गया

# रामलला मंदिर की नींव में लगी है छतरपुर के ग्रेनाइट की गिट्टी

हरि अग्रहरि ▶▶ भोपाल

अलग खबर

भगवान रामलला अयोध्या में बने भव्य व विशाल मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में विराजित हो गए। मंदिर के निर्माण में अलग-अलग राज्यों के पत्थर, लकड़ी आदि लगाए गए हैं। किंतु कम ही लोगों को पता है कि इस मंदिर के निर्माण में अपने मप्र से भी उच्च क्वालिटी का दो लाख 70 हजार मीट्रिक टन ग्रेनाइट पत्थर भी लगा है। इसे करीब 10 हजार 800 ट्रकों में भरकर काफी कम समय करीब 4 महीने में कोरोना काल में अयोध्या धाम भेजा गया। इस पत्थर की गिट्टी को मंदिर के फाउंडेशन में लगाया गया है। दरअसल, राम मंदिर प्रबंधन ने देश भर के प्रमुख पत्थर खदानों की सैंपलिंग कराई थी। इसमें छतरपुर जिले के गिदवारा व प्रकाश बम्होरी खदान का ग्रेनाइट पत्थर सबसे मजबूत पाया गया। इसके बाद ही यहां के पत्थर को मंदिर के फाउंडेशन में लगाने का निर्णय हुआ। इस कार्य को चूंकि राम मंदिर ट्रस्ट के प्रभारी नृपेंद्र मिश्रा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**हजार साल तक यह पत्थर रहेगा सेफ**



खनिज विभाग के उप संचालक अमित मिश्रा 'हरिभूमि' को बताते हैं कि कोरोना काल के दौरान करीब चार महीने में अर्जेंट रूप से हजारों ट्रकों में ग्रेनाइट पत्थर भरकर रवाना किया गया। यह उनके लिए उत्साह के साथ बड़ी चुनौती से कम नहीं था। सभी ने रात दिन एक करके पत्थर की सप्लाई की और आज उसी पत्थर के फाउंडेशन पर भगवान रामलला का भव्य व विशाल मंदिर खड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि छतरपुर के ग्रेनाइट पत्थर की हार्डनेस अन्य राज्यों के पत्थर से सबसे अधिक पाई गई। छतरपुर व आसपास में पत्थर निकलने की एशिया की ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सपने के पूरा होते ही आंसू नहीं रोक पाई दोनों साध्वी**

# ऋतंभरा और उमा भारती गले लगकर खूब रोईं



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

जब जीवन का सबसे बड़ा सपना पूरा होता है तो उसकी खुशी को बयां करने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख चेहरों में शुमार रहीं साध्वी ऋतंभरा और उमा भारती भी भव्य राम मंदिर को अपनी आंखों के सामने देख अपने आंसू नहीं रोक पाई और दोनों नेता गले लगकर खूब रोईं। दोनों की तस्वीरें सामने आई हैं। इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बने साधु संत, महंत, अभिनेता भी भावुक होकर अपने आंसू पोंछते नजर आए।

श्री राम लला
प्राण प्रतिष्ठा समारोह

अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा

समारोह देखने पलक पांवडे बिछाए रखे थे भक्त

# कंचन कलस बिचित्र संवारे। सबहिं धरे सजि निज निज द्वारे।।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को देखने के लिए भक्त पलक पांवडे बिछाए हुए थे। भक्त उस अद्भुत पल का इंतजार जब भगवान के दर्शन होंगे। उनकी खुशी ऐसी प्रतीत हो रही थी, जब वनवास खत्म कर भगवान अयोध्या आए थे, जिसका उल्लेख रामचरिज मानस में इन चौपाइयों से किया गया है।

**कंचन कलस बिचित्र संवारे। सबहिं धरे सजि निज निजद्वारे॥**
**बंदनवार पताका केतू। सबन्हि बनाए मंगल हेतू ॥1॥**

भावार्थ:- सोने के कलशों को विचित्र रीति से (स्वण माणिक्य से) अलंकृत कर और सजाकर सब लोगों ने अपने-अपने दरवाजों पर रख लिया। सब लोगों ने मंगल के लिए बंदनवार, ध्वजा और पताकाएं लगाईं। इस अवसर पर नगर में राम दिवाली मनाई गई। सुबह प्रभात फेरी से लेकर शोभायात्रा, हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन दिनभर चलता रहा।



## बीएचईएल के फाउंड्री गेट पर सुंदरकांड पाठ

भोपाल। ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लाज यूनियन ने बीएचईएल के गेट क्रमांक-5 फाउंड्री गेट पर सुन्दरकांड पाठ एवं महाप्रसादी वितरण किया। आयोजन में भेल के ईडी एसएम रामनाथन विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## बाबा बटेश्वर को 5100 दीपों से सजाया

भोपाल । पुराने शहर के प्राचीन से श्री बड़वाले महादेव मंदिर में अयोध्या में प्रभु श्री राम लाल विराजमान होने के उपलक्ष्य में बाबा बटेश्वर को प्रभु श्री राम जी के स्वरूप में विराजमान किया गया। समिति के संयोजक संजय अग्रवाल ने बताया कि 5100 दीपों से पूरे मंदिर को सजाया गया। मंदिर गर्भ ग्रह में रंगोली और दीपमालाएं जलाई। रात्रि 8 बजे श्रृंगार दर्शन कर महाआरती एवं प्रसाद वितरण हुआ। ॐ नमः शिवाय मंडल के द्वारा प्रातः 7 बजे प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें मंडल के सदस्यों द्वारा अखंड ॐ नमः शिवाय एवं राम धुन के भजन गाए और प्रभात फेरी निकाली। इधर, मां दुर्गा धाम शक्तिपीठ मंदिर में सोमवार सुबह 10 बजे ढोल-बाजे और झांकियां के साथ सैकड़ों भक्त श्री राम के जयकारे लगाते हुए राम शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर राम मंदिर निर्माण का उत्सव भव्यता और जोश के साथ मनाया।

## कमलापति स्टेशन पर की लाइटिंग, दीये जलाए

श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को भोपाल रेल मंडल के रानी कमलापति व भोपाल रेलवे स्टेशन सहित मंडल के सभी स्टेशन व कार्यालयों पर आकर्षक रोशनी की गई और दीये जलाए। वहीं यात्रियों को एलईडी पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया।



## सिया राम मय सब जग जानी

भोपाल। भारत से 7809 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व में हिन्द महासागर और प्रशांत महासागर से घिरे सवा दो करोड़ की आबादी वाले विशाल-सुंदर देश ऑस्ट्रेलिया के मंदिरों में भी आज लाखों भक्तजन राम रतन धन पाकर धन्य हो गए। खासकर मेलबर्न के दुर्गा मंदिर के सनातन-पर्यावरण को देखकर रामचरितमानस की चौपाई की यह पंक्ति चरितार्थ हो गई—"सिया राम मय सब जग जानी । करहु प्रणाम जोरी जुग पानी ॥" आयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के समय यहां हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई । इसके पूर्व राम-भक्तों ने क्रीब 500 कारों की रैली निकाली। दिनभर मंदिरों में भजन-कीर्तन, सुंदरकांड, हनुमान चलीसा और राम रक्षास्त्रोत का पाठ चलता रहा। सिख समाज ने शबद कीर्तन किया। आयोध्या से लाइव कार्यक्रम भी चलता रहा। इस अवसर पर मेलबर्न में भारत के कांसुलेट जनरल कार्यालय के कौंसुल जनरल डॉ. सुशील कुमार के अलावा गणमान्य, डॉ. सचिन दाहिया, जय शाह, गौरी वर्मा, कुलवंत जोशी, ऋषि प्रभाकर और राज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे ।

## एएसआई मोहम्मद इकबाल ने मंदिर में लगाया पोछा

भोपाल। एएसआई मोहम्मद इकबाल ने श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर हनुमान जी की प्रतिमा और मंदिर परिसर में सफाई की। उन्होंने बताया कि यह केवल आज का काम नहीं है। वे इससे पूर्व भी मंदिर की साफ सफाई कर चुके हैं। सोमवार को भी उन्होंने वकीलों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। इकबाल ने बताया कि वे गैस राहत कोर्ट में पदस्थ हैं। परिसर में हनुमान जी का मंदिर हैं और वे निःस्वार्थ सेवा करते हैं। उनकी हनुमानजी में आस्था है। वह मंदिर में होने वाले कार्यक्रम में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।





## तुलसी परिसर फेस वन में भगवान श्री शिव मंदिर का निर्माण कार्य शुरू

भोपाल। अयोध्या में श्री राम जी के मंदिर स्थापना पर तुलसी परिसर फेस. वन में भी दोपहर 12.20 बजे अभिजीत मुहूर्त मृगशिरा नक्षत्र में भगवान श्री शिव जी के मंदिर का निर्माण कार्य शुरू किया गया। इसमें क्षेत्रीय पार्षद मधु शिवनानी, संजय शिवनानी, अशोक महाले, विभीषण सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि काफी लंबे इंतजार के बाद कॉलोनी में मंदिर की मांग मातृशक्ति द्वारा की जा रही थी, वह अब पूरी हुई है।



## श्रीराम कॉलोनी में हुआ सुंदरकांड, भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

भोपाल। राजधानी की होशंगाबाद रोड स्थित श्रीराम कॉलोनी में सोमवार को कॉलोनी के श्रद्धालुओं ने सुबह प्रभातफेरी निकालकर गणेश मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया। इसके बाद अयोध्या के राम मंदिर से भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम बड़ी स्क्रीन पर देखा। जैसे ही अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। इसके बाद जमकर आतिशबाजी की गई। दोपहर करीब एक बजे से मिसरोद स्टेशन के सामने खेड़ापति हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।



## कर्मचारियों ने राम मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित कर गाई रामधुन

भोपाल। मप्र कर्मचारी मंच के सदस्यों ने भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में एक दीप राम के नाम अभियान 11 दिन चलाया। सोमवार को पांच नंबर तालाब में एक हजार दीपदान करके प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीराम हनुमान मंदिर में दीप प्रज्वलित कर कर्मचारियों ने राम धुन गाई। मंच की प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे समेत कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान श्रीराम को 31 साल बाद टेंट से विशाल मंदिर मे विराजने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है।



भेल क्षेत्र के पिपलानी स्थित शिवलोक–2 में रंगोली में काजल ने उकेरा भारत के नक्शे पर अयोध्या का राम मंदिर।

करोंद क्षेत्र में भगवान श्रीराम और माता सीता की छवि को रंगोली में उकेरती एक बच्ची।



## स्वदेशी जागरण मंच और समाजसेवी ने चार इमली शिव मंदिर में किया भजन व भंडारा



*भोपाल। अयोध्या में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के बाद चार इमली के शिव मंदिर में सोमवार को भजन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत सह प्रमुख सीमा भारद्वाज और समाज सेवी सुषमा, साक्षी ,बबलू और मंजू लता ने मिलकर भंडारे का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों और आसपास के श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया। भजन के बाद सभी ने मंदिर में दीप प्रज्वलित करके दिवाली मनाई, आरती की फटाखे जलाएं। संकल्प लिया की हर त्यौहार को इसी तरह समरसता से जय सियाराम के आर्शीवाद से मनाएंगे।*



### सजा दो घर को गुलशन सा, मेरे राम आए हैं...


# आज जन्मे बेटे का नाम रघुनाथ तो किसी ने बेटी का वैदही रखा

## कहीं राम तो कहीं जानकी ने लिया जन्म, 22 जनवरी को शहर में हुआ सौ बच्चों का जन्म | राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के दिन हो बच्चे का जन्म, परिजनों की कामना हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल समेत पूरा देश सोमवार को राममय हो गया। आयोध्या से लेकर पूरे देश में राम नाम का उत्सव है। सजादो घर को गुलशन सा मेरे राम आए हैं। यह गीत चारों दिशा से सुन्ने में आ रहा है। इसी बीच कुछ दंपति ऐसे हैं, जिनके घर राम और जानकी ने जन्म लिया है। दरअसल सोमवार को शहर के अलग-अलग अस्पताल में लगभग सौ बच्चों ने जन्म लिया। सबसे अधिक 26 बच्चों का जन्म हमीदिया अस्पताल में हुआ है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर गर्भवती महिलाओं की चाह थी कि वे इस पावन अवसर पर बच्चे को जन्म दें। जेपी अस्पताल में भर्ती दो महिलाओं की यह चाह पूरी भी हो गई। जेपी में सोमवार सुबह आठ बजे विदिशा के चेकमेनोरा गांव के राजेंद्र अहिरवार की पत्नी प्रीति अहिरवार ने सीजेरियन से एक बेटी को जन्म दिया। वहीं भोपाल के ओम नगर निवासी राजू निक्कम की पत्नी सलोनी ने भी दोपहर 12 बजे मर्हूत में बेटी को जन्म दिया। उन्होंने बेटियों को सिया नाम दिया है। काटजू में माखननगर के राजेंद्र मिश्रा के यहां दोपहर 12 बजे बेटे को जन्म दिया। घरवालों ने रघुनाथ रख दिया।











### आज हमारे घर आई वैदही

जेपी अस्पताल में सोमवार को 20 वर्षीय रितिका ने सुबह 4 बजकर 50 मिनट पर बच्ची को जन्म दिया। पिता अनिल गुर्जर ने बताया कि वे बेहद खुश हैं। इस शुभ दिन उनके घर में नई खुशियां आईं हैं। उन्होंने कहा कि पूरा परिवार की सहमति से बच्ची का नाम वैदही, जानकी रखने का सौचा है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार बच्ची का वजन 3.2 किलो है। साथ ही पूरी तरह से स्वस्थ है।

| कहां कितने प्रसव | बेटा | बेटी | सीजेरियन |
|---|---|---|---|
| काटजू महिला अस्प. | 4 | 3 | 4 |
| हमीदिया अस्पताल | 12 | 09 | 5 |
| जेपी अस्पताल | 00 | 4 | 4 |

### साल के सबसे शुभ मुहूर्त में हुआ जन्म

जेपी अस्पताल में ही सोमवार को साल से सबसे सुभ मुहूर्त दोपहर के 12 बजकर 21 मिनट पर 20 साल की सलोनी पहली बार मां बनी। उन्होंने स्वस्थ पुत्री को जन्म दिया। पिता राजू बोले वे बेहद खुश हैं। उनके घर लक्ष्मी आई हैं।

### कुछ लोगों को मना करना पड़ा

श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रसव को लेकर गर्भवती और उनके परिजनों में काफी खुशी है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन गर्भवती महिलाएं डिलीवरी करवाना चाहती थीं। कुछ लोगों को मना करना पड़ा क्योंकि अभी सीजेरियन नहीं कर सकते हैं।

**डॉ. सोना सोनी**, प्रोफेसर स्त्री रोग विशेषज्ञ हमीदिया

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 23 जनवरी 2024




शीतलदास की बगिया के मंदिर में दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धालुओं ने मनाई दिवाली।

# भोपाल में गूंजा एक ही नाम... जय श्रीराम



## बड़ी स्क्रीन पर प्रभु की मनोहारी छवि देखते ही भाव विभोर हुए श्रद्धालुओं के छलक उठे आंसू, एक सुर में सभी ने लगाए जय श्रीराम के जयघोष, झूमकर करने लगे नृत्य

जोग लगन ग्रह बार तिथि सकल भए अनुकूल।
चर अरू अचर हर्षजुत राम जनम सुखमूल।।



न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर में दिवाली मनाने दीये प्रज्जवलित करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

500 वर्ष की लंबी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या के श्रीराम मंदिर में सोमवार को प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। पीएम नरेन्द्र मोदी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

सभी छोटे-बड़े मंदिर, बाजार, कालोनियों में धार्मिक अनुष्ठान हुए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। सुंदरकांड, रामधुन सहित प्रभात फेरियां निकाली गईं। कई जगह बड़ी स्क्रीन पर श्रद्धालुओं ने अयोध्या से प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा। इस खुशी में अतिशबाजी की गई। दीपावली की तरह महिलाओं ने घरों के आंगन, बाहर रंगोली सजाई। शाम होते ही दीपावली की तरह घर-घर मिट्टी के दीये जलाए गए। दिन भर मंदिरों सहित जगह-जगह श्रद्धालुओं को सूजी, गाजर का हलवा, खीर, मीठे चावल, चने की प्रसादी वितरित की गई।

- **प्राण-प्रतिष्ठा के बाद दीपोत्सव और आतिशबाजी की धूम, देश सहित भोपाल में मनी दीपावली**
- **राजधानी के मंदिरों में प्राण-प्रतिष्ठा पर हुए धार्मिक अनुष्ठान, कई जगह बांटे हलवा, खीर, पूड़ी, चने व मीठे चावल**
- **रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर मंदिरों में रही अखंड रामायण की गूंज, निकली शोभा यात्राएं**

### सदियों के इंतजार के बाद आई शुभ घड़ी

आखिर वह शुभ घड़ी आ ही गई, जिसका कोटि-कोटि रामभक्तों को सदियों से इंतजार था। सोमवार दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर अयोध्या के मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई और लोगों ने अपने आराध्य देव की मनोहारी छवि टीवी पर देखी। उनके नयन छलक उठे। समवेत स्वर में जय-जय श्रीराम की गूंज होने लगी। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर भोपाल में अवध जैसा माहौल रहा। शुभ मुहूर्त में जैसे ही प्रभु श्री राम की पहली झलक लोगों ने टीवी पर देखी, उनके आंसू छलकने लगे। जय श्री राम का जयघोष होने लगा। श्रद्धालु नृत्य करने लगे। शहर भर में राम धुन, भजन और अखंड रामायण की गूंज सुनाई दी। मंदिरों और घरों में विशेष पूजा, सुंदर कांड सहित हनुमान चालीसा के पाठ हुए। इससे पहले प्रभात फेरियां निकाली गईं।



### कोटरा में रामलला की पालकी यात्रा, किन्नर भी हुए शामिल

भोपाल नागरिक विकास समिति तथा सहर्ष शिक्षा समाधान समिति के तत्वावधान में कोटरा के शीतला माता मन्दिर में भगवान श्रीराम की झांकी सजाई गई। इससे पहले सुबह 11 बजे राम मंदिर कमला नगर से विशेष पालकी से नगर भ्रमण कराया गया। रहवासियों ने भगवान के दर्शन लाभ लिए। इस यात्रा में किन्नर भी शामिल हुए और उन्होंने बधाई गीत गए। इस मौके पर महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली।



### घर-घर फहराईं धर्म ध्वजाएं, मंदिरों में विशेष अनुष्ठान

इस पावन मौके पर समूचा भोपाल रामभक्ति के रंग में डूबा रहा। मंदिर के साथ-साथ शासकीय इमारतें भी आकर्षक रोशनी से जगमगा रही हैं। घर-घर भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए गए। अखंड रामायण, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सडकों पर शोभायात्राएं निकाली गईं। कालोनियों, बाजारों, चौक-चौराहों पर एलईडी लगाई गईं, जहां प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण लोगों ने देखा। शाम को घरों और मंदिरों के अलावा जगह-जगह सार्वजनिक तौर पर दीप जलाकर और भव्य आतिशबाजी कर श्री रामोत्सव मनाया गया।

- पांच नंबर विश्वनाथ मंदिर में सुबह से प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण व सीता मैया का श्रृंगार किया गया। फिर भजन हुए। प्रसादी बांटी गई। एलईडी स्क्रीन पर लोगों ने प्रभु की प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा। जय-जय श्रीराम के जयकारे लगाए।



छोला मंदिर से क्षत्रिय समाज ने निकाली शोभा यात्रा।

### शीतला मां के समक्ष जलाए 2101 दीप

अयोध्या में भगवान राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ भोपाल के शीतला माता मंदिर टीलारामपुरा में विभिन्न आयोजन किए गए। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि रामललाजी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में खुशी उमंग का वातावरण है, इसी के तहत शीतला माता मंदिर शापिंग सेंटर टीलारामपुरा में शाम 7 बजे सुंदरकांड पाठ व महाआरती व प्रसादी वितरण किया गया। साथ ही मंदिर में 2101 दीप प्रज्वलित किए गए।



रोशनपुरा क्षेत्र में जमकर आतिशबाजी की गई।



### सुभाष नगर की शोभा यात्रा में मंत्री सारंग हुए शामिल

सोमवार को सुभाष नगर में इस पावन मौके पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में मंत्री व स्थानीय विधायक विश्वास सारंग के साथ-साथ बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु शामिल हुए। शोभायात्रा में झांझ-मंजीरे बजाते हुए श्रद्धालु रामधुन पर नाचते-गाते आगे बढ़ रहे थे। सारंग ने छोला स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में राम भक्तों के साथ श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा। जय श्री राम के जयकारों से मन्दिर प्रांगण गूंज उठा।

दादा धूनी वाले के दरबार में जलाए दीप



स्क्रीन पर प्रभु के समक्ष श्रद्धालुओं ने माथा टेका





## जैकेट का शेष

### पायो जी हमने...

स्वरुप दो अंगूठी पहनाई। पूजा के दौरान देश भर के करीब 8 हजार विशिष्ट दिग्गज मौजूद थे। इनमें 150 ऋषि परंपरा के सभी संत भी साक्षी थे। जब पूजा हो रही थी, तब हेलीकॉप्टर से मंदिर पर पुष्प वर्षा हो रही थी। इसके बाद पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि ये विजय का ही नहीं विनय का दिन भी। यह देव से देश और राम से राष्ट्र की यात्रा है। संबोधन से पहले उन्होंने तीन बार जय सियाराम के नारे लगाए। अपने संबोधन में पीएम मोदी तीन बार भावुक हुए, उनका गला रुंध गया। पहली बार जब उन्होंने कहा कि अब हमारे रामलला टेंट में नहीं रहेंगे। दूसरी बार जब उन्होंने जब भगवान राम से क्षमा याचना की। पीएम ने कहा कि 22 जनवरी 2024 का ये सूरज एक अद्भुत आभा लेकर आया है। ये कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं, बल्कि ये एक नए कालचक्र का उद्गम है। राम मंदिर के भूमिपूजन के बाद से प्रतिदिन पूरे देश में उमंग और उत्साह बढ़ता ही जा रहा था। निर्माण कार्य देख देशवासियों में हर दिन एक नया विश्वास पैदा हो रहा था। आज हमें सदियों के उस धैर्य की धरोहर मिली है। आज हमें श्रीराम का मंदिर मिला है। गुलामी की मानसिकता को तोड़कर उठ खड़ा हुआ राष्ट्र, अतीत के हर दंश से हौसला लेता हुआ राष्ट्र ऐसे ही नव इतिहास का सृजन करता है। आज से हजार साल बाद भी लोग आज की इस तारीख की, आज के इस पल की चर्चा करेंगे। दूसरी बार जब उन्होंने माता शबरी का ज़िक्र किया। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व परिसर में 30 कलाकारों ने अलग-अलग वाद्य यंत्रों का वादन किया। ये सभी वाद्य यंत्र अलग-अलग राज्यों के लेकिन भारतीयता के पहचान हैं।

## पेज एक का शेष

### विपक्ष के यह कहने ...

और अपनी सोच पर पुनर्विचार कीजिए। रामलला के इस मंदिर का निर्माण भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का भी प्रतीक है। हम देख रहे हैं कि ये निर्माण किसी आग को नहीं, बल्कि ऊर्जा को जन्म दे रहा है।

### पीएम ने कहा- ऐसे लोग...

लेना है कि हम राष्ट्र निर्माण के लिए अपने जीवन का पल-पल लगा देंगे।

**अगले हजार साल के भारत की नींव रखें, हमें अब बैठना नहीं है:** पीएम ने कहा कि श्रीराम का मंदिर तो बन गया, अब आगे क्या? आज मैं पूरे पवित्र मन से महसूस कर रहा हूं कि कालचक्र बदल रहा है। ये सुखद संयोग है कि हमारी पीढ़ी को एक कालजयी शिल्पी के रूप में चुना गया है। मैं कहता हूं कि यही समय है और सही समय है। मंदिर निर्माण से आगे बढ़कर हमें भारत के निर्माण की सौगंध लेनी है। पीएम ने कहा कि आज से इस पवित्र समय से अगले 1 हजार साल के भारत की नींव रखनी है। मंदिर निर्माण से आगे बढ़कर हम सभी देशवासी इस पल से समर्थ, सक्षम, भव्य, दिव्य भारत के निर्माण की सौगंध लेते हैं। जब राम का सम्मान होता है तो उसका प्रभाव सालों या सदियों तक नहीं रहता, उसका प्रभाव हजार सालों के लिए होता है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत युवा शक्ति से भरा हुआ है। ऐसी सकारात्मक परिस्थितियां न जानें कितने साल बाद बनेगी। हमे अब चूकना नहीं है। हमें अब बैठना नहीं है। आप उस भारत से हैं जो आज चांद पर तिरंगा लहरा रहा है। आज सूरज पर भी मिशन भेज रहे हैं।

### रामलला मंदिर की...

देख रहे थे तो उन्होंने इस पत्थर के लिए सभी तरह की अनुमतियां लेने के साथ ही स्थानीय ठेकेदारों से संपर्क किया। इसके बाद तो काम में तेजी आ गई। क्वालिटी मेंटेन करने के लिए क्रेशर के पॉइंट पर ही ट्रस्ट के इंजीनियरों को लगा दिया गया। अव्वल क्वालिटी कह गिट्टी का परीक्षण करने के बाद ही अयोध्या भेजा गया। गिट्टी उतरने के बाद भी ट्रेस्टिंग की गई। हर टेस्ट में यह पत्थर पास हुआ।

### हजार साल तक यह पत्थर ....

सबसे बड़ी मंडी है। अयोध्या धाम भेजे जाने वाले पत्थर की हार्डनेस करीब 6 पाई गई। यानी, हजार साल तक इस पत्थर को कुछ भी नहीं बिगड़ना। इसे बुंदेलखंड का ग्रेनाइट कहा जाता है। यह रेड कलर का होता है।

**MADHYA PRADESH JAL NIGAM**
(A Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
"8" Arera Hills, Bhopal-462004, Ph. : 0755-2579034, 2579874, Fax : 0755-2579873
Website : www.mpjalnigam.mp.gov.in, E-mail : mpjalnigam@mp.gov.in
CIN : U41000MP2012SGC028798
NIT No. 164/SQC/Proc./MPJNM/2023-24 Bhopal, Dated : 18.01.2024

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Madhya Pradesh Jal Nigam (MPJN) intends to engage Supervision & Quality Control Consultants (SQC) for Multi Village Drinking Water Supply Schemes (MVDWSS) under Jal Jeevan Mission (JJM) in Madhya Pradesh on man-month basis.
Bid is invited online through Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.

| NIT No. | PIU | Total Villages | PAC (Rs. Cr.) | Duration (Months) | EMD (Rs. Lakh) | Document Fee (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 164 | Sehore | 723 | 6.26 | 27 | 6.26 | 20,000 |

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from **23.01.2024, 17:30 Hrs.** Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.
**M.P. Government E-Procurement Portal - https://mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/113396/2024 **MANAGING DIRECTOR**

# अयोध्या में दिखा सितारों का पारंपरिक अवतार, हेमा ने डांस की तो सोनू-शंकर ने दी भजनों की प्रस्तुति

**अयोध्या।** सोमवार 22 जनवरी का दिन भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक दिन के रूप में हमेशा अंकित रहेगा। आज के दिन अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ राम भक्तों का सदियों का इंतजार खत्म हुआ है। सिनेमा जगत के सितारों को भी इस अद्भुत पल का साक्षी बनने का मौका मिला, जिसका हिस्सा बनकर वह काफी खुश दिखे। सभी सितारे यहां पारंपरिक अवतार में पहुंचे थे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान हेमामालिनी ने शानदार नृत्य तथा सोनू निगम व शंकर महादेवन ने बेहतरीन भजनों की प्रस्तुति दी।

### अभिषेक,अमिताभ, चिरंजीवी, रामचरण

*अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लिए पहुंचे थे। यहां बाप-बेटे की जोड़ी ने कुर्ते के साथ दोनों ने राम के नाम की केसरी रंग की चुनरी ओढ़ी थी। इनके अलावा दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता रामचरण अपने पिता चिरंजीवी के साथ यहा आए थे और दोनों शॉल के साथ कुर्ता-पैंट पहने नजर आए।*

### सोनू ने गाया 'राम सिया राम' भजन

भारतीय सिनेमा के जाने-माने गायक सोनू निगम ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समोराह कार्यक्रम की शुरुआत अपनी मधुर आवाज में भजन 'राम सिया राम' गाकर की। सोनू का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह 'राम सिया राम' भजन गाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं सोनू निगम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पत्रकार से बात करते हुए उनकी आंखों से खुशी के आंसू बहते नजर आ रहे हैं।

### शंकर महादेवन ने गाया ये भजन

सोनू की प्रस्तुति देने के बाद प्रसिद्ध गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने मंच की कमान अपने हाथों में ली और महफिल लूट ली। उन्होंने अपनी मधुर आवाज में 'श्री राम चंद्र कृपालु भजमन' भजन गाया। शंकर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें भगवान राम के भव्य मंदिर की भी झलक देखने को मिल रही है।

### हेमामालिनी ने झूमकर किया डांस

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुईं हेमा मालिनी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह उद्घाटन के बाद खुशी से झूमती हुई नजर आईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि श्रीराम की भक्ति में लीन हेमा बेहद खुशी में डांस कर रहीं हैं। बता दें कि इसके पूर्व भी हेमा ने अयोध्या में 'रामायण' पर आधारित एक नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया था।



### आलिया भट्ट की साड़ी पर टिकीं सबकी निगाहें

आलिया भट्ट श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पति रणबीर कपूर के साथ पहुंची थीं। रणबीर जहां सफेद रंग के धोती-कुर्ते और शॉल में नजर आए तो आलिया की साड़ी ने सभी का ध्यान खींच लिया। दरअसल, आलिया की फिरोजी रंग की साड़ी के आंचल पर रामायण के खास पलों को दर्शाया गया। सतरंगी चोली की बाजुओं पर द्वारकाधीश की हाथों में माला लिए तस्वीर थी। साथ ही स्वास्तिक और गणपति भी बने थे।

### कैटरीना-विक्की की जोड़ी लगी कमाल की

कैटरीना कैफ और विक्की कौशल भी इस ऐतिहासिक दिन का हिस्सा बने थे। कैटरीना गोल्डन रंग की साड़ी में खूबसूरत लग रही थीं। विक्की की बात करें तो उन्होंने क्रीम रंग का कुर्ता पहना था, जिस पर गोल्डन कढ़ाई हो रखी थी। साथ ही उन्होंने मैचिंग शॉल भी लिया था और अपने बालों को बांध रखा था।

### माधुरी सहित ये कलाकार रहे पारंपरिक परिधान में

माधुरी दीक्षित श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लेने अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ अयोध्या पहुंची थीं। अभिनेत्री ने पीले रंग की साड़ी पहनी थी, जिस पर सुनहरे रंग से कढ़ाई हो रखी थी तो डॉ. नेने धोती-कुर्ता पहने नजर आए। इनके अलावा आयुष्मान खुराना, जैकी श्रॉफ, रजनीकांत, होमा मालिनी, रोहित शेट्टी और राजकुमार हिरानी जैसे कई सितारे भी पारंपरिक अवतार में इस भव्य समारोह का हिस्सा बने थे।

### कंगना ने लगाए 'जय श्री राम' के नारे

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद कंगना ने भी अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'राम आ गए हैं।' वीडियो में कंगना जोर-जोर से 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए नजर आईं। इससे पहले कंगना ने अपनी कुछ तस्वीरें साझा कर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की झलक दिखाई थीं।



अनुराधा पौडवाल ने भजन प्रस्तुत किया।

गायक हरिहरन



हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644
9300009644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644, 9300009644

कान्हा नानक फार्म/प्लॉट
7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
▸ निवेश का सुनहरा मौका
▸ डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
▸ पूर्णत: विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू
प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M: 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सीलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या:** संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ:** फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन:** वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5403



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 5402 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झो | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | य | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकू नवताल - 5413

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5412 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप

### एथर ने पेश की फैमिली स्कूटर 'एथर रिज्टा'

**नई दिल्ली।** प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं में से एक एथर एनर्जी ने अपने नए फैमिली इलेक्ट्रिक स्कूटर के आगामी लांच की घोषणा की, जिसका नाम रिज्टा है। 450 सीरीज में देखे गए अपने स्पोर्टी और यूथफुल डिजाइन से हटकर रिज़्टा को विशेष रूप से परिवारों की जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से बनाया गया है। रिज़्टा को पहले बेंगलुरु में टेस्टिंग के दौरान देखा गया था। नवंबर महीने में एथर एनर्जी के सह-संस्थापक और सीईओ तरुण मेहता ने अपने पिछले ट्वीट में बताया था कि एथर एनर्जी एक बड़ा फैमिली स्कूटर लॉन्च करेगी जो आरामदायक, बड़ा, सुरक्षित और किफ़ायती होगा।

### हार्डविन ने रखा 100 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य

**नई दिल्ली ।** हार्डविन इंडिया लिमिटेड की नई गठित सब्सिडरी स्लिम-एक्स ने इनोवेटिव प्रोडक्ट्स की एक रेंज का अनावरण किया है। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाला नया ब्रांड अब उद्योगों के लिए इनोवेटिव प्रोडक्ट्स-अल्ट्रा-स्लिम, हाई-परफॉर्मेंस एल्यूमीनियम प्रोफाइल- की विकास क्षमता का लाभ उठाते हुए, अगले दो वर्षों में 100 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट करने की योजना बना रहा है।

### गोदरेज ने किया वार्षिक पहल के लिए अध्ययन

**मुंबई।** गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी, गोदरेज एंड बॉयस की व्यावसायिक इकाई, गोदरेज लॉक्स ने गृह सुरक्षा दिवस के लिए अपनी वार्षिक पहल के हिस्से के रूप में यह अध्ययन किया था। इसका उद्देश्य भारतीय उपभोक्ताओं को इस बात की अनूठी जानकारी प्रदान करना था कि जब उनके घरों को सुरक्षित करने की बारी आती है, तो वे क्या सोचते हैं। अध्ययन में भाग लेने वाले लगभग आधे उत्तरदाताओं ने माना है कि यदि वे कामकाजी माता-पिता होते, तो वे अपने पड़ोसी, रिश्तेदार या परिवार के सदस्य के पास एक अतिरिक्त चाबी छोड़ देते।

### भारती हेक्साकॉम ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई ।** कम्युनिकेशन सॉल्यूशंस प्रोवाइडर कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। भारती हेक्साकॉम लिमिटेड भारत में राजस्थान और उत्तर पूर्व दूरसंचार सर्कल, जिसमें अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा शामिल हैं, में ग्राहकों को उपभोक्ता मोबाइल सेवाएं, फिक्स्ड लाइन टेलीफोन और ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करती है।

### मायोपिया से ग्लूकोमा का खतरा तीन गुना अधिक

**मुंबई।** मध्यम से उच्च मायोपिया वाले लोगों को जीवन में आगे चलकर ग्लूकोमा के विकसित होने की संभावना तीन गुना अधिक होती है, जिसका खतरा आंख की स्थिति की गंभीरता के साथ सीधे संबंधित है। हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बताया। डॉ. निधि ज्योति शेट्टी, ग्लौकोमा सलाहकार, डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल ने कहाः मायोपिक आंखों में ऑप्टिक नर्व हेड ,कनेक्ट करने वाले टिश्यू की संरचना में परिवर्तन के कारण, ग्लौकोमा के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकता है।

### आईआईएल ने लांच की 'हेपेटाइटिस ए' वैक्सीन

**हैदराबाद।** नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और भारत की अग्रणी बायोफार्मास्युटिकल कंपनी इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड (आईआईएल ) ने भारत के पहले पूर्णतः स्वदेशी रूप से विकसित हेपेटाइटिस ए वैक्सीन के लांच के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य में एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है। हैविश्योर टीका हेपेटाइटिस ए के खिलाफ भारत की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

# श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा मुहूर्त में खूब बिकी कार-बाइक्स

## ऑटोमोबाइल्स सेक्टर की हुई धनतेरस

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर भोपाल में उत्सवी माहौल रहा। पूरा शहर रामरस में डूबा रहा। तो आटोमोबाइल्स सेक्टर में रामरस में डूबे लोगों द्वारा शुभ मुहूर्त पर कार, बाइक्स और स्कूटर्स की खरीदारी करने से इस सेक्टर में रामरस की धनतेरस रही।

वरेण्यम मोर्टर्स के विशाल जौहरी और भोपाल ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष पांडे ने बताया कि इस

भोपाल में बिकी 225 कारें 500 बाइक्स





ऐतिहासिक दिन को खास दिन में तब्दील करने और यादगार बनाने के लिए शहरवासियों ने कार , बाइक्स शोरूम पहुंचे और फोर व्हीलर, मनपसंद टूव्हीलर्स वाहन खरीदे। आशीष पांडे ने बताया कि शहर में 40 से अधिक कार शोरूम्स, 60 के करीब टू व्हीलर्स शोरूम है। अतः शहर में संचालित 100 शोरूम्स से सोमवार को करीब 225 कारें और 500 टू व्हीलर्स की बिक्री हुई। तो वरेण्यम मोटर्स के विशाल जौहरी ने बतायाकि शहर में वरेण्यम मोटर्स के चार शोरूम्स है। इन शोरूम्स से टाटा मोटर्स की 76 कारें और 125 टू व्हीलर्स की बिक्री हुई ।

# रामरस से सराबोर भोपाल, बाजारों के साथ बैंक और सरकारी दफ्तर रहे बंद

बाजारों और सड़कों में दोपहर तक चहुंओर रामरस का सन्नाटा

- आराध्य देव भगवान श्रीराम की मनोहारी छवि टीवी पर देखी, नयन छलक उठे
- मंदिरों और घरों में पूजा अर्चना की मत्था टेका और समृद्धि की कामना की

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



पांच सौ साल बाद भगवान राम के अयोध्या वापसी और प्राण प्रतिष्ठा के शुभ बेला पर पूरा भोपाल रामरस से सराबोर रहा। राजधानी में आराध्य देव भगवान श्री राम की मनोहारी छवि और आयोध्या में निर्मित भव्य मंदिर में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के इस ऐतिहासि पल के साक्षी बनने टीवी पर नजर टिकाए रखा। जिसके चलते राजधानी के बाजार और तमाम सड़कों में सन्नाटे का माहौल रहा।

भोपाल के विभिन्न व्यापारिक संगठनों, समाज सेवी संगठनों सहित रामभक्तों ने सुबह भव्य शोभायात्रा निकाली। ढोल- ढमाके और डीजे के साथ राम भक्त झूमते गाते नजर आए। मंदिरों और घरों में पूजा -अर्चना की मत्था टेका और समृद्धि की कामना की, तो रामभक्ति में सराबोर व्यापारी और आमजन ने रामधुन की मधुर ध्वनि पर थिरके भी। न्यूमार्केट, दस नंबर बाजार, सर्राफा चौक बाजार, जुमेराती, हनुमानगंज आदि प्रमुख बाजारों में जहां शोभायात्रा की सुंदरता दिखी तो बाजारों में आम दिनों की अपेक्षा सोमवार को दोपहर 1 बजे तक सन्नाटे का माहौल रहा।

भगवान राम के अयोध्या में विराजमान होने के अवसर हर सनातनी के घर में श्री राम का ध्वज फहराया गया। इसके अलावा चौक चौराहे, बाजार, गली मोहल्ले, मुख्य सड़कों, दुकानों और प्रतिस्थानों भगवा ध्वज पटा रहा। चहुंओर बजते भक्ति गीतों की धुन से वातावरण भक्ति मय हो गया थे। भोपाल के सभी दुकान और प्रतिष्ठान बंद रहे। वहीं सरकारी कार्यालय, बैंक आदि बंद रहे, बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। सोमवार दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर जैसे ही अयोध्या के मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई, कईयों रामभक्तों जैसे ही आराध्य देव भगवान श्री राम की मनोहारी छवि टीवी पर देखी उनके नयन छलक उठे और जय-जय श्रीराम के नारे लगाए।



### मंडी के अनाज व्यापारियों ने बांटे 51 किलो बूंदी के लड्डू

श्रीराम चंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा एंव भव्य मंदिर निर्माण के शुभ अवसर पर भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन करोंद मंडी के रामरस में 51 किलो बूंदी के लड्डू बांटे। अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी, प्रवक्ता संजीव जैन के अनुसार अनाज मंडी में चारों तरफ भगवा रंग की झंडियां लगाई गई है तो मंडी गेट को श्रीराम नामी झंडों से सजाया गया है।



श्री राम चंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा एंव भव्य मंदिर निर्माण के शुभ अवसर पर 10 न.मार्केट परिसर मे राम दरबार बनाकर भव्य आयोजन रखा गया है। दस नंबर मार्केट व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार और सचिव हरीश चोइथानी के भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के चलते मार्केट में भव्य तैयारियां की गई। मार्केट भगवा रंग के झंडे और केसरिया रंग के गुब्बारे और विद्युत साज सज्जा से सजाया गया। व्यापारी संघ द्वारा मार्केट में भव्य राम दरबार बनाया गया है।

# गर्गस शोरूम हुआ राममय, ग्राहकों को मिल रहे बेहतर उपहार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



अयोध्या श्रीराम मंदिर में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जहां एक ओर पूरे प्रदेश में सरकार और समाजजनों शहर और मंदिरों का सजाकर उत्साह मनाया जा रहा है। पूरा प्रदेश श्रीराममय हो रहा है। राज्यमंत्री कृष्णा गौर रविवार को गर्गस इलेक्ट्रॉनिक शोरूम पहुंची। इस दौरान शोरुम संचालक आलोक गर्ग और उनकी पत्नी निशा गर्ग ने राज्यमंत्री का स्वागत किया और उन्हें ग्राहकों को दी जा रही उपहार योजना के बारे में जानकारी दी।

आलोक गर्ग ने बताया कि देश में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर गर्ग शोरुम द्वारा विशेष उपहार योजना लागू की गई है। इस मौके पर मंत्री गौर ने कहा कि हर त्योहार के मौसम में गर्गस शो रुम द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर उपहार दिए जाते है। राजधानी का यह शो रुम शहर में अपनी अलग पहचान बना चुका है। शोरूम के मालिक आलोक गर्ग ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक सामान की हर खरीदी पर विशेष छूट के साथ पूजन की थाल गिफ्ट स्वरूप सभी ग्राहकों को भेंट की जा रही है। उनका कहना है कि पूरा देश और प्रदेश राममय हो गया है।

## बिजनेस न्यूज

### अजीम प्रेमजी विवि में संविधान पर क्विज आयोजित 62 टीमें हुईं शामिल

**भोपाल।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में आयोजित 'हम भारत के लोग' नामक हमारे संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी के पहले संस्करण में इंस्टिट्यूट ऑफ एक्सेलेंस इन हायर एज्युकेशन के विद्यार्थी विजेता हुए। इस प्रश्नोत्तरी का मुख्य केंद्र भारतीय संविधान, शासन, राजनीति, क़ानून और इससे जुड़े समसामयिक मामलों पर आधारित मुद्दों से जुड़े विषय थे। प्रश्नोत्तरी में कुल 62 टीमों ने भाग लिया। इस प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में द नेशनल लॉ इंस्टिट्यूट यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने दूसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई। प्रश्नोत्तरी में भाग लेने वाले हर एक संस्थान से कई टीमों ने भागीदारी की। प्रख्यात शिक्षाविद् और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव शरद बेहार ने विजेताओं और प्रश्नोत्तरी में हिस्सा लेने वालों को सम्मानित किया। मध्यप्रदेश के ग्यारहवी तथा बारहवीं कक्षा और स्नातक में अभी पढ़ रहे विद्यार्थी ही प्रतियोगिता में भाग ले सकते थे। इस प्रतियोगिता का मक़सद भारतीय संविधान की समृद्ध विरासत और मूल्यों से सभी का परिचय करवाना और आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को संवैधानिक मामलों और संबंधित विषयों पर सक्रिय रूप से काम करना, समझाना और शिक्षित करना है। इस पहल से विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और प्रतिभा को दिखाने का अनूठा अवसर दिया गया।

### नायका ने भोपाल में खोला अपना ब्यूटी बार्स

**भोपाल ।** नायका ने राजधानी स्थित डीबी सिटी मॉल में बेहद सफल ब्यूटी बार्स खोला है। 100 से अधिक सौंदर्य प्रेमियों को विश्व प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट रचना शेवानी के साथ एक मास्टर क्लास में ले जाया गया, जहां उन्होंने ईएलएफ जैसे कुछ सबसे बड़े ब्रांडों, सौंदर्य प्रसाधन, के ब्यूटी, मैक, नायका प्रसाधन सामग्री का उपयोग करके एक अल्ट्रा ग्लैमरस लुक बनाने के टिप्स और ट्रिक्स सीखे। आवश्यक मेकअप, बाल और त्वचा देखभाल उत्पादों के साथ मेकओवर की सुविधा के साथ, नाइका ने सुनिश्चित किया कि प्रत्येक उपस्थित व्यक्ति ने सत्र का आनंद लिया और शानदार दिखे और महसूस किया। नायका के प्रवक्ता ने कहा नायका सौंदर्य की दुनिया से सर्वश्रेष्ठ ब्रांड, उत्पाद और रुझानों को नए और दिलचस्प प्रारूपों में उपभोक्ताओं के करीब लाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे ब्यूटी बार्स ने पिछले कुछ वर्षों में बहुत लोकप्रियता और प्यार हासिल किया है और भोपाल ने हमें जो प्यार दिखाया है उससे हम रोमांचित हैं।



### कल्याण ज्वेलर्स ने 'निमाह' कलेक्शन में पेश किए रामायण से प्रेरित डिजाइन

**मुंबई।** कल्याण ज्वेलर्स ने हेरिटेज ज्वेलरी के कलेक्शन 'निमाह' में रामायण से प्रेरित डिजाइन पेश किए हैं। इस कलेक्शन में शामिल किए गए आभूषण मौजूदा मंदिर-शैली के रूपांकनों को भगवान राम की वंदनीय कल्पना के साथ अनोखे अंदाज में पेश करते हैं। इस तरह एक कालजयी परंपरा को दैवीय प्रेरणा के साथ सहजता से पेश किया जाता है। निमाह कलेक्शन के आभूषण अपने उत्कृष्ट नकाशी कार्य के लिए पहचाने जाते हैं- एक सिग्नेचर स्टाइल के आभूषण, जिनमें कर्नाटक के मंदिर के आभूषणों की झलक नजर आती है। इन आभूषणों में ऐतिहासिक रूप से मोर, हंस, कमल के फूल, रत्नजड़ति और हुड वाले नागों और दिव्य स्त्री आकृतियों सरस्वती और लक्ष्मी जैसे पौराणिक प्रतीकों को प्रदर्शित किया गया है। अपने नवीनतम क्यूरेशन में, कल्याण ज्वेलर्स ने कलात्मक रूप से रामायण के प्रतीकों को निमाह के डिजाइनों में शामिल किया है, जिसमें प्रतिष्ठित राम पट्टाभिषेक और अयोध्या मंदिर के साथ-साथ राम और सीता के रूपांकनों को भी पेश किया गया है। कल्याण ज्वेलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहाकि यह बेहतर और उन्नत निमाह कलेक्शन कल्याण ज्वैलर्स में एक नए कलात्मक युग की शुरुआत का प्रतीक है। यह हमारी समृद्ध विरासत का उत्सव है, जिसे समकालीन डिजाइन के माध्यम से बड़ी कुशलता से उकेरा गया और कीमती पत्थरों से सजाया गया है। इस ताजा कलेक्शन में विभिन्न प्रकार के उत्कृष्ट रत्न शामिल हैं, जिनमें रोज क्वाट्र्ज, एमराल्ड बीड्स, एमेथिस्ट, ओनिक्स बीड्स, मोती, मॉर्गनाइट, ब्लू नीलम, मोइसानाइट और रूसी मेलन बीड्स शामिल हैं। ग्राहक सोने के आभूषणों पर कल्याण के 4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेशन का लाभ भी उठा सकते हैं। कल्याण ज्वैलर्स में खुदरा बिक्री के आभूषण कई शुद्धता परीक्षणों से गुजरते हैं और बीआईएस हॉलमार्क वाले होते हैं।



### श्रीराम के उद्घोष से राममय हुआ भोपाल मेला

**भोपाल।** ब्रह्माकुमारी सुख शांति भवन की निर्देशिका बीके नीति दीदी के द्वारा भोपाल मेले में श्री राम भ्राता, लक्ष्मण, माता सीता एवं हनुमान के साथ बड़ी संख्या में ब्रह्मावत्सों ने भोपाल मेले में रैली निकाली। पूरा ही मेला जय श्रीराम की उद्घोष से राम मय हो गया। रावण राज जा रहा है और रामराज आ रहा है



नारों से भोपाल मेले में उपस्थित हजारों लोगों को राम राज की याद दिलाई। रैली संपूर्ण मेले का भ्रमण करते हुए भोपाल मेला उत्सव के सभागार में पहुंची। जहां समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन तथा अन्य सभी अधिकारी गणों ने झांकी का स्वागत किया। श्रीराम दरबार की आरती उतारी एवं पूजन किया तथा ब्रह्मा कुमारी संस्थान की इस तरह के आयोजन के लिए बहुत-बहुत प्रशंसा की। बीके नीता दीदी जी ने सभी को श्रीराम के समान मर्यादा पुरुषोत्तम बनने एवं माता पिता की आज्ञा पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया।

**शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, इटारसी**
[illegible] रोड, नहर/4 लेन बायपास रोड के पास, इटारसी जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) 461111
प्राचार्य मो.नं.- 9826381117, E.mail ID- prinpoly.itahbd@mp.gov.in
क्रमांक : स्थापना/भंडार/2024/51 इटारसी, दिनांक : 17.01.2024
**खुली ई-निविदायें आमंत्रण सूचना**
निविदा संख्या GEM/2024/B/4485180, दिनांक : 17.01.2024 के तहत SC/ST Stationery Items क्रय करने के लिये GeM Portal पर निविदा आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा में भाग लेने की अंतिम दिनांक : 13.02.2024 (12 बजे तक) है। निविदा के संबंध में संपूर्ण जानकारी GeM Portal पर उपलब्ध है।
प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इटारसी
जी-23267/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कार्यालय, नगरपालिका परिषद् रतनपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
[illegible]
Green City, Clean City, Dream City
[illegible]

**कार्यालय वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल**
खेल परिसर, 74 बंगला भोपाल
दूरभाष क्र. 0755-2674316 ई-मेल : ccfre.bpl@mp.gov.in
**विभागीय कार्यों के लिये सामग्री प्रदाय हेतु पंचम निविदा सूचना।**
समस्त प्रदायकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल के अधीनस्थ इकाई भोपाल, सीहोर, विदिशा, रायसेन एवं राजगढ़ की विभिन्न रोपणियों के लिये वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभागीय कार्यों के लिये विभिन्न मटेरियल, ओपन भट्टा ईंट, उपजाऊ मिट्टी एवं नर्मदा रेत इत्यादि सामग्रियों की आवश्यकता है, सामग्री का प्रदाय रोपणी स्थल पर किया जाना होगा। उक्त सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के लिये दिनांक 18.01.2024 से आवेदन Online माध्यम से वेबसाईट https://mptenders.gov.in के द्वारा ही स्वीकार्य किया जावेगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 31.01.2024 सायं 5.00 बजे तक है, तथा निविदा दिनांक 01.02.2024 को सायं 5.00 बजे टेक्निकल बिड खोलने की कार्यवाही एवं 02.02.2024 को फाईनेन्शियल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी।
प्रभारी अधिकारी
आहरण एवं संवितरण अधिकारी
सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल
जी-23274/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार जिला भोपाल**
प्रकरण क्रमांक 1016/अ-6/2023-24
**::उद्घोषणा पत्र::**
[illegible] 19.01.2024 को जारी किया गया।
तहसीलदार
तहसील-कोलार, भोपाल

**साउथ इंडियन बैंक** SOUTH INDIAN Bank
ब्रान्च भोपाल: [illegible], प्लाट नम्बर 25, एम-सेक्टर, इन्द्रपुरी, [illegible] रोड, भोपाल म.प्र. -462022
फोन: [illegible], ई-मेल: [illegible]@gmail.com
**सूचना**
[illegible] नम्बर 25, एम-सेक्टर, इन्द्रपुरी, भोपाल में 15/01/2024 [illegible]

| [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|
| दीपक कुमार [illegible] | 04365300001254 | 13.40 ग्राम |
| दीपक कुमार [illegible] | 04365300001295 | 13 ग्राम |

[illegible]
दिनांक: 18/01/2024, स्थान: भोपाल ब्रान्च मैनेजर

NCML FINANCE **एनसीएमएल फायनेंस** 6वीं मंजिल, टॉवर - बी 'एक्सप्रेस टॉवर' [illegible], मेडिसिटी, सेक्टर-38, गुड़गांव -122001
**परिशिष्ट IV [ नियम 8 (1)]**
**कब्जा सूचना [ अचल संपति हेतु ]**
जबकि अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत एनसीएमएल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हैं और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित एक मांग नोटिस जारी किया है। उधारकर्ताओं से उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है।
उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है, कि नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पढ़े गए उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कब्जा कर लिया है
उधारकर्ता, विशेष रूप से और आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति के साथ लेनदेन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन मांग सूचना की तारीख से ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि के साथ नीचे उल्लिखित राशि के लिए एनसीएमएलफायनेंस प्राइवेट लिमिटेड के शुल्क के अधीन होगा

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | ऋणधारकों के नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | NFINMPBLMP000005000002 | श्री राधेश्याम डांगी (आवेदक) एवं श्रीमती शारदा बाई (सह- आवेदक) | 06/11/2023, रु.21,39,931.- (इक्कीस लाख उनतालिस हजार नौ सौ इकतीस मात्र रुपये ) | 17/01/2024 |

संपत्ति का विवरण: उपखंड (अ)
आवासीय मकान नं.41, कुल 680 वर्ग फीट भूमि/प्लॉट /मकान स्थित, ग्राम-मोहनीपुरा प.ह.37, तहसील ब्यावरा, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश 465674, भारत
अचल संपत्ति की चौहद्दी
- पूर्व: कृष्णा डांगी का मकान
- उत्तर: 19 फीट चौड़ी आम सड़क
- पश्चिम: 10 फीट चौड़ी सड़क
- दक्षिण: रामेश्वर डांगी

उपखंड (ब)
आवासीय मकान नं.28, कुल 702 वर्ग फीट भूमि/प्लॉट/मकान स्थित ग्राम मोहनीपुरा पी.एच.37 तहसील ब्यावरा जिला-राजगढ़, मध्य प्रदेश - 465674, भारत
अचल संपत्ति की चौहद्दी
- पूर्व: अमृतलाल डांगी का मकान
- उत्तर: रामनारायण डांगी का मकान
- पश्चिम: मांगी लाल डांगी का मकान
- दक्षिण: 15 फीट चौड़ी सड़क


दिनांक: 19/01/2024
स्थान: गुरुग्राम
प्राधिकृत अधिकारी
(श्री अप्पाला राजू)
एनसीएमएल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

चिंतन

# भारतीय सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का आरंभकाल

आज 22 जनवरी सोमवार को भारत का करीब 500 वर्ष का सपना पूरा हुआ। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। अब रामलला एक दिव्य मंदिर में विराजेंगे। वास्तुकला की पारंपरिक नागर शैली में निर्मित मंदिर, लंबाई में 380 फुट (पूर्व-पश्चिम), चौड़ाई में 250 फुट और ऊंचाई में 161 फुट आकार का है। यह 392 स्तंभों पर टिका है और इसमें 44 दरवाजे हैं। 22 जनवरी की तारीख एक नए कालचक्र का उद्गम है। यह क्षण पवित्रतम है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का राजनीतिक लाभ लेने की जो भी कोशिश हो, लेकिन सबसे अधिक इसका सांस्कृतिक महत्व ही है। भारतीय समावेशी संस्कृति के प्रतीक पुरुष श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर में विराजना सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का आरंभकाल है। आज समूचा देश राममय है। अमेरिका, कनाडा, रूस, मॉरीशस, नेपाल, भूटान, ब्रिटेन, यूएई आदि समेत विश्वभर में बसे हिंदुओं में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुशी है। पाकिस्तान और कतर जैसे देशों के मीडिया में जरूर भारत को लेकर नकारात्मक रुख हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता कि भारत के संविधान में ही शिव, राम, कृष्ण, बुद्ध अंकित हैं। पाक ने तो खुद को इस्लामिक राष्ट्र ही बना लिया है, तो वह किस मुंह से भारत को धर्मनिरपेक्षता की नसीहत दे रहा है? खैर, आज राम के सबको साथ लेकर चलने के संदेश को आत्मसात करने का दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को एक नए युग के आगमन का प्रतीक करार दिया और लोगों से अगले 1,000 वर्षों के मजबूत भारत की नींव बनाने का आह्वान किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद 'सियावर रामचंद्र की जय' और 'जय श्री राम' के उद्घोष से समूची अयोध्या गुंजायमान हो उठी। अयोध्या में रामलला की स्थापना जीत का नहीं, राम की विनम्रता व विनयशीलता की प्रतिस्थापना है। यह राम मंदिर समृद्ध और विकसित भारत के उदय का गवाह बनेगा। यह केवल एक मंदिर भर नहीं है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आध्यात्मिक चेतना के उत्थान का प्रतीक स्थल है। आज जिस तरह समूचे देश में राम के प्रति आस्था का सैलाब उमड़ा, यह प्रमाण है कि भारत के जनमानस में प्राण प्रण से राम स्थापित हैं। भारत की सांस्कृतिक पहचान राम हैं, जो समूचे राष्ट्र को जोड़कर रखते हैं। भगवान राम देश के संविधान की पहली प्रति में निवास करते थे। संविधान के अस्तित्व में आने के बाद भी दशकों तक प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चली। भारत की न्यायपालिका ने न्याय की लाज रखी। राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। आज देश को सदियों के राम मंदिर को लेकर धैर्य की धरोहर मिली है। राम मंदिर भारत की दृष्टि का, दर्शन का, दिग्दर्शन का मंदिर है। यह राष्ट्र चेतना का मंदिर है। अयोध्या में केवल श्रीराम के विग्रह रूप की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुई है, बल्कि यह राम के रूप में भारतीय संस्कृति के प्रति अटूट विश्वास की भी प्राण प्रतिष्ठा है व यह मानवीय मूल्यों और सर्वोच्च आदर्शों की भी प्राण प्रतिष्ठा है। रामलला के इस मंदिर का निर्माण भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का भी प्रतीक है। जो लोग आमंत्रण ठुकराकर अपनी राजनीति के चलते अयोध्या नहीं गए, उन्हें राम की विनयशीलता से सीखना चाहिए, उन्हें समझना चाहिए कि राम विवाद नहीं समाधान हैं। राम आग नहीं ऊर्जा हैं, आज समूचा राष्ट्र राम की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक ऊर्जा से ऊर्जामय है। हम अतीत की कड़वाहट से बाहर निकलें और एक समावेशी राष्ट्र के निर्माण के लिए आगे बढ़ें।

# बदले भारत का प्रतीक बनी अयोध्या




प्राण प्रतिष्ठा
अवधेश कुमार

प्राण प्रतिष्ठा के विरुद्ध बयानों से विवाद करने वालों के बारे में अगर पूछिए तो लोगों की प्रतिक्रिया या तो गुस्से में है या बहुत सारे लोगों के लिए मायने ही नहीं रखता। अयोध्या लंबे समय से आने वाले लोग बता रहे हैं कि हमने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि इस तरह का बदला हुआ चित्र हमें दिखाई देगा। गांधी जी ने कहा है कि धर्म ऐसा क्षेत्र है जिसमें भारत दुनिया में बड़ा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार तथा दूसरे धार्मिक सांस्कृतिक आध्यात्मिक संगठनों-समूहों ने लंबे समय तक काम करके भारत की सोई हुई धार्मिक आध्यात्मिक चेतना की जागृति में भूमिका निभाई है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में इस तरह जागृति सुखद व अच्छे भविष्य का ही द्योतक हो सकता है।

मैं पिछले कई दिनों से अयोध्या में हूं। हमारे देश के उन बुद्धिजीवियों और नेताओं को, जो समय की धारा को नहीं पहचानते, अयोध्या के वातावरण का अनुमान भी नहीं होगा। आप कल्पना करिए कि कैसा माहौल है? पूरे अयोध्या जिला को पुलिस ने सील कर दिया। जिन्हें निमंत्रण है, जिनको पास मिला है, वही गाड़ियां 21- 22 - 23 जनवरी को अयोध्या आ सकी है । बावजूद हजारों की संख्या में सभी उम्र के लोग अयोध्या पहुंचे हुए हैं। मुख्य सड़कें लोगों से भरी हुई रही। लोग पैदल चल कर भी अयोध्या पहुंचे हैं। यहां भारी सुरक्षा सख्ती है। लोगों को असुविधाएं हैं। बावजूद मैंने जितने भी सामान्य लोगों से बात की किसी ने भी इस पर प्रश्न नहीं उठाया। पुलिस ने लोगों को रोका हुआ है, लोग सड़कों पर खड़े हैं लेकिन ज्यादातर के चेहरे पर प्रसन्नता का भाव है। ऐसा वातावरण इसके पहले शायद ही किसी ने देखा होगा। आम तौर पर जब सुरक्षा सख्त होती है तो लोगों की आवाज उसके विरुद्ध निकलती है लेकिन अब किसी से पूछिए तो कहेंगे कि हमें कोई परेशानी नहीं है। दर्शन आज नहीं तो कल हो जाएगा। इसका अर्थ क्या है?

भारत के सामूहिक मानस का यही बदलाव आज समझने की आवश्यकता है। अगर आप थोड़ी सूक्ष्मता से विचार करेंगे तो ऐसा लगेगा कि संपूर्ण अयोध्या भारतमय है राममय है और संपूर्ण भारत इस समय अयोध्यामय और राममय हो गया है। अयोध्या के भारतमय, राममय और भारत के राममय में होने के गहरे निहितार्थों को भी समझना आवश्यक है। किसी भी देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की धाराएं इसी तरह प्रभावी होती हैं। राम मंदिर का आंदोलन किसी सामान्य मंदिर निर्माण का आंदोलन नहीं था। यह यह ध्वस्त की गई मंदिर के पुनर्निर्माण के द्वारा भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आंदोलन था। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ दिखाई पड़ रहा है कि स्वतः स्फूर्त भाव से उत्साह और उमंग लिए हुए लोगों का अयोध्या आगमन सांस्कृतिक पुनर्जागरण के धीरे-धीरे सशक्त होने का प्रमाण है। या इस बात को प्रमाणित करता है कि जिन लोगों ने अयोध्या में मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने के विरुद्ध तथा राम मंदिर के पुनर्निर्माण के आंदोलन की कल्पना की वे वाकई दूरदर्शी थे। अयोध्या का चित्र बता रहा है कि भारत के आम लोगों ने अपनी भावनाओं और व्यवहार से उन सबको सच्ची श्रद्धांजलि देने की शुरुआत कर दी है।

प्राण प्रतिष्ठा के विरुद्ध बयानों से विवाद करने वालों के बारे में अगर पूछिए तो लोगों की प्रतिक्रिया या तो गुस्से में है या बहुत सारे लोगों के लिए मायने ही नहीं रखता। वास्तव में यह भारत में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्रांति की लहर जैसी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व दक्षिण भारत में तमिलनाडु के उन मंदिरों-धर्म स्थानों का दौरा किया जहां वन यात्रा में रामचंद्र जी गए थे या उनसे जुड़े या उनकी भक्ति से जुड़े हुए हैं। तमिलनाडु से सनातन और हिंदुत्व के विरुद्ध तथा उत्तर दक्षिण को बांटने के स्वर के मध्य तथा प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व इस यात्रा के प्रभावों का आकलन करने में थोड़ा समय लगेगा। प्रधानमंत्री की तमिलनाडु यात्रा से उत्तर



और दक्षिण का भेद खड़ा करने की चेष्टा का सकारात्मक सांस्कृतिक आध्यात्मिक प्रत्युत्तर मिला है। आम लोगों के लिए इसके कोई मायने नहीं है कि किसे निमंत्रण मिला, किसे नहीं मिला, कौन आए कौन नहीं आए। अयोध्या पहुंचकर लगेगा ही नहीं कि जिन लोगों ने प्रश्न उठाए या विरोध किया उनका कोई संज्ञान भी लेने को तैयार है।

अयोध्या लंबे समय से आने वाले लोग बता रहे हैं कि हमने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि इस तरह का बदला हुआ चित्र हमें दिखाई देगा। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में भाग लेने वाले बता रहे हैं कि अगर उस समय सड़कें ऐसी होतीं, खुला वातावरण होता तो 30 अक्टूबर, 1989 और 2 नवंबर, 1989 के गोली चालन में उतनी संख्या में कारसेवक नहीं मारे जाते, लेकिन न भागने का स्थान और न बचने का। अयोध्या आंदोलन के प्रभावी होने और भारी संख्या में लोगों के लगातार पहुंचते रहने के बावजूद केंद्र और राज्य की सरकारों ने कभी भी यहां सड़कों और आम जनता की सुविधाओं के निर्माण की दृष्टि से काम किया ही नहीं। इस नाते भी यह बदली हुआ अयोध्या है। आज यह इतनी अंतर्शक्ति पा गया है कि संपूर्ण भारत की मानसिक चेतना को बदलने का आधार साबित हो सकता है।

जब आपके लक्ष्य छोटे हो तो फिर छोटे स्तर से विचार करते हैं किंतु लक्ष्य बड़े हों तो आपके विचार की परिधि भी व्यापक हो जाती है। अगर भारत के लंबे भविष्य की दृष्टि से काम करना हो तो ऐसे अवसरों पर कोई विरोधी और दुश्मन नहीं हो सकता। इसीलिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विरोधियों को भी आमंत्रित किया गया। यहां तक कि मुकदमे के विरोधी पक्षकारों को भी आमंत्रित किया गया। जैसा पूरे देश को पता है विपक्षी दलों को भी आमंत्रित किया गया था। लेकिन समस्या यह थी कि संपूर्ण अयोध्या आंदोलन के दौरान जिन दलों और नेताओं ने इसका विरोध किया, उनको प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने के लिए कोई न कोई तार्किक आधार चाहिए था। वह मिलना संभव नहीं था। अयोध्या में आम आदमी की भाषा यही है कि विरोधी किस मुंह से प्राण प्रतिष्ठा में आते। अपने दुर्भाग्य से भाजपा और मोदी विरोधी राजनीतिक पार्टियां, बुद्धिजीवी और मीडिया के भी कुछ पुरोधा श्रीराम मंदिर से पैदा हुए भारत के सकारात्मक बदलावों को अभी भी समझने की कोशिश नहीं कर रहे। भारत का मूल धर्म व अध्यात्म रहा है। हमारे प्राचीन मनीषियों ने इसे पहचाना था। गांधी जी ने कहा है कि धर्म ऐसा क्षेत्र है जिसमें भारत दुनिया में बड़ा हो सकता है। वास्तव में धर्म भारत के डीएनए में है । जो आपका मूल संस्कार होता है, उसे जागृत कर दिया जाए तो फिर वह उच्चता को प्राप्त करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार तथा दूसरे धार्मिक सांस्कृतिक आध्यात्मिक संगठनों - समूहों ने लंबे समय तक काम करके भारत की सोई हुई धार्मिक आध्यात्मिक चेतना की जागृति में भूमिका निभाई है। चाहे वह सोमनाथ का पुनर्निर्माण हो, अयोध्या आंदोलन या लंबे समय से चल रहे दूसरे मंदिरों के पुनरुद्धार का आंदोलन या फिर हिंदुत्व और हिंदू धर्म की नए सिरे से प्राचीन विरासत के आधार पर व्याख्या करने, इतिहास का पुनर्लेखन, राष्ट्र की परिभाषा अपनी सही सोच से निर्धारित करने, सब इसी दिशा के कदम हैं। स्वाभाविक ही इन सबका प्रभाव हुआ है और यह इस समय समग्र रूप में अयोध्या में दिख रहा है। यहां सामान्य लोग कहते हुए मिल जाएंगे कि हमको तो इतिहास गलत बताया गया। कल्पना करिए जिस व्यक्ति ने दसवीं तक की भी शिक्षा प्राप्त नहीं की वह इतिहास और संस्कृति की बात कर रहा है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में इस तरह उसकी संस्कारगत चेतना और जागृति सुखद और अच्छे भविष्य का ही द्योतक हो सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
डॉ. विनोद यादव



# महानायक सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रबोध मूल्यों से सीखें युवा

आज पराक्रम दिवस है, यानी स्वाधीनता आंदोलन के एक ऐसे महानायक का जन्मदिवस जो शौर्य, साहस और पुरुषार्थ के प्रणेता थे। आज पूरा देश महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मना रहा है। नेताजी की जयंती के मौके पर 5 वर्षों के अंतराल के बाद राजधानी के ऐतिहासिक लाल किले में 'जयहिंद- लाइट एंड साउंड शो' शुरू हो रहा है। 1 घंटे के इस शो के अंतर्गत खासतौर पर नेताजी सुभाष चंद्र के अदम्य साहस की शौर्य गाथा और आजाद हिंद फौज के क्रांतिवीरों पर चले मुकदमों का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया गया है।


आजादी के आंदोलन के संदर्भ में लालकिला ऐसा ऐतिहासिक स्मारक है, जो सन सत्तावन के क्रांतिकारियों से लेकर आजाद हिंद फौज के सैनिक कमांडरों के अदम्य साहस और अपूर्व शौर्य की गवाही देता है। फर्क सिर्फ इतना है कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिवीरों ने अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए जब मेरठ छावनी से 'दिल्ली चलो' के उद्घोष के साथ शंखनाद किया तो लालकिले पहुंचकर भारत का झंडा फहराया। किंतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हॉल के सामने आजाद हिंद फौज के सुप्रीम कमांडर की हैसियत से फौज के सैनिकों से 'दिल्ली चलो' का आवाह्न करते हुए उद्घोष किया-'चलो दिल्ली, जहां मीनार कुत्बी है... निशान-ए-हिंद (भारत के राष्ट्रीय ध्वज) को हम उस पर लहराएं/ चलो दिल्ली जवानों, हिंद को आजाद करवाएं/ यानी आजाद हिंद फौज के सैनिक दिल्ली को फतह करके कुतुब मीनार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहते थे। इतिहास गवाह है कि नेताजी का स्वाभिमान दुनिया में सबसे ऊंचा था, इसलिए वो भारत का झंडा सबसे ऊंचे स्मारक पर फहराना चाहते थे। उन दिनों राजधानी दिल्ली में सबसे ऊंची ऐतिहासिक इमारत



कुतुब मीनार ही थी, लेकिन आजाद हिंद फौज के जांबाज सिपाहियों का वह सपना पूरा न हो सका। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध में जापान की हार ने आजाद हिंद फौज के सैनिकों के इस सुनहरी सपने का पटाक्षेप कर दिया। बहरहाल, कुतब मीनार के साथ-साथ लाल किले का संबंध भी आजाद हिंद फौज से जुड़ गया, जब फौज के मेजर जनरल शाहनवाज खान, कर्नल प्रेम सहगल और कर्नल गुरुबख्श सिंह ढिल्लो पर अंग्रेजों ने देशद्रोह का अभियोग लगाकर लालकिले को सैनिक अदालत के तौर पर चिह्नित किया। नेताजी सुभाष चंद्र के इन तीन फौजी अफसरों से संबंधित यह ऐतिहासिक मुकदमा हिंदुस्तान के इतिहास में 'लालकिला ट्रायल' के नाम से दर्ज है। आईएनए के इन अफसरों समेत तमाम सैनिकों के समर्थन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नामी-गिरामी नेता और जाने-माने वकील तेज बहादुर सप्रू, भूलाभाई देसाई, पं. जवाहरलाल नेहरू और कैलाश नाथ काटजू मुकादमा लड़ने के लिए आगे आए। इस दौरान पूरे मुल्क में देशभक्ति का बेमिसाल माहौल निर्मित हो गया, जवाहरलाल नेहरू पहली बार एडवोकेट की यूनिफॉर्म पहनकर अदालत में उपस्थित हुए। भूलाभाई देसाई व जवाहरलाल की सशक्त शानदार दलीलों ने मुकदमे को आजाद हिंद फौज के जांबाज सिपाहियों के हक में कर दिया। आजाद हिंद फौज के समर्थन में पूरा देश एकजुट हो गया, देश के कोने-कोने में अंग्रेजी शासन के खिलाफ धरने-प्रदर्शन होने लगे। आखिरकार तीनों भारतीय वकीलों की जोरदार दलीलों और आईएनए के सपोर्ट में उमड़े तमाम भारतवासियों की एकजुटता की वजह से अंग्रेजों को तीनों अफसरों को रिहा करना पड़ा। वस्तुतः नेताजी सुभाष और उनकी आजाद हिंद फौज की गाथा, औपनिवेशिक शासन और साम्राज्यवाद के शोषण से त्रस्त भारतवासियों के नायक के जीवन-पर्यंत संघर्ष व जीवटता की ऐसी अमर कहानी है, जो हरेक भारतवासी की रगों में राष्ट्रवाद का संचार करती है। तमाम विधाओं में प्रवीणता व कुशल नेतृत्व क्षमता ही उन्हें आर्यावर्त भरतखण्ड से निकालकर जापान, जर्मनी, रूस और इटली जैसे देशों में भी लोकप्रिय बनाती है। उन्होंने अपनी सोच में, अपने चिंतन में बस एक विचार को दृढ़ बनाए रखा कि मनुष्य के समग्र विकास के लिए बौद्धिक कौशल और नैतिक चेतना दोनों जरूरी हैं। नेताजी का व्यक्तित्व व कृतित्व हरेक आयुवर्ग के भारतीयों के लिए आदर्श की राह है। नेताजी ने कहा था- 'हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी भारतभूमि की स्वतंत्रता का मूल्य अपने रक्त से चुकाएं।'

(लेखक शिक्षाविद एवम इतिहासकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। *-मोरारी बापू*

## कोयल-अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
प्रेरणा

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## सटाका





## आज की पाती

### साइबर अपराध रोकने के लिए उठाएं सख्त कदम

हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सभी छोटे-बड़े प्राइवेट बैंकों को यह सुझाव दिया है कि सभी साइबर सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएं। इसके लिए सभी बैंकों को 24 गुणा 7 हेल्पलाइन अपने उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवानी चाहिए और सभी फोन नंबर जो हेल्पलाइन के लिए उपलब्ध करवाए जाएं, वो भी हर वक्त दुरुस्त रहें और फ्री रहें। एसबीआई क्रेडिट कार्ड ने अपना हेल्पलाइन नंबर मुफ्त सुविधा से वंचित रखा है। यहां कॉल करने के लिए एक मिनट के लिए लगभग 2 रुपए पड़ते हैं। हमारा देश डिजिटल लेन-देन की ओर कदम तो बढ़ा चुका है, लेकिन कुछ साइबर चोर इसकी राह में ठगी करके बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। देश में दिन-प्रतिदिन साइबर ठगी की खबरें पढ़ने और सुनने को मिल रही हैं। *-पीयूष गोयल, धमतरी*

## ट्रेंड

### अपना सोलर सिस्टम



सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मुझे रोका गया



भारत की सांस्कृतिक विविधता को शंकर देव जी ने भक्ति के माध्यम से एकता के सूत्र में पिरोया, लेकिन आज मुझे उन्हीं के स्थान पर माथा टेकने से रोका गया। मैंने मंदिर के बाहर से ही भगवान को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### जीने के लिए समर्पित



आज् मंडे मोटिवेशन भगवान राम हैं। वह एक ऐसी शख्सियत हैं जो धर्म से परे हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि किसी की आस्था क्या है, हम सभी ऐसी अवधारणा के प्रति आकर्षित हैं जो सम्मान और मजबूत मूल्यों के साथ जीने के लिए समर्पित है।
**-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति**

### अपने अपने राम



बस क्या कहूं। जो भी बोलना-कहना सीखा था वो सब आज मौन और आंसुओं में बदल गया। राघवेंद्र सरकार राम के दर्शन करके जब अयोध्या के राम-मार्ग पर निकला तो कुमार भैया और अपने अपने राम का जयघोष कर-करके अभिवादन किया।
**-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि**

## करंट अफेयर

### दुनियाभर में मना रामलला का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव...

अयोध्या में सोमवार को हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने के लिए राम भक्तों और भारतीय समुदाय के सदस्य न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्कवायर सहित दुनियाभर में विभिन्न स्थानों पर एकत्र हुए, प्रार्थना सभाएं कीं, कार रैली निकाली और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये।




अमेरिका में न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कवायर पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के सदस्य एकत्र हुए। उन्होंने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा। लोगों को पारंपरिक पोशाक पहने, नृत्य करते, भजन और अन्य गीत गाते देखा गया। वाशिंगटन में वर्जीनिया के फेयरफैक्स काउंटी में स्थित एसवी लोटस टेम्पल में सिख, मुस्लिम और पाकिस्तानी-अमेरिकी समुदाय के सदस्य भी इस समारोह में शामिल हुए। रविवार को हुए कार्यक्रम में 2,500 से ज्यादा लोग शामिल हुए। अमेरिकी शेयर बाजार 'नैस्डैक' की स्क्रीन पर भी राम मंदिर की तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होने के तुरंत बाद वर्ल्ड हिंदू काउंसिल ऑफ अमेरिका और विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा ने दोनों देशों में एक हजार से अधिक मंदिरों के दर्शन के लिए 'राम मंदिर यात्रा' की घोषणा की।

## ऑफ बीट

### मृत्युलेखों में पालतू जानवरों का उल्लेख अधिक हो रहा

जानवर हमारे जीवन में कई अलग-अलग भूमिका निभाते हैं। कुछ लोग उन्हें परिवार का सदस्य मानते हैं, जबकि अन्य दैनिक सैर की याद दिलाने के रूप में



उनकी सराहना करते हैं। सेना में काम करने वाले कुत्तों और भावनात्मक सहयोग देने वाले जानवरों से लेकर दरवाजे पर हमारा स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहे पालतू जानवरों तक, ये जानवर हमारे जीवन में खुशी, आराम और साथ ला सकते हैं। तो स्वाभाविक रूप से, ये रिश्ते जीवन भर जारी रहेंगे - या कम से कम मृत्यु के बाद भी स्मरण किए जाएंगे। टोरंटो स्टार ने हाल ही में ओकविले, ओंटारियो के पालतू जानवरों के कब्रिस्तान से 600 से अधिक जानवरों को निकालने और दूसरी जगह ले जाने के प्रयासों पर रिपोर्ट दी। जैसे यह कहानी सामने आई और जैसा कि कई अन्य लोग ध्यान देंगे, जानवरों को दफनाना, उनपर लेप लगाना या अंतिम संस्कार करना शायद ही कोई नई प्रथा है। ये अंत्येष्टि प्रथाएं एक पालतू जानवर और उन सभी चीजों का सम्मान करने के तरीके प्रदान करती हैं जो हमारे लिए मायने रखती हैं। लेकिन तब क्या जब मालिक पहले मर जाए? जैसा कि पता चला है, अब पालतू जानवरों को रखने वाले ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है, जिनके मरने के बाद उनके मृत्युलेखों में उनके जानवरों का उल्लेख भी किया जाता है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## सीएम योगी बोले- मंदिर वहीं बना है, जहां हमने बनाने की खाई थी सौगंध

# बरसहिं सुमन देव मुनि बृंदा। जय कृपाल जय जयति मुकुंदा।।

## अयोध्या में श्री रामलला हो गए विराजमान, पूरे विधि-विधान के साथ बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में आखिर रामलला विराजमान हो गए। पूरे विधि-विधान के साथ भगवान के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसी बीच रामलला की मूर्ति की बेहद खास तस्वीरें सामने आई हैं। श्रृंगार युक्त मूर्ति में भगवान के पूरे स्वरूप को देखा जा सकता है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। योगी ने रामलला भगवान की जय बोलने के साथ भारत माता की जय और जैजै सीतारम से भाषण की शुरुआत की।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रभु रामलला के भव्य, दिव्य और नव्य धाम में विराजने की आप सभी को कोटि-कोटि बधाई। मन भावुक है। सीएम योगी ने कहा कि निश्चित रूप से आप सब भी ऐसा महसूस कर रहे होंगे, आज इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत का हर नगर, हर ग्राम अयोध्या धाम है। हर मन में राम नाम है। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगी है हर जुबान राम नाम जप रही है। रोम-रोम में राम रमे हैं...ऐसा लगता है कि हम त्रेतायुग में आ गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारत का हर मार्ग रामजन्मभूमि की ओर आ रहा है।

भारत का हर मार्ग रामजन्मभूमि की ओर आ रहा

भारत का हर नगर, हर ग्राम दिखा अयोध्या धाम

अब दुनियाभर के लोग प्रभु के पूरे स्वरूप को देख रहे



पीएम मोदी को श्री राम मंदिर की प्रतिकृति देते सीएम योगी।

### 'रामराज्य' की स्थापना की उद्घोषणा

सीएम योगी ने कहा कि 500 वर्षों के सुदीर्घ अंतराल के बाद आए प्रभु श्री रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक और अत्यंत पावन अवसर पर आज पूरा भारत भाव-विभोर और भाव विह्वल है। श्री अवधपुरी में श्री रामलला का विराजना भारत में 'रामराज्य' की स्थापना की उद्घोषणा है। 'सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती' की परिकल्पना साकार हो उठी है।



संघ प्रमुख डॉ.मोहन भागवत ने भी पीएम मोदी के साथ पूजा की और कहा कि हमें संयम में रहना होगा।

### अब अयोध्या धाम में कर्फ्यू का कहर नहीं, रामनाम संकीर्तन गूंजेगा

सीएम योगी ने कहा कि रामकृपा से अब कभी कोई भी श्री अयोध्या धाम की पारंपरिक परिक्रमा को बाधित नहीं कर सकेगा। यहां की गलियों में गोलियां नहीं चलेंगी, सरयू जी रक्त रंजित नहीं होंगी। अयोध्या धाम में कर्फ्यू का कहर नहीं होगा। यहां उत्सव होगा। रामनाम संकीर्तन गुंजायमान होगा। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में त्रेतायुग उतर आया है। प्रभुराम की कृपा से अयोध्या की गलियों में गोलियां नहीं गूंजेंगी। कर्फ्यू नहीं लगेगा। यहां दीपोत्सव हुआ करेंगे। जैजै सियाराम बोलकर योगी ने अपना भाषण खत्म किया। योगी ने कहा कि हर मन में राम नाम हैं। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगा है। हर जिह्वा राम-राम जप रही है। रोम रोम में राम रमे हैं। पूरा राष्ट्र राममय है। ऐसा लगता है हम त्रेतायुग में आ गए हैं। आज रघुनन्दन राघव रामलला, हमारे हृदय के भावों से भरे संकल्प स्वरूप सिंहासन पर विराज रहे हैं। आज हर रामभक्त के हृदय में प्रसन्नता है, गर्व है और संतोष के भाव हैं।

### आज संतोष मिला, पीएम का हृदय से आभार

सीएम ने कहा कि सन्यासियों, संतों, पुजारियों, नागाओं, निहंगों, बुद्धिजीवियों, राजनेताओं, वनवासियों सहित समाज के हर वर्ग ने जाति-पाँति, विचार- दर्शन, उपासना पद्धति से ऊपर उठकर राम काज के लिए स्वयं का उत्सर्ग किया। अंततः आज वह शुभ अवसर आ ही गया कि जब कोटि-कोटि सनातनी आस्थावानों के त्याग और तप को पूर्णता प्राप्त हो रही है। आज संतोष इस बात का भी है कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने का संकल्प लिया था। सीएम ने कहा कि संकल्प और साधना की सिद्धि के लिए, हमारी प्रतीक्षा की समाप्ति के लिए, हमारे संकल्प पूर्णता के लिए आदरणीय पीएम नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार और अभिनंदन। सीएम ने कहा कि भाग्यवान है हमारी पीढ़ी जो इस राम-काज के साक्षी बन रहे हैं और उससे भी बड़भागी हैं वो जिन्होंने सर्वस्व इस राम-काज के लिए समर्पित किया है और करते चले जा रहे हैं। जिस अयोध्या को 'अवनि की अमरावती' और 'धरती का वैकुंठ' कहा गया, वह सदियों तक अभिशिप्त रही। उपेक्षित रही। अपनी ही भूमि पर सनातन आस्था पददलित होती रही, किंतु राम का जीवन हमें संयम की शिक्षा देता है और भारतीय समाज ने संयम बनाये रखा। आज देखिए... पूरी दुनिया अयोध्या जी के वैभव को निहार रही है।



### गोविंद देव गिरि बोले 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद संकल्प पूरा हुआ

प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंच से गोविंद देव गिरि जी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम देश का आत्मविश्वास है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद संकल्प पूरा हुआ। प्रधानमंत्री के मंगल हाथों से प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्राण-प्रतिष्ठा का अलौकिक क्षण हर किसी को भाव-विभोर करने वाला था। पीएम ने स्वयं प्राण प्रतिष्ठा की नियमावली मांगी।

### रामायण के कलाकार भी रहे मौजूद ऑरेंज साड़ी- टेंपल जूलरी पहने पहुंचीं टीवी की सीता



राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में बॉलीवुड से लेकर टीवी तक के स्टार्स सज-धज इस अवसर का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे। रामायण में राम और सीता का रोल निभाने वाले अरुण गोविल और दीपिका चिखलिया कई दिनों से अयोध्या में थे। दोनों के अब लुक भी सामने आ गए हैं। दीपिका ने अपने लुक को ऑरेंज और पिंक कलर की साड़ी में नजर आईं। उन्होंने पारंपरिक डिजाइन की शॉल भी मैच की हुई थी। दीपिका ने अपने लुक को हैवी टेंपल जूलरी से कंप्लीट किया। लाल बिंदी और गोल्ड की चूड़ियों के साथ दीपिका का लुक शानदार लग रहा था।

## रामलला के लिए चांदी का छत्र पोशाक लेकर पहुंचे पीएम मोदी



पीएम मोदी ने कहा कि दिव्य कार्यक्रम का हिस्सा बनना मेरा परम सौभाग्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर पहुंचे। पीएम मोदी रामलला के लिए चांदी का छत्र लेकर पहुंचे. पीएम मोदी रामलला के लिए पोशाक भी लेकर पहुंचे। हाथ में चांदी का छत्र लेकर पीएम मोदी ने राम मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया। प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान शुरू हो गया है। राज्यपाल आनंदी बेन, सीएम योगी ने स्वागत किया।

**पीएम मोदी ने कुबेर टीला पर प्राचीन शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना**

पीएम नरेंद्र मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कुबेर टीला स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। अयोध्या में स्थित कुबेर टीला पर एक प्राचीन शिव मंदिर है। श्री राम मंदिर के निर्माण के साथ-साथ श्रीराम भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस मंदिर का भी पुनरोद्धार करवाया है। मान्यता है कि यहां धन के देवता कुबेर आए थे और टीले पर भगवान शंकर की पूजा के लिए शिवलिंग की स्थापना की थी। वहीं इस मंदिर में मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की भी मूर्तियां हैं।

### जटायु की मूर्ति पर फूल अर्पित किए और शाम को 'रामज्योति' भी जलाई

मोदी ने राम मंदिर परिसर में जटायु की मूर्ति पर फूल अर्पित किए। इसके साथ ही राम मंदिर निर्माण दल का हिस्सा रहे कार्यकर्ताओं पर फूलों की वर्षा की। प्राण प्रतिष्ठा के पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि आज मैं पूरे पवित्र मन से महसूस कर रहा हूं कि कालचक्र बदल रहा है, यह सुखद संयोग है कि हमारी पीढ़ी को एक कालजयी पथ के शिल्पकार के रूप में चुना गया है। हजारों वर्ष बाद की पीढ़ी राष्ट्र निर्माण के हमारे आज के कार्यों को याद करेगी इसलिए मैं कहता हूं यही समय है, सही समय है। अयोध्या से दिल्ली लौटने पर शाम को पीएम नरेंद्र मोदी ने पीएम आवास पर श्रीरामलला के चित्र के समक्ष 'रामज्योति' प्रज्ज्वलित की।





पीएम मोदी धर्मगुरुओं से मिले और उनसे बातचीत भी की।



पीएम मोदी से बात करते मेगा स्टार अमिताभ बच्चन और अन्य हस्तियां।

## अयोध्या धाम में बोले सितारे

### सौभाग्यशाली हैं जो इतिहास को देख रहे



गायक बादशाह ने कहा कि बात जो हैं वह शब्दों का नहीं बल्कि भावनाओं का है। हम सभी सौभाग्यशाली लोग हैं जो इस इतिहास को रचते हुए देख रहे हैं।

### यह मेरा सौभाग्य है सायना नेहवाल



बैडमिंटन की स्टार सायना नेहवाल ने कहा, यह सौभाग्य है आज इतने बड़े मंदिर के खुलने पर पहुंची हूं। उन्हें इसका काफी समय से इंतजार था।

### यह अद्भुत, अलौकिक अनुभव रहाः रनौत




बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने कहा आज हम अयोध्या आए हैं, लगता है हम किसी पौराणिक काल में पहुंच गए हो। यह अद्भुत और अलौकिक अनुभव है। योगी जी ने कायापलट कर दी है।

### रामलला का मन से स्वागत करें: शिल्पा



शिल्पा शेट्टी ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट लिखकर रामलला प्राण प्रतिष्ठा की फैंस को बधाई दी है। सभी देशवासियों से करबद्ध प्रार्थना कर रही हूं, रामजी जी का स्वागत तन- मन से करें।

### पूरे भारत का दिन बन गयाः चिरंजीवी




राम मंदिर उद्घाटन के समारोह में तमील एक्टर चिरंजीवी भी अयोध्या पहुंचे। यहां एक्टर अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए कहा कि ये शानदार अनुभव है। पूरे भारत का दिन बन गया।

### मुझे आशीर्वाद मिला है जैकी श्रॉफ बोले



श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर अभिनेता जैकी श्रॉफ कहते हैं कि मुझे आशीर्वाद मिला है। जब भी मुझे इंस्पेक्टर की भूमिका दी गई, तो मेरा नाम 'राम' था।

और ये भी बने राम भक्त



### अयोध्या पहुंचे विक्रमादित्य और सुधीर

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह राम लला प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंच गए हैं। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुधीर शर्मा दिल्ली पहुंच चुके हैं और सोमवार को अयोध्या पहुंचे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए प्रदेश से केवल दो राजनीतिक हस्तियों को निमंत्रण दिया गया था और दोनों ही अयोध्या के लिए कूच कर पहुंचे।

अयोध्या से दूर रही कांग्रेस



### सीएम सिद्धारमैया ने बेंगलुरु में किया राम मंदिर का उद्घाटन

राम मंदिर के आयोजन से कांग्रेस ने दूरी ही बना ली थी। इस बीच कांग्रेस की कर्नाटक सरकार के मुख्यमंत्री एम. सिद्धारमैया ने बेंगलुरु में ही एक राम मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मैं आज श्री रामचंद्र मंदिर का उद्घाटन किया है। इस इलाके को लोगों ने मुझे कार्यक्रम में आमंत्रित किया था। इसलिए यहां आया हूं। हनुमान जी की एक बड़ी प्रतिमा भी यहां लगाई गई है।



प्राण-प्रतिष्ठा के पहले पुजारीगण पवित्र कलश के साथ पूजा की तैयारी करते हुए।

### अवध में राम आए हैं... भक्तिमय हुए पटनायक



अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला के कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देशभर के अलग-अलग टीवी चैनलों पर किया गया। ओडिया के सीएम नवीन पटनायक भी टीवी के जरिए इस पल के साक्षी बने। उन्होंने हाथ जोड़कर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का पूरा अनुष्ठान टीवी पर देखा। एक्स पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें ओडिशा के सीएम हाथ जोड़कर भक्तिमय नजर आए।

### नड्डा, शाह और राजनाथ ने दिल्ली में की पूजा

इस खास मौके पर पीएम मोदी अयोध्या में थे, लेकिन उनके मंत्री देश के अलग-अलग मंदिरों में पहुंचे, जहां उन्होंने लोगों के बीच जानकर मंदिरों में पूजा-अर्चना की और वहीं, से प्राण प्रतिष्ठा के समारोह का लाइव प्रसारण पर देखा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर राष्ट्रीय राजधानी के झंडेवालान मंदिर पहुंचे थे, जहां उन्होंने परिवार के लोग और पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ दर्शन कर पूजा-अर्चना की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर नई दिल्ली के बिड़ला मंदिर पहुंचे थे।



### आज खुशी मिली इतनी.....रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जन्मे कई लोगों ने राम, लव कुश, सीता और राम-रहीम जैसे नाम रखे



गाजियाबाद। गाजियाबाद के जिला महिला अस्पताल में प्राण प्रतिष्ठा के दिन कई बच्चों ने जन्म लिया है। इन बच्चों को जन्म देने वाली महिलाएं खुद को और अपने बच्चों को बहुत ही भाग्यशाली मान रही हैं। प्राण प्रतिष्ठा के दिन बच्चों को जन्म देने वाली महिलाओं को कहना है कि हम बहुत ही सौभाग्यशाली हैं कि हमें आज भगवान राम ने संतान दी है। एक महिला ने कहा कि आज मेरा बेटा पैदा हुआ है। ऐसे में उसका नाम लव कुश रखूंगा, जबकि दूसरी महिला ने कहा मैं अपने बेटे का नाम राम रखूंगी। उनका कहना है कि सनातन धर्म के मानने वालों के लिए आज से बड़ा दिन कोई और नहीं हो सकता है। वहीं जिन माताओं को बेटी पैदा हुई है वो भी अपनी लाड़ली का नाम सीता रखने की बात कह रही हैं।

### हर नवमी को रामलला के माथे पर सूर्यदेव लगाएंगे तिलक



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर की एक अनूठी विशेषता है कि यहां हर नवमी को सूर्यदेव स्वयं रामचंद्र के माथे पर तिलक लगाएंगे। सिंह ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण के दौरान इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि हर साल 'श्रीराम नवमी' के दिन दोपहर के समय सूर्य की किरणें भगवान राम की मूर्ति के माथे पर लगभग 6 मिनट तक पड़े। सिंह ने कहा कि बेंगलुरु की इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स ने सूर्य के पथ और ऑप्टिका पर अपनी मंदिर निर्माण के दौरान टेक्निकल सहायता दी है। उन्होंने कहा कि गियरबॉक्स और रिफलेक्टिव मिरर/लेंस की व्यवस्था इस तरह की गई है कि शिकारा के पास तीसरी मंजिल से सूर्य की किरणों को सूर्य के पथ पर नजर रखकर गर्भ गृह तक लाया जाएगा।



# दुनियाभर में मना 'रामोत्सव'

## हल्द्वानी में छात्रों ने निकाली रामनामी रैली

हल्द्वानी। पूरा उत्तराखंड राममय है। हल्द्वानी में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बच्चों में भी उत्साह है। बच्चों ने रामायण के पात्रों की वेशभूषा में रैली निकाली।

**नई दिल्ली।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जहां देशभर में खासा उत्साह है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, त्रिनिदाद और टोबैगो, लंदन, न्यूजीलैंड समेत दुनियाभर के 60 से अधिक देशों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। विदेशी जमीं पर बने मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना, सुंदरकाण्ड के पाठ का आयोजन किए गए।

## राममय हो उठा दुनिया का कोना-कोना, अमेरिका से यूरोप तक 'राम'

- कहीं रैली, दीपक जलाए, तो कहीं सुंदरकांड पाठ
- 60 से अधिक देशों के लोगों में दिखा खासा उत्साह





### मेक्सिको के 'क्वेरेटारो में पहला राम मंदिर'

मेक्सिको। मैक्सिको के शहर क्वेरेटारो में बने नए राम मंदिर में भारत से मूर्तियां पहुंची। जहां अमेरिकी भारतीय पुजारियों में विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया। जहां प्रवासी भारतीयों द्वारा भजन, कीर्तन, शास्त्रीय संगीत का आयोजन किया गया। भारतीय दूतावास ने पोस्ट साझा करते हुए कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर क्वेरेटारो शहर को पहला भगवान राम मंदिर मिला।

### अमेरिका में उत्सव की गूंज




वॉशिंगटन। अमेरिका के 1100 मंदिरों में सुंदरकांड, रामचरितमानस का आयोजन किए गए। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अमेरिका में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ राम मंदिर के सदस्यों ने न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में लोगों को लड्डू बांटे गए। संस्था के सदस्य प्रेम भंडारी ने कहा कि अमेरिका में भी इस कार्यक्रम को लेकर लोग उत्साहित हैं।

### न्यूजर्सी पहुंची हनुमान जी की मूर्ति

वाशिंगटन। अमेरिका के न्यूजर्सी के मोनरो स्थित ओम श्री साईं बालाजी मंदिर और संस्कृति केंद्र में भारत से भगवान हनुमान की 25 फीट लंबी और 15 टन वजनी एक विशाल मूर्ति पहुंची है। मंदिर के अध्यक्ष सूर्यनारायण मद्दुला ने कहा कि यह बहुत बड़ा संयोग है कि अयोध्या में भागवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले उनके सबसे बड़े भक्त हनुमान न्यूजर्सी पहुंचे हैं। इस साल के अंत तक मंदिर तैयार हो जाएगा और मूर्ति की स्थापना हो जाएगी।



### मॉरिशस में विशाल कार रैली



पोर्ट लुई। मॉरिशस की जनसंख्या की 48 प्रतिशत आबादी हिंदू है। रामलला के विराजमान के कार्यक्रम को लेकर मॉरिशस में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान मॉरिशस के मंदिरों में दीये जलाए गए। इस दौरान मंदिर में सुंदरकांड और राम जाप का आयोजन किया गया है। वहीं मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ ने पत्नी संग मंदिर में दीप जलाए।

### फ्रांसः एफिल टावर पर रैली का समापन

पेरिस। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर फ्रांस की राजधानी पेरिस में राम भक्तों ने रैली निकाली। पेरिस के इलाकों से होते हुए शाम को एफिल टावर यह रैली पहुंची। खास बात है कि रैली निकलने से पहले यज्ञ किया गया।



### नेपालः जानकी मंदिर में जलाए दीपक

काठमांडू। भारत के पड़ोसी देश नेपाल में भी राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर खुशी दिखी। नेपाल के जनकपुर जानकी मंदिर में हजारों लोगों ने साथ में 1 लाख दीपक जलाए। लोगों ने कहा कि ये हमारे लिए गौरव का क्षण है। हमें खुशी हो रही है कि हम इस पल के साक्षी बने हैं।

### ताइवानः भजन संध्या

ताइपे। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान ताइवान में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस्कॉन की तरफ से भजन संध्या में भारतवंशियों ने भगवान राम के भजन गुनगुनाए।

### न्यूजीलैंडः मंत्री ने लगाए जय श्रीराम के नारे

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड भी राममय होता दिखाई दिया। न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंग्टन में मंत्री डेविड सीमोर ने जय श्री राम के नारे लगाए। उन्होंने पूरे भारत को राम मंदिर के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद पीएम मोदी के नेतृत्व में आखिरकार मंदिर का निर्माण किया गया, जो हजारों साल तक रहेगा। जब मैं भारत का दौरा करूंगा तो राम मंदिर जरूर जाऊंगा। वहीं मंत्री मेलिसा ली ने भी पीएम मोदी और भारत के लोगों को बधाई दी।

### कनाडाः ब्रॉम्पटन के मंदिर में सीधा प्रसारण

कनाडा के ओंटारियो राज्य के ब्रॉम्पटन और ओकविल में 22 जनवरी को राम मंदिर डे घोषित किया गया। ब्रॉम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में लोग ने भारत और भगवान राम के झंडों के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। ब्रॉम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने कहा कि हिंदुओं के सदियों पुराना सपना आखिरकार राम मंदिर के जरिए पूरा हो गया है।

### जापानः लाइव टेलीकास्ट

टोक्यो। जापान की राजधानी में भारतीय मूल के लोग प्राण प्रतिष्ठा के लाइव टेलीकास्ट के दौरान आरती करते नजर आए।

### लंदनः गलियों में गूंजा जय श्रीराम

लंदन। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में भी राम भक्तों ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में रैली का आयोजन किया। वेस्ट लंदन से होते हुए यह यात्रा ईस्ट लंदन पहुंची। इसके अलावा आज 100 जगहों पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ।

## टाइम स्क्वायर पर लगा भगवान राम का बिलबोर्डस

न्यूयॉर्क। अयोध्या में सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दुनियाभर में सेलिब्रेशन की तैयारियां की गई थीं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर भी सेलिब्रेशन किया। वहां भगवान राम के बिलबोर्डस के साथ लोग जय श्रीराम के नारे लगाए।



## अमेरिका, ब्रिटेन, यूएई समेत वर्ल्ड मीडिया में छाए 'भगवान राम'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की यूएई, रूस, ब्रिटेन जैसे देशों की विदेशी मीडिया में भी खूब चर्चा रही। **लंदन** की मीडिया ने लिखा है कि मोदी के आग्रह पर भारतीयों ने घरों और मंदिरों में दीये जलाकर दीवाली मनाई। **रूस** के अखबार ने रिपोर्ट में लिखा है कि मंदिर निर्माण मोदी के 2019 के चुनावी वादों में से एक था। मंदिर का उद्घाटन आम चुनावों से पहले किया गया है।

**अमेरिका** मीडिया ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर का उद्घाटन किया, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में 'धार्मिक तनाव' का प्रतीक बन गया है। यह मंदिर 30 लाख आबादी वाले शहर अयोध्या की कायापलट कर उसे एक पर्यटक स्थल बनाने में अहम भूमिका बनाएगा।

**यूएई** के एक अखबार ने रिपोर्ट को शीर्षक दिया है- नरेंद्र मोदी का अयोध्या के हिंदू मंदिर का उद्घाटन करना भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पार्टी के दशकों पुराने वादे को निभाया है।

रामायण का एनिमेटेड वर्जन बनाया था

## जापान में रामायण पर बनी फिल्म 38 साल बाद मोदी ने करवाई रिलीज

### फिल्म का नाम था, 'रामायण-द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा'

- जापानी डायरेक्टर युको सको 1983 में भारत आए थे, तभी फिल्म का विचार आया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान श्रीराम के भक्त भारत ही नहीं अन्य देशों में भी हैं। इस बात का सबूत आज दुनियाभर में देखने को मिल रहा है। भारत में रामायण के प्रति लोगों का अलग प्यार है, इसपर तमाम नाटक और फिल्में बनी हैं। जापानी डायरेक्टर युको सको 1983 में भारत आए थे और यहां उन्होंने रामायण को गहराई से जाना। उन्होंने रामायण के 10 अलग-अलग वर्जन पढ़े और सालों रिसर्च करने के बाद इसपर एक फिल्म बनाना शुरू किया। फिल्म का नाम था, 'रामायण-द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा' और ये एक एनिमेटेड रामायण थी, जिसे लेकर भारत में विश्व हिंदू परिषद ने विरोध किया।



### भगवान को कार्टून के रूप में नहीं दिखाएं

वह नहीं चाहते थे कि भगवान को कार्टून के रूप में दिखाया जाए। यूगो साको ने विश्वास दिलाया कि वह किसी भी तरह भारतीयों की भावनाओं को आहत नहीं करेंगे और इसके बाद उन्हें फिल्म बनाने की परमिशन मिली। ये फिल्म बनकर तैयार हुई और भारत में बाबरी मस्जिद को लेकर विवाद खड़ा हो गया। जिसका खामियाजा यूगो साको को भुगतना पड़ा। करीब 38 साल बाद देश के पीएम मोदी ने इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करवाया था। साल 2022 में पीएम मोदी ने यूगो साको से मुलाकात की और फिर फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने को कहा। फिल्म को जापानी, अंग्रेजी और हिंदी में बनाया गया था।

## खबर संक्षेप

### राजभवन लोगों के लिए तीन दिन के लिए खुलेगा

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देश पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन आमजन के लिए तीन दिन खोला जाएगा। राजभवन 25 जनवरी से 27 जनवरी तक निर्धारित अवधि के लिए खुला रहेगा। आम नागरिक 25 और 27 जनवरी को अपराह्न 2 बजे से 7 बजे तक राजभवन में भ्रमण कर सकेंगे। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को राजभवन सुबह 11 बजे से 2 बजे तक आमजन के अवलोकन के लिए खुला रहेगा। इस अवसर पर राजभवन में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, भोपाल चित्र प्रदर्शनी का आयोजन करेगा।

### प्रशासन अकादमी में 28 को राष्ट्रीय सेमिनार

**भोपाल।** सोशल साइंस एंड मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन एवं आर्यावृत विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश द्वारा राजधानी स्थित नरोन्हा प्रशासन अकादमी में 28 जनवरी को सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। इसका विषय विकसित भारत 2047 है। सेमीनार के सचिव डॉ. मनोज शर्मा ने बताया सेमीनार में प्राध्यापक, शोध छात्र एवं समाजसेवी शामिल होंगे। जिसमें ग्रामीण विकास, कृषि, उद्योग, महिला सशक्तिकरण, युवा नीति, पर्यटन आदि विषय से जुड़े शोध पत्रों का वाचन करेंगे।

### वन विभागः मुद्दा समिति में आंशिक संशोधन

**भोपाल।** राज्य शासन ने वन विभाग से संबंधित मुद्दों के निराकरण के लिए अपर मुख्य सचिव, वन विभाग की अध्यक्षता में 27 दिसम्बर, 2023 को समिति का गठन किया गया था। उक्त समिति में आंशिक संशोधन किया गया है। इसमें प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग को भी सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है।

### हर तीन महीने में होगा पंचायतों का ऑडिट

**भोपाल।** पंचायतों में निर्माण के काम और अन्य योजनाओं के तहत जारी राशि को लेकर प्रत्येक तीन माह में ऑडिट कराया जाए, जिससे पंचायत स्तर पर किसी भी तरह की आर्थिक गड़बड़ी को रोका जा सके। पंचायतों में आर्थिक गतिविधियों को लेकर जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह ने निर्देश दिए हैं। पंचायतों में आय की वसूली नहीं होना, निर्माण कार्य का सही मूल्यांकन, उनका उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं होना, व्यय सीमा से अधिक राशियों के भुगतान और अन्य अनियमितताओं की वजह से सरकार के पैसों का नुकसान होने के साथ आम लोगों को इसका सीधा फायदा नहीं मिल पा रहा है। जिसको लेकर सभी संस्थाओं का नियमित ऑडिट कर समिति की प्रति 3 माह में बैठक की जाएगी।

### 24 को बाल आयोग की राज्य स्तरीय कार्यशाला

**भोपाल।** मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 24 जनवरी को बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2005, किशोर न्याय अधिनियम-2012 एवं पॉक्सो अधिनियम-2015 की जागरूकता के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। समन्वय भवन में सुबह 11 बजे आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, मंत्री निर्मला भूरिया और मध्यप्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोरे उपस्थित रहेंगे।

### संविदा कर्मियों को शामिल करने समिति गठित

**भोपाल।** राज्य शासन ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारी, कार्यकर्ता, संविदा कर्मियों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत निरामयम में शामिल किए जाने के संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 9 सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति के सदस्य सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुष्मान भारत निरामयम मध्यप्रदेश होंगे। समिति में अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास, अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग आदि होंगे।

# राम नाम के 11 हजार 101 दीपों से 'दमका' मुख्यमंत्री निवास



*मध्यप्रदेश में श्रीराम के जहां-जहां चरण पड़े हैं, वहां विकसित होंगे पर्यटन स्थल: सीएम*

*भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में दीपोत्सव का आयोजन*

**हितानंद, अग्रवाल, रामेश्वर, सबनानी, पचौरी समेत भाजपा पदाधिकारी हुए शामिल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर श्यामला हिल्स स्थित मुख्यमंत्री निवास में दीपोत्सव पर्व मनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान राम की पूजा-अर्चना के साथ प्रतीक स्वरूप दीप जलाए। मुख्यमंत्री निवास पर 11 हजार 101 दीप जलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरा मुख्यमंत्री निवास दीपों की रोशनी से जगमगा उठा।

जगह-जगह रंगोली और आकर्षक साज -सज्जा की गई थी। पूरा वातावरण राममय हो गया। राम भजनो की धुन मन मोहने वाली थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फुलझड़ी जलाई और जय श्री राम के नारे भी लगाए।



**पीएम मोदी के नेतृत्व में सुशासन की स्थापना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन ऐतिहासिक घटना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन की स्थापना की गई है। वास्तव में रामराज्य की स्थापना हुई है। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी भगवान राम के जहां- जहां चरण पड़े हैं, लीलाएं हुई हैं, उन धार्मिक स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 'श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम' के बाद संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, हितानंद शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, आशीष अग्रवाल, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, सुमित पचौरी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह: भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में रामधुन का आयोजन

*सीएम ने कहा- 500 सालों बाद देश के लोगों के लिए शुभ घड़ी आई*

# इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए अमिट बना 22.01.2024



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में रामधुन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस मौके पर हनुमान चालीसा, रामधुन व राम रक्षास्त्रोत का पाठ किया। इस दौरान सफाई मित्रों को श्रीफल और कंबल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज 500 सालों से अधिक समय के बाद देश और प्रदेश के लोगों के लिए शुभ घड़ी आई और अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुआ। इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए 22.01.2024 अमिट बन गया। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए बड़ा संघर्ष किया है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हम यह सब देख पा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जब से देश की कमान संभाली, तब से हर दिशा में देश का विकास हो रहा और भारत का दुनिया में नाम हो रहा है।

**भाजपा मीडिया सेंटर में मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने स्वच्छता मित्रों को किया सम्मानित**

**हनुमान चालीसा रामधुन और राम रक्षास्रोत का पाठ हुआ**



**ये हुए कार्यक्रम में शामिल**

कार्यक्रम में मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, सीमा सिंह जादौन, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने हनुमान चालीसा का पाठ किया व स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया।

**आज गौरवान्वित होने का दिनः वीडी**

*भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज पूरी दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन है। पिछले 500 सालों में करोड़ों लोगों के संघर्ष, लंबे इतजार और लाखों लोगों के बलिदान के बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूरे भारत की प्रतिष्ठा हो रही है। अयोध्या में नए भारत के उदय के साथ भारत के नव निर्माण की शुरूआत आज देश के अंदर हो रही है। भारत के लिए रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का शुभ दिन लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का हार्दिक अभिनंदन। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का दिन भारत और पूरी दुनिया के लिए गौरवान्वित होने का दिन है। 500 साल पहले जो हुआ था उसकी पीड़ा क्या हुई होगी और आज जो प्राण-प्रतिष्ठा समारोह हो रहा है उसके आनंद के क्षण को बयानों में नहीं बयां किया जा सकता है। आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में रहने वाले भारत के लोग हर्ष और उल्लास में हैं।*

**गौर स्मृति उद्यान में मंत्री गौर ने किया त्रिवेणी का रोपण**

*22 जनवरी को प्रभु राम की अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर डीके कॉटेज के बाहर बनने वाले स्वर्गीय बाबूलाल गौर स्मृति उद्यान में त्रिवेणी का रोपण कृष्णा गौर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और उनके पुत्र आकाश गौर तथा वार्ड 52 के पूर्व पार्षद रामबाबू पाटीदार समेत क्षेत्र वासियों ने किया। इस अवसर पर सभी ने प्रभु राम के जयकारें लगाए।*



**रंगोली से बनाई प्रभु राम की आकृति**



भवानी चौक पर रंगोली से मर्यादा भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम की आकृति बनाई गई। 5100 दीपक प्रचलित किए गए। मिष्ठान एवं आतिशबाजी की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा भोपाल युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष नितिन दुबे ने किया।

**कृषि मंत्री कंषाना ने राम-जानकी मंदिर की रखी आधारशिला**

*22 जनवरी को जिलेभर में प्रभात फेरियो का आयोजन, भजन-कीर्तन आदि के आयोजन किए गए। कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने ग्राम नायकपुरा के समीप मडवाई माता मंदिर पर रामजी के चित्र पर पुष्प, दीप जलाकर आरती उतारी और मडवाई मंदिर के समीप राम-जानकी मंदिर की आधारशिला रखी। मंत्री कंषाना ने कहा कि रामजी का मंदिर बनने से मंदिर प्रांगण और भव्य होगा। मंत्री कंषाना ने मुरैना के सिविल थाने में हनुमान मंदिर और बड़ोखर स्थित हनुमान मंदिर पर दीप प्रज्जवलित कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर समाजसेवी बृज किशोर डंडोतिया आदि मौजूद रहे।*



## राज्यपाल पटेल ने देखा अयोध्या राम मंदिर का सीधा प्रसारण

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सीधे प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन राजभवन परिसर स्थित मंदिर प्रांगण में किया गया था।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डीपी आहूजा, राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी और राजभवन परिसर के निवासी उपस्थित थे। समारोह के प्रसारण के पूर्व राज्यपाल पटेल राजभवन मंदिर पहुंचे। विधि विधान के साथ पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कन्या पूजन किया।

**बच्चों को प्रसाद बांटा**

पटेल ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण का अवलोकन किया। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम उपरांत बच्चों को प्रसाद का वितरण किया।

## श्रीराम की महाआरती में पहुंचे पीसीसी चीफ पटवारी व पीसी



**भोपाल।** राजधानी के पांच नंबर स्थित रवि शंकर शुक्ल मार्केट में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कांग्रेस पार्षद गुड्डू चौहान ने श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया।

**पांच नंबर स्टॉप पर आयोजन**

श्रीराम की महाआरती में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान श्रीराम की महाआरती के बाद भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

## राज्य शासन ने एक दर्जन सीनियर आईएएस अफसरों के तबादले किए

# राजौरा को जलससांधन, परिवहन समेत नर्मदा घाटी विकास, दीपाली को सहकारिता का जिम्मा, रोशन कुमार सिंह जनसंपर्क संचालक बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने सोमवार देर रात एक दर्जन सीनियर आईएएस अफसर के तबादले के आदेश जारी किए हैं। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश कुमार राजौरा को अपर मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग तथा परिवहन विभाग अतिरिक्त प्रभार के साथ ही उपाध्यक्ष नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एवं प्रमुख सचिव नर्मदा घाटी विकास विभाग तथा संचालक नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड का प्रभार सौंपा गया है।

अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा को कृषि उत्पादन आयुक्त भोपाल तथा अपर मुख्य सचिव जनजातीय कार्य विभाग व अपर मुख्य सचिव अनुसूचित जाति कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग अजीत कुमार केसरी को वित्त से हटाकर संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्थान भोपाल तथा अपर मुख्य सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग तथा अपर मुख्य सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग समेत विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।







**जय दुबे को प्रमुख सचिव गृह विभाग बनाया**

*राज्य शासन ने ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे को प्रमुख सचिव गृह विभाग तथा प्रमुख सचिव ऊर्जा विभाग तथा नवीन नवकरणीय ऊर्जा विभाग के साथ ही विकअ सह आयुक्त नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया है। इसी तरह दीपाली रास्तों की को वाणिज्यिक कर विभाग से हटकर प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग तथा प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जबकि अमित राठौर को वाणिज्यक कर विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। राठौर अभी तक ग्वालियर में राजस्व मंडल के प्रशासकीय सदस्य के पद पर पदस्थ थे। इधर, राज्य शासन ने जनसंपर्क संचालक आईपीएस अफसर आशुतोष प्रताप सिंह की सेवाएं पुलिस विभाग को वापस कर दी है। उन्हें पुलिस मुख्यालय में डीआईजी बनाया गया है। कुछ समय पहले ही उन्हें डीआईजी के पद पर पदोन्नति किया गया था।*

**फ्रैंक नोबल ए को स्मार्ट सिटी के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार**

*राज्य शासन ने स्मार्ट सिटी भोपाल के सीईओ रोशन कुमार सिंह को जनसंपर्क विभाग में संचालक बनाया है। गुंजा सनोवर को अपर आयुक्त भू अभिलेख एवं बंदोबस्त ग्वालियर, शीला दाहिमा को उप सचिव सहकारिता विभाग, प्रताप नारायण यादव को प्रबंध संचालक राज्य नागरिक आपूर्ति निगम भोपाल बनाया गया है। अजीत केसरी के पदभार ग्रहण करने पर अपर मुख्य सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा अपर मुख्य सचिव विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति विभाग एसीएस अशोक वर्णवाल अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। आयुक्त नगर निगम भोपाल फ्रैंक नोबल ए को स्मार्ट सिटी भोपाल के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।*

**मनीष सिंह को वित्त विभाग का प्रमुख सचिव बनाया**

*राज्य शासन ने जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह को वित्त विभाग का प्रमुख सचिव बनाया है। इसके साथ ही साथ तरुण कुमार पिथोड़े को संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा एमडी राज्य भंडार गृह निगम भोपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।*

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य होंगे खनिज मंत्रियों के सम्मेलन में मुख्य अतिथि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 जनवरी को इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में दूसरे राज्य खनिज मंत्रियों के सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन में खनन क्षेत्र में आत्म-निर्भरता के लिए राज्य सरकारें को केन्द्र सरकार के साथ मिलकर काम करने की रणनीति बनाई जाएगी। केन्द्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में 20 राज्यों के खनन मंत्री भाग ले रहे हैं। राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। खान मंत्रालय की ओर से माइनिंग एण्ड बियॉन्ड विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जीएसआई, डीएमएफ, प्रमुख खनन कम्पनियां, निजी एजेंसियां और स्टार्ट-अप्स अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जा रहा है। जिला खनिज फाउंडेशन की ओर से 40 उल्लेखनीय हस्तक्षेपों का दस्तावेजीकरण करने वाली कॉफी टेबल बुक जारी की जाएगी। सम्मेलन में वर्ष 2023 के खनन सुधारों और महत्वपूर्ण खनिजों पर प्रस्तुतियां होंगी। नेशनल जियो साइंस डेटा रिपोजिटरी (एनजीडीआर) पोर्टल प्रस्तुत किया जाएगा। झारखण्ड, गुजरात, कर्नाटक, मप्र और ओडिशा राज्यों की सर्वोत्तम खनन पद्धतियों पर प्रस्तुतियां होंगी। सम्मेलन में सचिव और राज्यों के खनन विभागों के मंत्री 20 निदेशक भाग ले रहे हैं।





# राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी...



61वें कला पर्व पर देश के आठ शब्द शिल्पियों में भोपाल के अशोक मनवानी सीमा हरि शर्मा और नीलेश रघुवंशी का सम्मान

**भोपाल** । भारतीय गणतंत्र की 74वीं सालगिरह एवं अभिनव कला परिषद की 61वीं वर्षगांठ पर आयोजित कला पर्व उत्सव गणतंत्र इस बार अयोध्या में हो रही भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की उत्सवी अनुभूति को समर्पित रहा। सोमवार शाम को मानस भवन के सभागृह में देश के सुप्रसिद्ध भजनानंदी गायक प्रकाश पारनेरकर, नीना श्रीवास्तव, संदीपा पारे, समीक्षा जोशी तथा अनिल पौराणिक एवं साथियों ने राम चरित गुणगान की प्रस्तुति से भक्ति रस की वर्षा की। समारोह में देश के साहित्यिक परिदृश्य में चर्चित 8 अप्रतिम हस्ताक्षर विनय भदौरिया रायबरेली, आदर्शिनी श्रीवास्तव पुणे, योगेश त्रिपाठी रीवा, पं. सुभाष जैन उज्जैन और इकबाल मसूद, अशोक मनवानी, सीमा हरि शर्मा तथा नीलेश रघुवंशी भोपाल को उनके साहित्यिक अवदान के लिए अभिनव शब्द शिल्पी की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। समीक्षा जोशी और संदीपा पारे के राम भजन से श्रोता भक्ति भाव में डूबे। दोनों ने मेरी झोपडी के भाग्य आज खुल जाएंगे... राम आए हैं..., राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी... और पायो जी मैंने राम रतन पायो... जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर डॉ. नीना श्रीवास्तव और अनिल पौराणिक बंधुओं का गायन भी हुआ। शाहिद ने सिंथेसाइजर और आमिर खान ने तबला पर संगत की।

# बीयू में 'राम आएंगे' प्रतियोगिता में एक के बाद एक आए 75 राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर राम आएंगे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एस.के. जैन द्वारा सभी जन समुदाय का चंदन और प्रसाद के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। इस प्रतियोगिता में 5 वर्ष के बच्चों से लेकर 25 वर्ष तक के 75 युवाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भोपाल शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों ने हिस्सा लिया।



**इन्हें मिले पुरस्कार**

इसमें प्रथम पुरस्कार राशि 11000 गरिमा जैन, द्वितीय पुरस्कार राशि 7000 गौरी कागुलकर, एवं तृतीय पुरस्कार राशि 5000 आंचल शर्मा को प्रदान किए गए।



## पंजाबी साहित्य अकादमी ने मनाए रामोत्सव-लोहड़ी



**भोपाल**। पंजाबी साहित्य अकादमी द्वारा श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही लोहड़ी पर्व के अवसर पर प्रसिद्ध गायक चन्नी मस्ताना ने राम चरित मानस की चौपाई के गायन के साथ सतनाम वाहेगुरु की धुन छेड़ी जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। अकादमी की निदेशक नीरू सिंह ज्ञानी ने सभी को भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही लोहड़ी की बधाई दी।

## जनजातीय संग्रहालय में रामोत्सव



# प्रभु राम के प्रकट होते ही भक्तों ने गाई भए प्रकट कृपाला...आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कृति विभाग, मप्र शासन के आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा राम लला प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव पर रामोत्सव का आयोजन जनजातीय संग्रहालय में किया गया। कार्यक्रम में स्तोत्रपाठ, संकीर्तन के साथ अयोध्या कार्यक्रम का लाइव-प्रसारण भी हुआ। रामभक्तों ने भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला.... के सामूहिक स्वरों के साथ भगवान राम की आरती भी की गई। 300 से अधिक प्रतिभगियों ने गोस्वामी तुलसीकृत राम-स्तुति श्री रामचंद्र कृपालु भजमन का भी सामूहिक पाठ किया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला, जनजातीय लोककला एवं बोली-विकास अकादमी के निदेशक प्रो. धर्मेंद्र पारे, जन अभियान परिषद् के कार्यकारी निदेशक डॉ. पी के पाण्डे, आचार्य शंकर न्यास के प्रभारी अधिकारी डॉ शैलेंद्र मिश्रा व स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी की विशेष उपस्थिति रही।

### श्रीराम भुजंग प्रयात स्रोत का गायन

आदि शंकराचार्य द्वारा भगवान श्री राम पर रचित श्रीराम भुजंग प्रयात स्रोत का समवेत गायन शंकर दूतों द्वारा किया गया। न्यास द्वारा नियमित आयोजित होने वाले अद्वैत युवा शिविर से प्रशिक्षित होने वाले युवा शंकर-दूत बन न्यास के साथ अद्वैत वेदान्त का प्रचार-प्रसार करते हैं। ऐसे 20 शंकर दूतों के समूह द्वारा इस स्तोत्र का समवेत शास्त्रीय गायन किया गया।

# 50 फैमिलीज ने मिलकर मनाया राम उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





सुरभि लाइफ स्पेस निवासी विनीत पांडे का कहना है कि हमारी मल्टी में करीब 50 फैमिलीज रहती हैं और हम हर एक आयोजन मिलजुल कर मनाते हैं। राम उत्सव के लिए भी हम लोगों ने सबसे पहले सुबह हनुमान चालीसा का पाठ किया इसके बाद एक बड़े स्क्रीन पर हम सभी ने मिलकर राम जी की प्राण प्रतिष्ठा देखी। इसके साथ ही शाम को हम सभी परिवार के सदस्यों ने मिलकर दीपदान किया। उन्होंने बताया कि साथ ही हमारी सोसायटी के बच्चे भी राम और हनुमान जी के गेटअप में आए।

विनीता ने कहा कि हम हर एक आयोजन मिलजुल कर मनाते हैं, जिससे हमें कभी लगता ही नहीं है कि हम अपने परिवारों से दूर है।

**एसो. ऑफ सस्टेनेबल रूरल एम्पावरमेंट एंड ग्राम्या का 'एक शाम राम के नाम'**

# सांस्कृतिक उत्सव में राम की आध्यात्मिक गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसोसिएशन ऑफ सस्टेनेबल रूरल एम्पावरमेंट एंड ग्राम्या ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर 'एक शाम राम के नाम' का आयोजन किया। मानस भवन में आयोजित यह कार्यक्रम भक्ति, सांस्कृतिक उत्सव और आध्यात्मिक गूंज की एक शाम के लिए विविध समुदाय को एक साथ लाया। अपनी सुरीली आवाज और सा रे गा मा फेम के लिए मशहूर सौम्या शर्मा ने मनमोहक भजन प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### स्वस्तिवाचन से स्थल में तैर गई दैवीय ऊर्जा

स्वस्तिवाचन बटुक पंडितों ने भव्य महाआरती का नेतृत्व किया, जिससे आयोजन स्थल दैवीय ऊर्जा से भर गया। औपचारिक अनुष्ठानों ने राम दरबार को श्रद्धांजलि अर्पित की, एक पवित्र माहौल बनाया और उपस्थित लोगों को अभिषेक के आध्यात्मिक महत्व से जोड़ा।



## खबर संक्षेप

### आज से काटजू अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य शिविर

**भोपाल**। काटजू अस्पताल में महिलाओं के लिए दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल से शुरू होगा। इस शिविर में महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएं माहवारी के दौरान होने वाली परेशानी, बच्चेदानी का नीचे आना, निसंतानता, मेनोपॉज, पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम आदि बीमारियों के संबंध में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया जाएगा। शिविर में पैथोलॉजिकल जांच, सोनोग्राफी, कैंसर स्क्रीनिंग के साथ मानसिक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया जाएगा।

### गैस पीड़ितों को एम्स में मिलेगा मुफ्त इलाज

**भोपाल**। राजधानी के करीब 20 हजार गैस पीड़ित कैंसर रोगियों को अब एम्स भोपाल में मुफ्त में इलाज मिलेगा। मप्र हाईकोर्ट के दो साल पहले के आदेश पर प्रदेश सरकार और एम्स के बीच एमओयू हो गया। इसमें अब एम्स को गैस पीड़ितों के इलाज की राशि का भुगतान गैस राहत विभाग सीधे करेगा। भोपाल ग्रुप फॉर इन्फोर्मेशन एंड एक्शन की सदस्य रचना ढिंगरा ने बताया कि यह गैस पीड़ित संगठनों की लंबी लड़ाई और जारी आंदोलन की वजह से ही संभव हो पाया है।

### बोहरा समाज के लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**भोपाल**। ताहिर सैफुद्दीन मेमोरियल फाउंडेशन ने सैयदना ताहिर सैफुद्दीन के उर्स मुबारक के मौके पर और डॉ. सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन की स्मृति में राजधानी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें मुंबई के डॉ. यूसुफ, डॉ. एबीजर सहित अन्य डॉक्टरों ने 300 से अधिक लोगों का परीक्षण कर इलाज के लिए परामर्श दिया। शिविर में डॉ, यूसुफ बगसारावाला ऑर्थो, डॉ. एबिजर मैनकेड, डॉ. एच. अंग्रेजी, डॉ. अकबर अली, डॉ. निसरीन, डॉ. नितिन श्रीवास्तव, डॉ. जीतेन्द्र मंगानी नेत्र, डॉ. हुसैन जमील सहित समाज के डॉक्टरों ने भी सेवाएं दीं।

# देश के 10 सबसे ठंडे शहरों में प्रदेश के 4 जिले...छतरपुर, दतिया में पारा 3 डिग्री के नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में तेज सर्दी का असर अभी जारी है। सोमवार को लगातार दूसरी बार मप्र के चार जिले देश के 10 सबसे सर्द शहरों में शामिल रहे। इनमें दतिया देश का सबसे सर्द शहर रहा। यहां रात का पारा 2.8 डिग्री रहा। वहीं छतरपुर में रात का पारा 2.1 डिग्री पर दर्ज, अशोक नगर में 2.5 डिग्री पर पारा रहा है। देश में दतिया के बाद ग्वालियर, रीवा, खजुराहो में रात का पारा 3 डिग्री के नीचे रहने से कड़ाके की सर्दी रही। ग्वालियर में 4.6, रीवा 4.6 और खजुराहो में न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री रहा। भोपाल में धूप खिलने से दिन और रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी रही। यहां रात का पारा 1.2 डिग्री बढ़कर 8.6 और दिन का 3 डिग्री बढ़कर 24.3 डिग्री रहा है।

*दतिया, ग्वालियर, रीवा, खजुराहो में सर्दी का कहर, बिजावर में रात का पारा 2.1 डिग्री पर दर्ज, अशोक नगर के आंवरी में कृषि विज्ञान केंद्र में 2.5 डिग्री पर पारा रहा*



**सुबह कोहरे के बाद खिली गुनगुनी धूप ने मौसम किया सुहाना, चढ़ा दिन का पारा**

### धूप खिलने से बढ़ा दिन का तापमान

राजधानी सहित प्रदेश के ज्यादातर जिलों में धूप खिलने से दिन के तापमान में बढ़त रही। कुछ शहरों में दिन का पारा 3 से 5 डिग्री तक बढने से दिन में सर्दी का असर कम रहा। दमोह में सर्वाधिक बढ़त 5 डिग्री की रही। भोपाल, जबलपुर, रीवा, सीधी, उमरिया आदि शहरों में दिन का पारा 3 डिग्री तक बढ़ा है। वहीं खजुराहो में अधिकतम तापमान 6 डिग्री गिरकर 13.6 डिग्री रहा, जो प्रदेश में सबसे कम दिन का पारा है।

### पूरे प्रदेश में पारा 10 डिग्री के नीचे

सिवनी, मलाजखंड और नर्मदापुरम में रात का पारा 10 के ऊपर रहा, जबकि भोपाल सहित सभी जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे रहा है। मंगलवार को खंडवा, धार, इंदौर, दतिया, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, जबलपुर, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कोल्ड वेब हो सकती है। साथ ही ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में मध्यम से घना कोहरा रह सकता है। भोपाल में मौसम सामान्य बना रहेगा।

**जेट स्ट्रीम और नमी से ठंडक बढ़ी**

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश के 12 किमी की ऊंचाई से गुजर रही करीब 150 मिमी प्रति घंटे की रफ्तार से जेट स्ट्रीम के कारण प्रदेश के कुछ हिस्सों में सर्दी बढ़ी है। इसके अलावा अरब सागर से नमी आने से कहीं कहीं बादलों से दिन का पारा गिरा और धूप से बढ़ा है। अभी दो से तीन दिन मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। भोपाल में रात के तापमान में घट-बढ़ जारी रहेगी।

## वेल्डिंग से काटकर निकाली जा रहीं कॉरिडोर की रैलिंग

# बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने के साथ फ्लाई ओवर सड़क की टेस्टिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### सीहोर नाके तक बनने वाली एलिवेटेड रोड का काम शुरू

बीआरटीएस लेन हटाने के साथ ही बैरागढ़ में एलिवेटेड रोड बनाने के लिए सड़क के नीचे मिट्टी और पत्थर की जांच भी शुरू हो गई। केंद्र सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय ने बैरागढ़ में सीवेज पंप हाउस पुराना नाका से सीहोर नाके तक एलिवेटेड रोड बनाने को मंजूरी दी है, जिसका काम सोमवार से शुरू हो गया है। पहले चरण में कॉरीडोर के बीच में ही सीहोर नाके से हलालपुर बस स्टेंड तक सड़क के नीचे मिट्टी और पत्थर की जांच चल रही है। बैरागढ़ से कॉरीडोर हटने के तुरंत बाद ही यह रोड भी बनने लगेगा। इसलिए मिट्टी और पत्थर की जांच के साथ ही मंगलवार से बीआरटीएस कॉरीडोर हटाने के काम में तेजी लाई जाएगी।



**आज से दिन-रात होगा काम**

पीडब्ल्यूडी के अनुसार अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए सोमवार को दिन में सिर्फ सड़क के नीचे मिट्टी और पत्थर की जांच की गई। जाली और बस स्टाप हटाने के काम देर रात से शुरू हुआ। जबकि मंगलवार को रात और दिन दोनों समय ही कॉरीडोर हटाने का काम होगा। बैरागढ़ के कुल 3.81 किमी लंबे इस कॉरिडोर को पूरी तरह से हटाने में दो हफ्ते का ही समय लगना है, लेकिन जाली हटाकर सामान एक तरफ रखना और साथ में ही जाली के बेस को भी तुरंत ही हटाना जरूरी है। क्योंकि जाली हटने के बाद रात में यह बेस दिखाई नहीं देगा, जिससे वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

**पार्किंग की समस्या हो सकती है हल**

व्यापारियों का कहना है कि कॉरीडोर हटने के बाद कपड़ा, बर्तन व किराना बाजार में पार्किंग की लगातार गंभीर होती समस्या हल हो जाएगी। साथ ही दुकानों के सामने के हिस्से को नगर निगम पेड पार्किंग भी बनाएगा।

# हमीदिया के मर्चुरी में जर्जर डीपफ्रीजर, जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के हमीदिया अस्पताल के मर्चुरी के डीप फ्रीजर के जर्जर होने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग ने हमीदिया अस्पताल अधीक्षक और गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई से संबंध में तीन सप्ताह में जवाब और मर्चुरी में व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित कर प्रतिवेदन मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि हमीदिया अस्पताल के मर्चुरी में फ्रीज में शव रखने के बाद दरवाजा बंद करने के लिए पत्थरों का सहारा लिया जा रहा है। लंबे समय से यही स्थिति बनी हुई है।

### इन मामलों में भी मांगा जवाब

आयोग ने बैरसिया थाना इलाके के ग्राम इमलिया में अरुण पुत्र गोरेलाल नाथ नामक बालक के कुएं में डूबने से मौत होने और बीडीए कॉलोनी मिसरोद फेज-2 में पिछले 8 महीने से चैंबर चोक होने से वहां रहने वाले रहवासियों के परेशान होने के मामले में संज्ञान लिया है।

## बीसीसीएल की बस से गिरी महिला सिर में आई चोट

**भोपाल**। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित डी मार्ट के पास बीसीसीएल की बस से उतरते समय महिला गिर गई। इस हादसे में महिला को सिर में गंभीर चोट आई हैं। बस कंडक्टर उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था, वहां इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। महिला को सिर में दर्द हुआ और आज फिर वह निजी अस्पताल पहुंची थी। निजी अस्पताल की सूचना के बाद पुलिस ने बस चालक पर मामला दर्ज किया है। प्रधान आरक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि मनीषा सोनी पति मुकेश सोनी (45) शिव नगर छोला में रहती हैं। गत 19 जनवरी को वह जहांगीराबाद मार्केट आई थी। नादरा बस स्टैंड से उन्होंने बीसीसीएल की बस पकड़ी। बस डी मार्ट के पास जहांगीराबाद में रुकी। बस रुकते ही मनीषा उतर रही थी, तभी बस चालक ने बस आगे बढ़ा दी और मनीषा गिर गई। उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी। कंडक्टर उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां उन्हें सिर में चार टांके आए हैं। वह इलाज कराने के बाद घर चली गई थी। सोमवार को उन्हें सिर में दर्द उठा और परिजन ने करोंद स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां से डॉक्टर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मनीषा के बयान दर्ज करने के बाद ड्राइवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**आरोपः डायरेक्टर आइसर में भी कर रहे जेएनयू के नियम-कायदे लागू**



# आइसर में डायरेक्टर के विरोध में हड़ताल, 500 विद्यार्थी जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को राजधानी स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस एजुकेशन रिसर्च के विद्यार्थियों ने संस्थान के डायरेक्टर डॉ. गोवर्धन दास के खिलाफ प्रदर्शन किया। 500 से अधिक विद्यार्थियों ने दोपहर एक बजे के बाद डायरेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। शाम को प्रशासनिक अधिकारी आए और परिसर में आने वाले विजिटर्स के कारण धरना-प्रदर्शन खत्म करने को कहा। विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगें मानी जाएंगी। विद्यार्थियों ने कहा कि आइसर में जेएनयू की तर्ज पर कार्य हो रहा है, क्योंकि डायरेक्टर जेएनयू से आए हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि अइसर को जेएनयू नहीं बनाया जाए। वहां के नियम-कायदे यहां पर लागू किए जा रहे हैं, जो कि गलत है।

### विद्यार्थियों की मांग

विद्यार्थियों ने प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों में कहा है कि बाहरी थीसिस पर रोक लगाई जाए। थीसिस विषयों में विविधता का अभाव होने के साथ ही अपर्याप्त प्रयोगशाला और प्रोफेसरों की कमी है। सेमेस्टर के बीच में ब्रेक दिया जाए। ग्रीष्म व शीतकालीन अवकाश की छुट्टियां इंटर्नशिप में व्यस्त हो जाती हैं, जिससे अवकाश का कोई समय नहीं बचता है। सीमित अवकाश विकल्पों के साथ 75 प्रतिशत उपस्थिति की आवश्यकता है। कोई अलग से चिकित्सा अवकाश नहीं है। परिसर में लाइब्रेरी और सीसी में केवल दो चर्चा कक्ष हैं, जो शाम छह बजे तक बंद हो जाते हैं। इससे पढ़ने में परेशानी होती है। इस समस्या का जल्द हल निकाला जाए। साथ ही देर रात कैंटीन का अभाव है। रात में भोजन की कोई सुविधा नहीं है। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने यह प्रमुख मांगें रखी हैं।

आवेदक से नामांतरण के नाम पर 15,000 रुपए की मांगी थी रिश्वत

# 10 हजार रु. की रिश्वत लेते सागर लोकायुक्त पुलिस ने पटवारी को रंगे हाथ किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीकमगढ़ में दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पटवारी को लोकायुक्त पुलिस सागर ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। सोमवार दोपहर सागर लोकायुक्त पुलिस की टीम ने कुंवरपुरा गांव में दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पटवारी अलंकृत पस्तोर को गिरफ्तार किया है।

लोकायुक्त टीम की प्रभारी मंजू सिंह ने बताया कि आवेदक सत्येंद्र तिवारी ने लोकायुक्त सागर में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि पटवारी द्वारा नामांतरण के नाम पर 15,000 रिश्वत की मांग की जा रही है, जिसको तस्दीक कराया गया और पाया गया कि पटवारी द्वारा लगातार फरियादी से



रिश्वत मांगी जा रही है। यह रिश्वत दो किस्तों में मांगी गई थी।

वहीं, सोमवार को सागर लोकायत की टीम ने पटवारी अलंकृत को दस हजार रुपए की कुंवरपुर गांव में रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि घटना करने के बाद आरोपी और फरियादी को लेकर तहसील कार्यालय टीकमगढ़ पहुंचे, जहां पर पूरी कार्रवाई की गई।

## एसडीएम की गुंडागर्दी, गाड़ी को ओवरटेक करने पर दो युवकों को खड़े होकर पीटा और पिटवाया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में एसडीएम की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। ओवरटेक करने से गुस्साए साहब ने दो युवकों की गाड़ी पीछा कर रुकवाई फिर उन्हें अपने मातहतों से बुरी तरह पिटवा दिया। दोनों युवकों का सिर फट गया और उनकी गाड़ी भी तोड़ दी गई है। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। गाड़ी ओवरटेक करने के मामले में दो युवकों को बुरी तरह पीटा गया है। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गाय है। घायल युवक ने बताया कि मेरी गलती सिर्फ इतनी थी कि मैं अपने काम में जा रहा था मुझे लेट हो रहा था इसलिए मैं तेज गाड़ी चला रहा था। इसकी वजह से एसडीएम साहब की गाड़ी को मैंने ओवरटेक कर दिया। इसके बाद एसडीएम ने खुद मेरी पिटाई की और अपने ड्राइवर तथा अन्य लोगों से भी मुझे पिटवाया। इस पूरे मामले को लेकर एसडीएम बांधवगढ़ अमित सिंह ने बताया है कि मैं बीच बचाव कर रहा था। दरअसल पूरा मामला यह है कि दोनों युवक नशे में थे और तहसीलदार को कट मारकर भाग रहे थे, इसके बाद झगड़ा करने लगे। जब उन्होंने हमारे साथ मारपीट की तब जो लोग मेरे साथ में थे वो लोग भी उन्हें मारने लगे तो मैं बीच बचाव कर रहा था और उनको समझा रहा था कि इन्हें पुलिस के हवाले कर दो।

▶ गाड़ी ओवरटेक करने के मामले में हुआ विवाद, गाड़ी में भी की तोड़फोड़

विकसित भारत यात्रा गौहरगंज एवं अमोदा पहुंची, विधायक पटवा ने कहा

## पीएम मोदी के नेतृत्व में बज रहा दुनिया में सनातन का डंका, मानो राम राज्य आया...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विकसित भारत यात्रा गौहरगंज एवं अमोदा पहुंची। यात्रा शिविर में पहुंचे क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र पटवा ने यात्रा के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी विभागों की सराहना की। इस बीच विधायक ने कहा कि सोमवार को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है।

भोजपुर क्षेत्र में हर तरफ सीताराम की भक्ति गूंज रही है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुरी दुनिया में सनातन का डंका बज रहा है। देश के नागरिक राम राज्य




का अनुभव कर रहे हैं। श्री पटवा ने सभी से प्राण प्रतिष्ठा दिवस को उत्साह की तरह मनाने की अपील की इस अवसर पर संकल्प यात्रा में पंकज कोठारी कन्हैया नंदवंशी अशोक यादव सोनू चौकसे कांता पटेल मनोज चौरसिया माधव यादव रामकिशोर नंदवंशी संकट पाल जीतू नंदवंशी हरगोविंद वर्मा आदि उपस्थित थे

## खबर संक्षेप

### शराब के लिए दो युवकों पर चाकू से हमला

**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित अन्ना नगर में सोमवार दोपहर तीन बदमाशों ने एक युवक को चौराहा पर रोक लिया और उससे शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगे। युवक ने अपने दोस्त को घटना की जानकारी दी और दोस्त मौके पर पहुंच गया। दोस्त ने तीनों युवकों से बातचीत की तो वह भड़क गए और मारपीट करते हुए दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से दोनों दोस्तों को चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अड़ीबाजी और मारपीट समेत रास्ता रोकने और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मोहित विश्वकर्मा पिता रंगनाथ विश्वकर्मा (18) अमराई परिसर, बागसेवनिया में रहता हैं और पढ़ाई करता है। उसका दोस्त हेमंत सोनकर अन्ना नगर में रहता है। सोमवार को मोहित हेमंत से मिलने अन्ना नगर जा रहा था। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी।

### महिला तस्कर से सवा तीन किलो गांजा बरामद

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच की टीम ने



महिला गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से सवा तीन किलो गांजा बरामद किया है। महिला सस्ते में गांजा खरीदकर लाती थी और उसे फुटकर में महंगे दाम में बेचती थी। पुलिस महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। एसीपी क्राइम ब्रांच मुख्तार कुरैशी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि मालीपुर जोड़ पुलिया, विदिशा रोड पर एक महिला नीले रंग का पिट्ठू बैग लिए खड़ी है। बैग में गांजा हो सकता है। क्राइम ब्रांच की टीम मालीखेड़ी जोड़, पुलिया विदिशा रोड थाना छोलामंदिर पहुंची। वहां एक संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम रोहिणी वंशकार पत्नी स्वं. कल्याण सिंह (58) संतोषी माता मंदिर के पीछे अटल अय्यूब नगर गौतम नगर बताया। पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर अंदर सफेद रंग की पन्नी में सवा तीन किलो गांजा रखा मिला।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित गणेश नगर में रविवार रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार गणेश नगर कोलार निवासी 30 साल का नरेश करोसिया, नगर निगम में सफाइकर्मी था। कुछ दिन पहले उसने नगर निगम से नौकरी छोड़ दी और फिलहाल पन्नी बीनकर अपना गुजरा कर रहा था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा आठ साल और पांच साल का बेटा है। पत्नी कुछ दिन पहले मायके चली गई थी। नरेश शराब पीने का आदी था। उसके घर के आसपास भाइयों के मकान हैं। रविवार रात करीब 9 बजे वह शराब के नशे में घर पहुंचा था और उल्टियां कर रहा था। उल्टियां करने के बाद वह बेसुध होकर सो गया। भाइयों की नजर पड़ी और उसे जगाने का प्रयास किया, लेकिन उसके शरीर में हलचल नहीं हो रही थी। एंबुलेंस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उसे प्राथमिक जांच में ही मृत घोषित कर दिया।

87 लाख में किया सौदा, लोकल मार्केट में टेस्ट कराने पर खुली पोल

# हरियाणा के हीरा व्यापारियों ने प्रॉपर्टी डीलर को लगाया 97 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर को हरियाणा के दो हीरा व्यापारियों ने 97 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने हीरे की फर्जी टेस्ट रिपोर्ट व फर्जी प्रमाण-पत्र बनाकर प्रॉपर्टी डीलर को 87 लाख रुपए में हीरा बेचा था। लोकल मार्केट में टेस्ट कराने पर पता चला कि हीरे की कीमत महज 70 लाख रुपए है। घटना की शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### प्रमाण-पत्र व हीरे की टेस्ट रिपोर्ट भी दिखाई

पुलिस के अनुसार छह कोड़ी मंदिर, इतवारा निवासी रॉबिन सिंह ठाकुर उर्फ रानू प्रॉपर्टी डीलर हैं। उनका ऑफिस नादरा काम्प्लेक्स में है। करीब एक साल पहले ग्राम हरपालपुर जिला छतरपुर निवासी संदीप रावत अपने दो साथियों के साथ रॉबिन सिंह के ऑफिस पहुंचे थे। संदीप ने अपने साथ आए दोनों व्यक्तियों का परिचय हीरा व्यापारी गिरिराज गुप्ता व भरत भूषण यादव निवासी हरियाणा के रूप में कराया। उन्होंने अपनी फर्म का नाम मैसर्स जीएम डायमंड बताते हुए खुद को हीरा व्यवसायी बताया और रॉबिन सिंह से पूछा कि आप हीरा खरीदना चाहते हैं क्या? रॉबिन ने कहा कि पहले आप हीरा व उसका असली होने का प्रमाण-पत्र दें। संदीप के साथ आए दोनों व्यक्तियों ने हीरे से संबंधित प्रमाण-पत्र व हीरे की टेस्ट रिपोर्ट दिखा दी। उन्होंने बताया कि मार्केट में हीरे की कीमत एक करोड़ 25 लाख रुपए हैं, लेकिन रुपए की जरूरत होने के कारण वह 25 लाख रुपए की छूट दे देंगे।




### टेस्ट कराने पर 70 हजार रुपए का निकला हीरा

राबिन सिंह ने लोकल मार्केट में हीरे की टेस्ट रिपोर्ट व हीरे की गुणवत्ता की जांच कराई तो पता चला कि हीरा महज 70 लाख का है। उन्होंने अपने परिचित संदीप रावत से कहकर व्यापारियों से आईजीआई प्रमाण-पत्र मांगा। दोनों व्यापारी कुछ दिनों तक यह कहकर टालते रहे कि आईजीआई प्रमाण-पत्र में अधिक खर्च आता है। कुछ दिन बाद गिरिराज गुप्ता ने रॉबिन से कहा कि आप हीरा व 26 लाख रुपए और भेज दो। वे मार्केट में हीरा विक्रय कर एक करोड़ 20 लाख रुपए लौटा दूंगा। एक बार और रॉबिन ने विश्वास किया और 26 लाख रुपए और दे दिए। इसके बाद फरियादी रॉबिन ने कुल एक करोड़ 20 लाख रुपए मांगे तो गिरिराज गुप्ता व भरत भूषण यादव ने कॉल रिसीव करना बंद कर दिया।

### 87 लाख में तय हुआ था सौदा

परिचित पर विश्वास कर हीरे का सौदा 87 लाख रुपए में तय हो गया। रॉबिन ने अपने मित्र अमित दलाल के खाते से गिरिराज गुप्ता के खाते में साढ़े पांच लाख रुपए व उनकी पत्नी के खाते में साढ़े पांच लाख रुपए ट्रांसफर करा दिए। इसके अलावा मित्र अमित दलाल की मौजूदगी में नादरा कॉम्प्लेक्स के ऑफिस में 76 लाख रुपए की राशि हीरा व्यापारी गिरिराज गुप्ता व भरत भूषण यादव को दे दी।

### सहकारी गृह निर्माण संस्था के तत्कालीन अध्यक्ष और लेखापाल पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**भोपाल।** निशातपुरा पुलिस ने सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्यादित करोंद के तत्कालीन अध्यक्ष मुजीफउद्दीन फारूखी और लेखापाल खलील खान पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मनोज कुमार श्रीवास्तव सहकारिता विभाग में निरीक्षक हैं। हाउसिंग बोर्ड में आने वाली सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्यादित करोंद में चुनाव नहीं होने से वर्ष 2017 में समिति भंग हो गई थी। विभाग ने समिति की देखरेख की जिम्मेदारी निरीक्षक मनोज श्रीवास्तव को दी थी। इस दौरान मनोज को सहकारी समिति में अनियमितताओं की शिकायत मिली। शिकायत में बताया गया कि वर्ष 2001 और 2003 में समिति के अध्यक्षों ने जालसाजी पूर्वक दो प्लाट हड़प लिए। मनोज ने जांच की तो पता चला कि धोखाधड़ी करने वाले समिति के एक तत्कालीन अध्यक्ष की मौत हो चुकी है। दूसरे अध्यक्ष मुजीफउद्दीन फारूखी और लेखापाल खलील खान ने प्लाट नंबर 151 में गड़बड़ी की है। समिति के भंग होने के बावजूद उन्होंने नियम के खिलाफ जाकर प्लाट काट दिए और एक लाख रुपए एक महिला से ले लिए।

## औद्योगिक क्षेत्र में जुए के फड़ पर छापा, 18 जुआरी गिरफ्तार

अशोका गार्डन पुलिस ने 71 हजार रु. बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा में जुए की फड़ पर छापा मार कार्रवाई करते हुए 71 हजार 200 रुपए की नगदी और ताश की गड्डी बरामद की है। पुलिस जुआरियों पर जुआ एक्ट की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर मुखबिर से सूचना मिली कि गिन्नी प्रिंटिंग प्रेस के पास औद्योगिक क्षेत्र में दीवार की आड़ में जुए की फड़ बैठी हुई है। पुलिस की टीम ने इलाके की घेराबंदी की और वहां से 18 लोगों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। उनके पास से 71 हजार 200 रुपए की नगदी मिली। इसके अलावा ताश की गड्डी भी मिली।

### ये जुआरी पकड़ाए

जुआरियों की पहचान अतीक (40) बाग दिलकुशा, ऐशबाग, नफीस (45) बरखेड़ी जहांगीराबाद, शादाब खान (37) हाउसिंग बोर्ड बैरसिया रोड निशातपुरा, लइक (35) पुराना नगर, गोविंदपुरा, अजीम खान (36) बाग दिलकुशा, पवन सिंह (28) शकील (30) राजीव नगर, मोहम्मद इकबाल (32) राजीव नगर थाना एमपी, गफ्फार (28) जनता क्वार्टर, ऐशबाग लइक अली (36) बाग दिलकुशा, ऐशबाग, सनब्बर (36) बरखेड़ी पातरा थाना जहांगीराबाद, संतोष माली (33) राम मंदिर चांदबड़ बजरिया, फराज (23) परैवाखेड़ा बैरसिया रोड, ईंटखेडी, सगीर खान (32) परैवा खेड़ा, ईंटखेडी, तबरेज खान (40) ऐशबाग स्टेडियम, संजय लाडके (56) अजंता काम्प्लेक्स इंद्रपुरी, अनीस (30) राजीव नगर, थाना एमपी और नर्मदा प्रसाद (53) जैन मंदिर के पास शंकराचार्य नगर, बजरिया के रूप में की गई।





### खेल मैदान में बड़ी स्क्रीन पर दिखाया सीधा प्रसारण

**मंडीदीप।** अयोध्या में श्रीराम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर दोपहर खेल मैदान मंडीदीप में नपा ने बड़ा आयोजन किया। नगरवासियों को अयोध्या से सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर दिखया गया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मंदिरों में सुबह से आरती के बाद सुंदरकांड पाठ का किया गया आयोजन

## मंदिर में सजा रामदरबार, नगर में कई स्थानों से निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में सोमवार सुबह से ही सैकड़ों स्थानों पर धार्मिक आयोजनों के साथ आतिशबाजी की। कई स्थानों पर एलईडी लगाकर दोपहर 12:30 बजे अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव कार्यक्रम देखा।

इस दौरान पूरा नगर भगवान जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। वहीं एक क्विंटल बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया। नगर में सुबह 5 बजे से अलग अलग-अलग स्थानों से भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा



निकाली गई। विभिन्न मंदिरों में सुबह से आरती के बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। अयोध्या मंदिर में भगवान प्राण प्रतिष्ठा के समय नगर के श्रीअन्नतेश्वर महादेव और श्री इक्षापूर्ति हनुमान मंदिर प्रांगण में भगवान श्रीराम दरबार की स्थापना की स्थापना की गई। सतलापुर में दोपहर को भव्यशोभा यात्रा निकल गई। यात्रा में आकर्षण का केंद्र रामदरबार और भारत माता रही। माताएं बहनें और युवा सभी डीजे और ढोल की थाप पर नाचते नजर आए।

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर हुए कार्यक्रम

## मां शारदा दरबार में सैकड़ों भक्तों ने भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर नगर में मां शारदा दरबार लोधी मोहल्ला वार्ड 5 द्वारा प्रभु श्रीराम का पूजन और भंडारा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में बच्चे-महिलाएं सहित नगर के आस पास के सैंकड़ों भक्तों ने भंडारे में भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर समिति के महेंद्र सिंह चौहान, दीपक वर्मा, जितेंद्र चौहान, लोकेश वर्मा, उमेश वर्मा, बंटी कहार, नवीन, सतीश, राजा, विशाल, अमन वर्मा, सौरभ, छोटू, राम लोधी, प्रिंस वर्मा, अमित चौहान, नीटू, बड्डु, इंटू, शुभम साहू सहित समिति के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे। गौरतलब है मां शारदा दरबार नगर की एक मात्र ऐसी समिति है, जो कई वर्षों से नवरात्रि के नौ दिनों तक लगातार भंडारे का आयोजन करती आ रही है। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित इस भंडारा में सैंकड़ों भक्तों ने भोजन प्रसादी का लाभ उठाया।

औबेदुल्लागंज में प्रभात फेरी के साथ दिनभर हुए धार्मिक आयोजन, निकली शोभायात्रा, लगा राम दरबार

# सुंदरकांड और अखंड रामायण पाठ के साथ हुए हवन-पूजन, जगह-जगह दिनभर चले भंडारे, गली-गली सजी रंगोली, हजारों दीप से रोशन हुआ नगर, खूब हुई आतिशबाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन सोमवार को नगर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए। लोगों ने रामधुन-आतिशबाजी और नगाड़े व ढोल की थाप पर खूब झूमे तथा भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते रहे। सोमवार सुबह सूर्य गलियों से उठती राम धुन ने सारा



वातावरण भक्तिमय कर दिया। नगर में दुकान-दुकान और घर-घर भगवा झंडा लहरा रहा हैं। हर भक्त भगवान श्रीराम की भक्ति में रंग गया है। औबेदुल्लागंज सहित तामोट में भी सभी युवा,



महिलाएं और बुजुर्ग और बच्चे भक्ति रस में डूबे नजर आए। खेड़ापति माता मंदिर हिरानिया, राम मंदिर रोड, शिव मंदिर अर्जुन नगर, हनुमान मंदिर बस स्टैंड, शिव मंदिर रेलवे कॉलोनी, शिव मंदिर बिजली घर सहित घर-घर में पूजा-पाठ, हवन और सुंदरकांड सहित अखंड रामायण पाठ किया गया।

### एलईडी पर दिखाया लाइव कार्यक्रम

अर्जुन नगर स्थित मंदिर में एलईडी लगा कर आयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम श्रद्धालुओं को लाइव दिखाया गया। औबेदुल्लागंज और तामोट में दीपावली जैसा नजारा दिख रहा है। सोमवार देर रात तक लोगों ने उत्साह में खूब आतिशबाजी की। औबेदुल्लागंज व्यापार महासंघ ने रंग बिरंगी लाइट लगाकर शहर को जगमग कर दिया। वहीं सोमवार को व्यापार महासंघ ने चौराहे पर ढोल बाजे की थाप पर नृत्य किया और प्रसाद वितरण किया।







### सामाजिक लोगों ने किया प्रसाद वितरण

#### श्री राम मंदिर से निकली शोभायात्रा

श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नगर के श्रीराम मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं मंदिरों में सैकड़ों दीपक जलाए जला कर उत्साह मनाया। शुभम ज्वेलर्स एवं सुरजीत सिंह गिल परिवार, सिख समाज, सिंधी समाज ने भी प्रसाद वितरण किया।

#### नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल ने प्रभात फेरी निकाली

भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल के तत्वावधान में सोमवार को प्रभात फेरी निकाली, जिसमें नगर अध्यक्ष भी शामिल हुईं। समिति अध्यक्ष आरती यादव, समिति के सदस्य सोनल विजयवर्गीय, अनुराधा विजयवर्गी, राजकुमारी मित्तल, मानसी मित्तल, श्यामा सोनी, प्रियंका गुप्ता, हेमलता चौरसिया, नगर अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, समिति अध्यक्ष भगवती साहू, मल्होत्रा यादव, रेखा कपूर, सपना रैकवार सहित समस्त महिला मंडल प्रभात फेरी में शामिल होकर राम नाम का जाप किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रतिभावान 19 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024 पुरस्कार से नवाजा। ये वे बच्चे हैं जिन्होंने बिलकुल हटकर काम किया है। अपनी प्रतिभा की दम पर किसी ने बेहद उपयोगी गैजेट तैयार किए हैं तो किसी ने बहुत कम उम्र में किताबे लिख डालीं।

## किसी ने कम उम्र में किताबें लिखीं तो किसी ने बना डाले गैजेट

# विलक्षण प्रतिभा के धनी 19 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 इस बार 19 बच्चों को दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विज्ञान भवन में इन बच्चों को सम्मानित किया। 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 9 लड़के और 10 लड़कियों को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया था।

वहीं, मंगलवार यानी 23 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुरस्कार पाने वाले इन सभी से बातचीत करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार सरकार की एक पहल है। इसका उद्देश्य 5 से 18 साल की उम्र के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को पहचानना तथा उन्हें पुरस्कृत करना है।

1. पुरस्कृत बच्चों से आज संवाद करेंगे पीएम मोदी
2. 18 राज्यों के बच्चे हुए हैं पुरस्कृत
3. पुरस्कार पाने वालों में 9 लड़के 10 लड़कियां हैं



### पुरस्कृत बच्चे

इन पुरस्कार विजेताओं में आदित्य विजय ब्रम्हणे (मरणोपरांत), अनुष्का पाठक, अरिजीत बनर्जी, अरमान उबरानी, हेतवी कांतिभाई खिमसुरिया, इश्फाक हामिद, मोहम्मद हुसैन, पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया, सुहानी चौहान, आर्यन सिंह, अवनीश तिवारी, गरिमा, ज्योत्सना अख्तर, संयम मजूमदार, आदित्य यादव, चार्वी ए, जेसिका नेई सरिंग, लिन्थोई चनंबम और आर सूर्य प्रसाद शामिल हैं।

### 6 कैटेगरी में हुआ चयन

- 7 आर्ट एंड कल्चर
- 1 वीरता
- 1 साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- 4 सोशल सर्विस
- 5 स्पोर्ट्स
- 1 इनोवेशन

### छोटी उम्र में लिखीं तीन किताबें



मैथ्स के गूगल बॉय 6 वर्षीय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के रहने वाले अरमान उबरानी राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुए हैं। नन्हा अरमान गणित के सवालों को मिनटों में हल करता है। इसी वजह से अरमान का नाम हार्वर्ड वर्ल्ड व इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज है। अरमान ने छोटी सी उम्र में तीन किताबें लिखने का भी रिकॉर्ड बनाया है। उन्हें बच्चों के लिए भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### कोटा के आर्यन ने बनाया रोबोट

राजस्थान कोटा के आर्यन सिंह ने बताया कि रोबोट बनाने के लिए फिलहाल 50000 रुपए का खर्च आया है। नीति आयोग के निर्देशन में इसकी टेस्टिंग की जा रही है। यह पूर्णतया सुरक्षित एवं किसानों के लिए मददगार साबित होगा। इसमें अन्य सुरक्षा उपकरण टेक्नोलॉजी आदि के विस्तार के लिए साइंटिस्ट जो भी सुझाव देंगे, उनको अपना कर किसानों को जल्द उपलब्ध करवाने की सरकार की योजना है।



## खबर संक्षेप

### अयोध्या के लिए सस्ती हो जाएगी फ्लाइट टिकट

**नई दिल्ली।** अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जाने वालों के लिए दस दिन बाद एयर टिकट सस्ती हो जाएगी।10 दिन बुकिंग कराते हैं तो मौजूदा कीमत से महज एक तिहाई यानी 70 फीसदी कम कीमत में एयर टिकट मिल जाएगी। साथ ही, अयोध्या पहुंचने के बाद आपको न ही एयरपोर्ट पर जद्दोजहद करनी पड़ेगी और ना ही भगवान राम के दर्शन में कोई विलंब होगा। मतलब 3 फरवरी से अयोध्या जाने के लिए 3522 से 4408 रुपए के बीच एयर टिकट उपलब्ध रहेगी।



### बकार्डी रमः दुनिया की सबसे लोकप्रिय शराब

**मुंबई।** बकार्डी को 'रम का राजा' कहा जाता है क्योंकि यह दुनिया में सबसे अधिक बिकने वाली रम है। आज यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्रतिष्ठित रम ब्रांडों में से एक है। बकार्डी के संस्थापक डॉन फैनको बकार्डी एक स्पेनिश यहूदी थे, जिन्होंने रम उत्पादन की एक तकनीक विकसित की थी। इस तकनीक के बाद बकार्डी रम ने जल्द ही विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल कर ली। अब इसकी बिक्री 200 से अधिक देशों में की जाती है।



## बंगाल की सीएम ने कालीघाट मंदिर में पहले पूजा-अर्चना की

# ताकि वोट बैंक बना रहे...ममता बेनर्जी ने कोलकाता में सर्वधर्म सद्भाव रैली की

*पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने सोमवार को दोपहर में, कोलकाता में अपनी सर्वधर्म रैली शुरू करने से पहले कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान सीएम ममता बेनर्जी ने मस्जिदों, गिरिजाघरों, गुरुद्वारे सहित विभिन्न धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न पूजा स्थलों का दौरा किया।*

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कोलकाता में सर्वधर्म सद्भाव रैली की शुरुआत की। विभिन्न धर्मगुरुओं और पार्टी नेताओं के साथ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख बेनर्जी ने यहां हाजरा मोड़ से 'संगति मार्च' शुरू किया। सफेद और नीली बॉर्डर वाली सूती साड़ी पहने और गले में शॉल लपेटे बेनर्जी को सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन करते देखा गया।

मुख्यमंत्री ने शहर के कालीघाट मंदिर में पूजा अर्चना के बाद रैली शुरू की। इससे पहले बेनर्जी ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का चुनावी तरीका बताकर आलोचना की थी। मुख्यमंत्री हाजरा मोड़ से रैली का नेतृत्व कर रही हैं। इस दौरान वह मस्जिदों, गिरिजाघरों, गुरुद्वारे सहित विभिन्न धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न पूजा स्थलों का दौरा किया। रैली का समापन पार्क सर्कस मैदान में एक विशाल सभा के साथ किया।

**अलग-अलग धर्मगुरुओं को रैली में किया शामिल**

**भाजपा ने टीएमसी पर लगाया गुमराह करने का आरोप**



### नीले बॉर्डर वाली सफेद साड़ी में दिखीं ममता

*पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने सोमवार को दोपहर में, कोलकाता में अपनी सर्वधर्म रैली शुरू करने से पहले कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की। नीले बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहने ममता बेनर्जी को कालीघाट मंदिर में पूजा अर्चना करते देखा गया। पूजा के बाद, बेनर्जी हाजरा मोड़ से पार्क सर्कस मैदान तक एक सर्वधर्म सद्भाव रैली का नेतृत्व कर रही हैं।*

### भाजपा ने टीएमसी पर लगाए गंभीरआरोप

भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई ने सोमवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार लोगों को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर राज्य के विभिन्न हिस्सों में जश्न समारोहों में भाग लेने से रोकने की कोशिश कर रही है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दिलीप घोष ने कहा कि टीएमसी की संप्रीति (सौहार्द) रैली' लोगों को गुमराह करने की कोशिश है। घोष ने खड़गपुर में एक मंदिर में पूजा-अर्चना कर दिन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि देश में राम मंदिर के उद्घाटन का जश्न मनाए जाने पर पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार सर्व-धर्म रैली आयोजित कर लोगों को ऐसे जश्न समारोहों में भाग लेने से रोकने की कोशिश कर रही है। उनकी इन टिप्पणियों का टीएमसी ने जोरदार खंडन करते हुए कहा कि उसकी 'सर्व-धर्म' रैली का राम मंदिर उद्घाटन से कुछ लेना-देना नहीं है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम पहुंची

# राहुल का आरोप मंदिर जाने से रोका फिर धरने पर बैठे



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम तक पहुंच गई है। ऐसे में राहुल गांधी बोर्दोवा थान पर गए तो उन्हें बाहर ही रोका गया। क्योंकि वहां कि प्रबंधन समिति का कहना है कि राहुल गांधी अपराह्न तीन बजे के बाद ही वहां जाए न कि अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान जाए।इस बीच राहुल धरना पर बैठ गए हैं। जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अधिकारियों द्वारा उन्हें असम के नगांव में श्री श्री शंकर देव सत्र मंदिर में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक सुरक्षा अधिकारी से कहा 'क्या मामला है भाई? क्या मैं जाकर बैरिकेड्स देख सकता हूं? मैंने ऐसी क्या गलती की है कि मुझे मंदिर के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई?राहुल ने मंदिर में जाने से रोके जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्राधिकारियों से पूछा कि 'कौन तय करेंगे कि मंदिर में कौन जाएगा।

### स्मृति ने राहुल पर कसा तंज

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा है कि जब बरसात आती है तो छोटे-छोटे मेंढक निकल आते हैं। उसी तरह अब चुनाव आ रहा है तो लोग आयेंगे और जायेंगे। स्मृति ने कहा कि बरसात जाते ही यह मेंढक गायब हो जाते हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव आ रहा है तो यह लोग आए हैं और उसके बाद चले जाएंगे।

# मुंबई में रैली के दौरान दो समूहों के बीच हुई झड़प, 6 लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अयोध्या में भगवान रामलला के नवनिर्मित मंदिर में, उनके बाल स्वरूप के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समोराह से पहले, मुंबई के बाहरी इलाके में एक वाहन रैली के दौरान रविवार रात को दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प हो गई। इस मामले में छह लोगों को हिरासत में लिया गया।

पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मीरा भायंदर पुलिस थाना क्षेत्र के तहत आने वाले इलाके में रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे तनाव व्याप्त हो गया जब तीन कारों और कई मोटरसाइकिल पर 10 से 12 लोगों का एक समूह नया नगर से रैली निकाल रहा था। रैली के दौरान यह समूह सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर भगवान राम की प्रशंसा में नारे लगा रहा था।



### इसलिए हुई झड़प?

एक अधिकारी ने बताया कि नारे लगाते हुए कुछ लोगों ने कथित तौर पर पटाखे जलाए जिसके बाद स्थानीय लोगों का एक समूह लाठी-डंडे लेकर बाहर निकल आया। उनकी रैली में शामिल लोगों से बहस हुई और उन्होंने उनके वाहनों पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि वाहनों में सवार लोगों से मारपीट भी की गई। पुलिस ने फौरन बीच बचाव किया और हमलावरों को खदेड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

## डरे लोगों ने घर के बाहर लगाई दौड़

# भूकंप से काफी देर तक कांपती रही दिल्ली और एनसीआर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर सोमवार को भूकंप के झटके महससूस किए गए। झटके लगते ही लोग घरों से बाहर आ गए। ऊंची इमारतों में रहने वाले लोगों को ज्यादा जोर के झटके महसूस हुए।

यह झटके दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम, गाजियाबाद सहित आसपास के शहरों में महसूस किए हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में भी लोगों को भूकंप के झटके लगे हैं।



### भूकंप की तीव्रता 7.2

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, सोमवार की रात को 11.39 बजे चीन के दक्षिणी झिंजियांग में भूकंप आया, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.2 मापी गई। भूकंप के झटके चीन के अलावा कजाकिस्तान, ताजिकिस्कान, किर्गिस्तान, भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान में भी लगे।

## सीजेआई चंद्रचूड़ कोर्ट में रहे

# राम मंदिर का न्योता मिला पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को भी अयोध्या में राम मंदिर में बाल राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण भेजा गया था।

चीफ जस्टिस अयोध्या पर शीर्ष अदालत की फैसला सुनाने वाली बेंच का हिस्सा रहे थे। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम चल रहा था। इधर, चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ अपने काम में लगे हुए थे। दरअसल, सोमवार को अदालत में छुट्टी नहीं थी और चीफ जस्टिस मामले की सुनवाई कर रहे थे।



### सुनवाई के लिए बैठे दिखे

सुबह 10 बजे जब कोर्ट खुला तो चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ एक मामले की सुनवाई के लिए बैठे दिखे। केंद्र सरकार ने सोमवार को आधे दिन की छुट्टी की घोषणा कर रखी थी। इसके अलावा कई राज्यों में भी राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर छुट्टी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट में अवकाश नहीं था। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ समेत अन्य जज मामलों की सुनवाई में व्यस्त दिखे।

### राम मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया था

सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में राम मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया था। फैसला देने वाली पांच जजों की संविधान पीठ में उस समय के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस एस.ए बोबड़े, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस अब्दुल नजीर शामिल थे। राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से इन सभी जजों को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण मिला था।

## 26 जनवरी पर खास होगी यूपी की झांकी

# अब कर्तव्य पथ पर दिखेगी अयोध्या के मंदिर की झलक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर साल की तरह देश के सभी राज्य गणतंत्र दिवस पर अपनी झांकी पेश करेंगे। इस बार उत्तर प्रदेश की झांकी 'विकसित भारत समृद्ध विरासत' की थीम पर आधारित है। इसमें प्रदेश के विभिन्न विरासत की झलक दिखाई जाएगी।

झांकी की ट्रेलर पर इस बार प्रारंभ में अयोध्या में बने प्रभु श्रीराम मंदिर और उसके ऊपर विराजे बालक भगवान राम की प्रतिमा होगी। इसमें राज्य के विरासत के साथ-साथ विकास की झलक दिखेगी।



### माघ मेले की दिखेगी झलक

प्रदेश की झांकी में सबसे आगे होगी राम मंदिर में भगवान रामलला की मूर्ति होगी। उसके ठीक पीछे ट्रेलर पर कलश के प्रतीक के साथ दो साधुओं को दिखाया गया है। झांकी की ट्रेलर पर दिखाये गए साधुओं की झलक प्रयागराज में होने वाले माघ मेले एवं 2025 में होने वाले महाकुंभ के प्रतीक हैं।

## अब अर्बन नक्सल पर कसेगी नकेल, केंद्रीय गृहमंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# अमित शाह ने एजेंसियों को दे दिया तीन साल का 'टारगेट'

*देश को विकसित होना है तो तेज प्रगति करनी होगी। इसके लिए देश के दुश्मनों को नेस्तनाबूद करना ही होगा। केंद्र सरकार ने इसकी जरूरत समझते हुए लॉ एन्फोर्समेंट एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वो अर्बन नक्सल्स पर नकेल कसें। गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद के सफाए के लिए तीन वर्ष का टारगेट दिया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के दुश्मन सिर्फ आतंकी, जिहादी और बंदूकधारी नक्सली ही नहीं हैं बल्कि इसे अंदर से खोखला करने का सपना देखने वाले अर्बन नक्सल सबसे बड़ा खतरा हैं। सरकार, पुलिस और सेना आतंकियों, नक्सलियों से तो निपट लेती है, लेकिन 'बुद्धिजीवी' की खाल में छिपे अर्बन नक्सल देश विरोधियों की नई फौज तैयार कर लेते हैं।

इसलिए देश में शांति और प्रगति की नींव मजबूत करनी है तो अर्बन नक्सलों की जमात का समूल विनाश करना ही होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसी मकसद से कानून लागू करने वाली एजेंसियों से कहा है कि वो 'शहरी नक्सलियों' के नाभि नाल पर चोट करें जो उनको देश के दुश्मनों से होने वाली फंडिंग है।

- बंदूकधारी नक्सलियों समर्थन करने वालों पर नकेल
- शाह ने अर्बन नक्सल की फंडिंग रोकने के दिए निर्देश
- तीन वर्ष में नक्सवलाद का नामों निशान नहीं रहना चाहिए



### सरकार बदलने से बदला माहौल

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के गठन के बाद पहली बार वामपंथी उग्रवाद की स्थिति की उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता करते हुए शाह ने देश से नक्सलवाद को तीन साल के भीतर खत्म करने की व्यापक योजना का प्रस्ताव रखा। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई और दोनों उपमुख्यमंत्री, राज्य के डीजीपी, सीआरपीएफ के डीजी, खुफिया ब्यूरो के निदेशक के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### समयबद्ध कार्य योजना तैयार

समयबद्ध कार्य योजना में वामपंथी उग्रवाद के प्रभाव वाले इलाको को और कम करना शामिल है, जिसके लिए जवाबी कार्रवाई करने वाले बलों को 'मुक्त' माओवादी क्षेत्रों में और गहराई तक भेजा जाएगा। एक बार इन क्षेत्रों को माओवादियों के कब्जे से मुक्त करने के बाद सिक्योरिटी फोर्स वहां शिविर स्थापित करेंगे।

### वामपंथी उग्रवाद के खात्मे का अभियान

शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया कि वो वामपंथी उग्रवाद के समर्थकों 'अर्बन नक्सल' की पहचान करके उनकी फंडिंग की गहन छानबीन करें। वामपंथी उग्रवाद के इकोसिस्टम पर अंतिम प्रहार करने और माओवादी फंडिंग को रोकने की रणनीति के तौर पर शाह ने यह कड़ा संदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक बैठक में इस बात पर सहमति थी कि छत्तीसगढ़ में अब भाजपा सरकार होने से विभिन्न नक्सल विरोधी एजेंसियों के बीच समन्वय बेहतर होगा और समयबद्ध योजना को इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए तेजी से और बिना किसी बाधा के जमीन पर उतारा जा सकता है।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तारीख को खिलाड़ियों ने कहा-ऐतिहासिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*22 जनवरी का दिन रामभक्तों के लिए काफी ऐतिहासिक है। सोमवार ही के दिन अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12.20 बजे से हुई। मगर इससे पहले ही देशभर से रामभक्त अयोध्या पहुंच चुके थे। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह शामिल हुए। टीम इंडिया के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की तस्वीर वायरल हो रही है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले भी पहले ही अयोध्या पहुंच गए थे। उनका भी लखनऊ पहुंचने का वीडियो पहले ही वायरल हो गया था। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद पहले से ही अयोध्या में थे। वेंकटेश प्रसाद वहां से तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। प्रसाद का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वेंकटेश वीडियो में कह रहे हैं, 'एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम।'*






### बस राममय हूं



*सहवाग ने एक्स पर लिखा, 'भावुक हूं, आनंदित हूं। मर्यादित हूं, शरणागत हूं। सन्तुष्ट हूं, निःशब्द हूं। बस राममय हूं। सियावर रामचंद्र जी की जय। राम लला आ गए। सभी जिन्होंने इसको सम्भव किया, बलिदान दिया, उनका कृतज्ञ। जय श्री राम।'*

*- वीरेन्द्र सहवाग*

### जय श्री राम



*'खुशी के आंसू और दिल भक्ति और खुशी से भरे हुए। सियावर रामचन्द्र जी की जय। जय श्री राम।'*

*- वीवीएस लक्ष्मण*

### यह एक अद्भुत अवसर



'यह एक अद्भुत अवसर है, एक बहुत ही दिव्य अवसर। इसका हिस्सा बनकर धन्य हूं। यह ऐतिहासिक है। राम लला से आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं।'

- अनिल कुंबले

## राम मंदिर से शांति और आध्यात्मिक ज्ञान बढ़ेगा



***जोहानिसबर्ग।*** *दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सराहना करते हुए उम्मीद जतायी कि यह पूरी मानवता के लिए शांति और सद्भाव लाएगा। महाराज जब क्रिकेट के मैदान पर उतरते हैं तब आम तौर पर स्टेडियम में 'राम सिया राम' की धुन बजने लगती है। इस 33 साल के वामहस्त स्पिनर ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की सराहना करते हुए अपने सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो साझा किया।इस वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, 'मैं महेश कुमार (जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूत) और दक्षिण अफ्रीका में पूरे भारतीय समुदाय को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यह सभी के लिए शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक ज्ञान लाए।' केशव महाराज के परिवार का ताल्लुक मूल रूप से उत्तर प्रदेश ये है। उन्होंने हाल ही में एक साक्षात्कार में भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि इस धुन से वह सहज महसूस करते हैं।*

## खबर संक्षेप



### रोहित उदाहरण पेश करने वाले कप्तान

**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने रोहित शर्मा को 'जिम्मेदारी लेने वाला कप्तान' बताते हुए शुक्रवार को कहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में एक कप्तान और बल्लेबाज दोनों के रूप में अच्छा योगदान देंगे। जहीर ने 'जियो सिनेमा' पर कहा, 'हर कोई जानता है कि रोहित ने पूरी टीम पर कैसा प्रभाव डाला है।' जहीर ने कहा कि रोहित की कप्तानी की पहचान उनकी अच्छी तरह से संवाद करने की क्षमता है।

### भारतीय डेविस कप टीम ने शुरू की तैयारी



**नई दिल्ली।** भारतीय डेविस कप टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाले आगामी डेविस कप मुकाबले के लिए यहां कड़ाके की ठंड में आयोजित शिविर में तैयारी शुरू कर दी है। इस तैयारी शिविर में टीम का ध्यान अभ्यास के साथ दूसरे एकल मुकाबले को खेलने वाले खिलाड़ी को तय करने पर होगा। रामकुमार रामनाथन टीम में एकमात्र एकल विशेषज्ञ खिलाड़ी हैं। कप्तान रोहित राजपाल को दूसरा एकल खेलने के लिए युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी में से किसी एक को चुनना होगा।

### क्वालीफाई न कर पाना निराशाजनक



**कराची।** पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम ओमान में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में न्यूजीलैंड से 2-3 से हार कर पेरिस खेलों में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई। अतीत में हॉकी की सर्वश्रेष्ठ टीमों में शामिल रहे पाकिस्तान की इस हार को देश के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने निराशाजनक करार दिया। इस ओलंपिक क्वालीफायर से शीर्ष तीन टीमों को ओलंपिक की टिकट मिली। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जर्मनी से 0-4 से हारने के बाद, पाकिस्तान रविवार को तीसरे स्थान के मैच में न्यूजीलैंड से हार गया।

### एंडरसन की रन-अप में बदलाव की सराहना



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेरेन गॉफ ने जेम्स एंडरसन की खेल के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की प्रशंसा की है क्योंकि इस 41 वर्षीय तेज गेंदबाज ने भारत में पांच टेस्ट मैचों की कठिन श्रृंखला से पहले अपने रन-अप में बदलाव किया है। लगभग तीन दशकों में इंग्लैंड के लिए किसी विदेशी टेस्ट में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने जा रहे एंडरसन ने एक साक्षात्कार में कहा था कि वह गति और लय हासिल करने के लिए बेहतर रन-अप के साथ आ रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : कूलहोफ और मेकटिक को 7-6 7-6 से हराया

# बोपन्ना-एब्डेन की शानदार जीत क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सोमवार को यहां नीदरलैंड के वेस्ली कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिक की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत और ऑस्ट्रेलिया की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कूलहोफ और मेकटिक की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी के खिलाफ 7-6 7-6 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने दोनों सेट में शुरुआत में ही सर्विस गंवाई लेकिन 14वीं वरीय जोड़ी के खिलाफ वापसी करते हुए जीत दर्ज की। बोपन्ना और एब्डेन क्वार्टर फाइनल में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोलटेनी की अर्जेन्टीना की छठी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।



### प्री क्वार्टर फाइनल मैच का रोमांच

*बोपन्ना की सर्विस ने शुरुआत में उन्हें निराश किया। पहले सेट के दूसरे गेम में उनकी सर्विस तोड़कर विरोधी जोड़ी ने 15 मिनट के भीतर 3-0 की बढ़त बना ली। हाल में डेविस कप से संन्यास लेने वाले बोपन्ना ने हालांकि कुछ शानदार बैकहैंड के साथ वापसी करते हुए अंक जुटाए। पहले सेट के सातवें गेम में कूलहोफ और मेकटिक की जोड़ी ने कुछ सहज गलतियां की और भारत-ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को वापसी का मौका दिया। बोपन्ना ने इसके बाद नेट पर शानदार खेल दिखाया और ढेरो अंक बटोरे। दूसरे सेट की शुरुआत में भी बोपन्ना ने सर्विस गंवाई जिससे नीदरलैंड-क्रोएशिया की जोड़ी 4-2 से आगे हो गई। आठवें गेम में बोपन्ना और एब्डेन ने एक बार फिर विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़कर वापसी की। टाईब्रेकर में बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी ने 3-0 की बढ़त बनाई और फिर सेट और मैच जीत लिया।*

### मेदवेदेव ने दर्ज की जीत

दानिल मेदवेदेव ने सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने सोमवार को नुनो बोर्गेस को 6-3 7-6 5-7 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### डायना की धमाकेदार जीत

डायना यास्त्रेमस्का और लिंडा नोसकोवा भी पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के महिला एकल के अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रहे। यास्त्रेमस्का ने महिला एकल में दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को सीधे सेट में 7-6 6-4 से हराया जबकि 18वें नंबर की एलिना स्वितोलिना जब नोसकोवा से 0-3 से पीछे चल रहीं थी तो उन्होंने पीठ की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया।

## दीपक और निशांत भारतीय मुक्केबाजी टीम में शामिल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया और निशांत देव को भारत की नौ सदस्यीय मुक्केबाजी टीम में जगह मिली है। दोनों 29 फरवरी से 12 मार्च तक इटली के बुस्तो अरसिजियो में होने वाले पहले क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के साथ पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

छह बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया (60 किग्रा) को भी भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा सोमवार को घोषित भारतीय टीम में जगह मिली है। दीपक (51 किग्रा) ने बीएफआई की मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल को पछाड़कर टीम में जगह बनाई। दीपक और निशांत (71 किग्रा) के अलावा 2022 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) की टीम में वापसी हुई है। युवा महिला विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किग्रा), गत राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत कुमार (92 किग्रा), हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) को भी टीम में जगह दी गई है।

### भारतीय टीम

**महिला:** जैस्मिन लंबोरिया (60 किग्रा), अंकुशिता बोरो (66 किग्रा)। पुरुषः दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (92 किग्रा से अधिक)।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के पूल बी में शामिल

एजेंसी ▶▶| लुसाने

एशियाई खेलों के चैंपियन और टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत को इस साल के पेरिस ओलंपिक खेलों में पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में कठिन पूल बी में रखा गया है।

आठ बार के चैंपियन भारत ने टोक्यो में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। भारत के साथ पूल बी में ओलंपिक चैंपियन और विश्व



रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेल्जियम, बेहद मजबूत ऑस्ट्रेलिया, रियो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड की टीमें हैं। भारत वर्तमान में बेल्जियम और नीदरलैंड के बाद विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है। टीम के लिए टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना को हराना मुश्किल साबित होगा। इस बीच, पूल ए में नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने रविवार को एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के पूरा होने के बाद पुरुष और महिला हॉकी प्रतियोगिता के पूल की घोषणा की। पेरिस में भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व नहीं होगा।

### सूर्यकुमार सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान

***दुबई।*** *मध्यक्रम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया है। इसमें सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, स्पिनर रवि बिश्नोई और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के रूप में तीन और भारतीयों को जगह मिली है। आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में 11 बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है जिन्होंने साल भर में अपने बल्ले, गेंद या ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित किया हो। सूर्यकुमार को लगातार दूसरे साल टीम में जगह मिली है।*

***टीम :*** *सूर्यकुमार यादव (कप्तान, भारत), फिल सॉल्ट (इंग्लैंड), यशस्वी जायसवाल (भारत), निकोलस पूरण (वेस्टइंडीज, विकेटकीपर), मार्क चैपमैन (न्यूजीलैंड), रवि बिश्नोई (भारत), अर्शदीप सिंह (भारत), सिकंदर रजा (जिंबाब्वे ), अल्पेश रामजानी (युगांडा), मार्क एडेयर (आयरलैंड) और रिचर्ड नगारवा (जिंबाब्वे) को भी टीम में जगह मिली है।*

**इंडोनेशियन मास्टर्स : युगल जोड़ी ने दिया काम के बोझ का हवाला**

## सात्विक-चिराग हटे, भारत की अगुवाई करेंगे प्रणय

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

स्टार एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे क्योंकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की दूसरे नंबर की पुरुष युगल जोड़ी टूर्नामेंट से हट गई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए काम के बोझ को कम करने के लिए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

भारतीय जोड़ी के हटने से टूर्नामेंट की चमक कुछ कम होगी लेकिन दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। पुरुष एकल में 32 खिलाड़ियों में




ड्रॉ में सातवीं वरीयता के साथ प्रणय एकमात्र वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी हैं। वह अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर के लोह कीन यीयु के खिलाफ करेंगे जिनके खिलाफ उनकी जीत-हार का रिकॉर्ड 4-1 है। महिला युगल और मिश्रित युगल में भारत की कोई जोड़ी नहीं उतरेगी।

## भारत का इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरु होगी टेस्ट मैचों की श्रृंखला

# कोहली निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट से हटे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैच से हट गए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने साथ ही प्रशंसकों और मीडिया से अपील की कि वे इस स्टार क्रिकेटर के ब्रेक लेने के कारणों पर अटकलें लगाना बंद करें। पांच मैच की श्रृंखला हैदराबाद में 25 जनवरी से शुरू होगी।

बीसीसीआई जल्द ही उनके विकल्प की घोषणा करेगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बयान में कहा, 'विराट कोहली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड से निजी कारणों



से इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट से उन्हें हटाने का आग्रह किया है। विराट ने कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है और जोर देते हुए कहा कि देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा उनकी शीर्ष प्राथमिकता है लेकिन कुछ निजी स्थितियों में उनकी मौजूदगी की जरूरत है।बीसीसीआई उनके फैसले का सम्मान करता है और बोर्ड तथा टीम प्रबंधन ने स्टार बल्लेबाज को अपना समर्थन दिया है और टेस्ट श्रृंखला में सराहनीय प्रदर्शन करने के लिए टीम के बाकी सदस्यों की क्षमताओं पर भरोसा है।' उन्होंने सभी से अपील की कि वे कोहली की निजता का सम्मान करें।

### पहले भी ले चुके ब्रेक

इससे पहले भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान उन्होंने निजी कारणों से संक्षिप्त ब्रेक लिया था जहां वह आपस में दो टीम बनाकर खेले गए मैच में नहीं खेले थे और दक्षिण अफ्रीका पहुंचने के कुछ दिन के भीतर लंदन गए थे। कोहली ने इससे पहले चोट के अलावा ब्रेक 2021 में पितृत्व अवकाश के रूप में लिया था जब उनकी बेटी वमिका का जन्म हुआ था। माना जा रहा है कि भारत 'ए' टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले मध्य प्रदेश के रजत पाटीदार और मुंबई के सरफराज खान कोहली की जगह लेने के प्रबल दावेदार हैं।

## मैक्सवेल के अस्पताल में भर्ती होने की जांच कर रहा सीए



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जांच शुरू कर दी है जिन्हें पिछले हफ्ते एडीलेड में देर रात पार्टी करने के बाद अस्पताल ले जाना पड़ा था। मैक्सवेल मदिरा पी रहे थे और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली की मौजूदगी वाले बैंड 'सिक्स एंड आउट' का कंसर्ट देख रहे थे जब उनकी तबीयत बिगड़ गई। सीए ने कहा है कि उसे मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जानकारी है। इस ऑलराउंडर ने पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

'ईएसपीएन क्रिकइंफो' के अनुसार सीए ने बयान में कहा, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को सप्ताहांत एडीलेड में ग्लेन मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जानकारी है और आगे की सूचना मांगी जा रही है।'पिछले हफ्ते फाइनल में जगह बनाने में असफल होने के बाद बिग बैश लीग टीम मेलबर्न स्टार्स की कप्तानी छोड़ने वाले मैक्सवेल को दो से छह फरवरी तक वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की 13 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है।




# नीरज का दोहरा प्रदर्शन, एनएसटी की दूसरी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीरज मिलन के दोहरे प्रदर्शन की मदद से एनएसटी ने जनसंपर्क को 13 रनों से हराकर 29वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 में दूसरी जीत दर्ज की है। वह इस जीत से ग्रुप बी की पाइंट टेबल में दूसरे स्थान पर आ गई है। दिन के दूसरे मैच में हमीदिया ने महाबली इलेवन को सात विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महाबली हारकर भी अंतिम आठ में प्रवेश कर गई। ओल्ड कैंपियन मैदान पर सोमवार को एनएसटी ने 20 ओवर में छह विकेट पर 122 रन बनाए। इसमें मोहन और अजय ने 21-21 रन बनाए। नीरज मिलन ने 19 रन बनाए। मृदुल पाठक ने दो विकेट लिए। जवाब में जनसंपर्क टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 109 रन ही बना सकी।

- आज के मैच
- पीपुल्स बनाम स्वदेश सुबह 9 बजे से
- नगर निगम बनाम डीजीपी इलेवन 12.30 बजे से



## खेलो इंडिया यूथ गेम्स चैन्नई में छायी मप्र अकादमी

# बॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते क्वार्टर फाइनल मुकाबले, मप्र के 5 मैडल पक्के!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चैन्नई में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मध्य प्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी के पांच खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमी फाइनल में जगह बनाई और मध्य प्रदेश के लिए पांच मैडल पक्के कर लिए हैं।

सेमी फाइनल मुकाबला मंगलवार को खेला जाएगा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सोमवार को खेले गए बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अकादमी की खिलाड़ी मुस्कान ने 52 किलोग्राम भार वर्ग में तमिलनाडु की खिलाड़ी, खुशी सिंह ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में पंजाब की खिलाड़ी और अंजलि सिंह ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में महाराष्ट्र की खिलाड़ी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसी तरह बालक वर्ग में अकादमी के खिलाड़ी आयुष यादव ने 75 किलोग्राम भार वर्ग और प्रशांत ने 80 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा के खिलाड़ियों को मात देकर सेमी फाइनल में जगह बनाई।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स चैन्नई में उक्त पांचों खिलाड़ी मध्य प्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक रोशन लाल के मार्गदर्शन में भाग लेकर प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।


खुशी सिंह


मुस्कान


अंजलि सिंह


प्रशांत


आयुष यादव




जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो
सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's डा. ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल को जानू बस्ती थेरेपी में इस्तेमाल करने का तरीका

जानू बस्ती थेरेपी क्या है

वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये

इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है

आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।





24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com
Available at all medical & general stores




अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930